राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 21
लखनऊ, शुक्रवार 19 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





धरातल पर उतरेंगी पांच लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं : योगी 03

बीते 48 घंटे में 10 सेंटीमीटर बढ़ा गंगा का जलस्तर 10


## अमेरिका ने ड्रग्स तस्करी के आरोप में भारतीयों के वीजा रोके

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने कुछ बिजनेस और कॉर्पोरेट से जुड़े भारतीयों पर नशीले पदार्थ फेंटेनाइल की तस्करी के आरोप लगाते हुए उनके वीजा रद्द कर दिए हैं। दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

दूतावास का कहना है कि अमेरिकियों को खतरनाक सिंथेटिक नशीले पदार्थ से सुरक्षित रखने के लिए ट्रम्प प्रशासन के सख्त रूख के चलते यह निर्णय लिया गया है। दूतावास का कहना है कि इस निर्णय के चलते अब इन बिजनेस एग्जीक्यूटिव और कॉरपोरेट लीडर और उनके करीबी रिश्तेदार अमेरिकी अमेरिकी यात्रा नहीं कर पाएंगे। अमेरिकी दूतावास के चार्ज डी एफेयर जॉर्गन एंड्रयूज ने कहा, नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। अमेरिका में मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन और तस्करी में शामिल व्यक्तियों और संगठनों सहित उनके रिश्तेदारों को परिणाम भुगतने होंगे।

## नवरात्रि पर रोडवेज के बेड़े में शामिल होंगी 200 बसें

**लखनऊ ।** नवरात्रि के मौके पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम नई बसों का बेड़ा शामिल करेगा। निगम ने 200 नई एयर-कंडीशंड (एसी) बस नवरात्र के मौके पे सेवा में शामिल होंगी। ये बसें जल्द ही प्रदेश की सड़कों पर दौड़ेंगी। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि ये बसें अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं। इनमें 2म2 रीक्लाइन सीटें हैं, जो लंबी दूरी की यात्रा में यात्रियों को आराम और सुविधा प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का मकसद यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक परिवहन सुविधा देना है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# 30 अक्टूबर को हो सकता है नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन

▸ तैयारी में जुटे अफसर प्रधानमंत्री मोदी कर सकते हैं उद्घाटन

समृद्धि न्यूज



**गौतमबुद्ध नगर।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के 30 अक्टूबर को उद्घाटन होने संबंधी बयान के बाद यमुना प्राधिकरण (यीडा) में सरगर्मियां बढ़ गई हैं।

केंद्रीय मंत्री के बयान के बाद अधिकारियों ने दावा किया कि एयरपोर्ट का निर्माण कर रही कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल) 25 अक्टूबर तक सभी काम पूरा कर लेगी। चर्चा है कि नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र कर सकते हैं। हालांकि अभी इसकी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। सीईओ ने नोएडा एयरपोर्ट पर निरीक्षण कर प्रोजेक्ट को लेकर जानकारी ली।

अधिकारियों के मुताबिक परिसर में उन्होंने नायल और यापल के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें बिंदुवार एयरपोर्ट के शुरू करने के लिए जरूरी कामों पर अपडेट लिया गया था।

नायल के अधिकारियों का भी कहना है कि कमोबेश सभी काम हो पूरे हो चुके हैं। अब केवल फिनिशिंग वर्क बचा हुआ है। यात्रियों की आवाजाही शुरू होने से पहले इन फिनिशिंग वर्क को पूरा कर लिया जाना है। करीब छह हजार कर्मचारी दिन-रात काम में लगे हुए हैं। एयरपोर्ट पर उड़ान शुरू करने के लिए जरूरी ट्रायल पहले ही कराए जा चुके हैं।

### उद्घाटन के लिए औपचारिक आदेश का इंतजार : सीईओ

गुरुवार को यमुना विकास प्राधिकरण और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रोजेक्ट की नियमित समीक्षा की जा रही है। यापल ने 25 अक्टूबर तक काम पूरा होने की रिपोर्ट दी है। इसके बाद एयरपोर्ट उद्घाटन के लिए तैयार हो सकेगा और जल्दी ही यहां से उड़ानें शुरू की जाएंगी। सीईओ सिंह का कहना है कि उद्घाटन के लिए औपचारिक आदेश का इंतजार है। फिलहाल अभी कोई आदेश यमुना प्राधिकरण या नायल को नहीं मिला है। पूर्व में मिले निर्देश के मुताबिक प्राधिकरण अक्टूबर के अंत या नवंबर की शुरुआत में एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए तैयार है।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| | | |
|---|---|---|
| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = | 1,11,320/ |
| 22 कैरेट | = | 10,2050/ |
| 18 कैरेट | = | 83,470/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,31,000/ |



# मतदाता सूची से ऑनलाइन नहीं हटाया जा सकता नाम

▸ चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों को बताया बेबुनियाद

एजेंसी




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक पत्रकार वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लगाए गए आरोपों को गलत और बेबुनियाद बताया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि बिना सुनवाई के और वह भी ऑनलाइन माध्यम से किसी का भी नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जा सकता। इस तरह का 2023 में प्रयास किया गया था जिस पर स्वयं आयोग ने प्राथमिकी दर्ज कराई है।

राहुल गांधी ने आज कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि 6 हजार से अधिक लोगों के वोट कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र से हटाए गए। चुनाव आयोग ने इस पर कहा कि राहुल गांधी के आरोप गलत और निराधार हैं। कोई आम नागरिक किसी के भी वोट को ऑनलाइन नहीं हटा सकता। साथ ही प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना भी वोट को हटाया नहीं जा सकता। राहुल के पत्रकार वार्ता में दिए उदाहरण पर आयोग ने कहा कि 2023 में आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की जांच के लिए स्वयं चुनाव आयोग ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आयोग ने इस बात का उल्लेख किया है कि आलंद विधानसभा क्षेत्र से 2023 में कांग्रेस नेता बीआर पाटिल (कांग्रेस) ने जीत हासिल की थी। इससे पहले 2018 में वहां भाजपा के सुभाध गुट्टेदार जीते थे।

### स्वतंत्र संस्था होने के बावजूद अपनी भूमिका से भटक गया आयोग

**बबिता का वोट काटा गया, जिसके लिए सूर्यकांत का नाम दुरुपयोग हुआ : राहुल गांधी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कथित वोट चोरी के मुद्दे पर कहा कि संविधान बचाना उनकी (नेता प्रतिपक्ष) जिम्मेदारी नहीं है, यह देश के संस्थानों का काम है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग खुद एक संस्थान है लेकिन वह वोट चोरी में मदद कर रहा है। अब देश के लोग इस चोरी के खिलाफ उनके साथ आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के नए मुख्यालय में उन्होंने एक महीने में दूसरी बार (पहले 7 अगस्त को) गुरुवार को कथित वोट चोरी के मुद्दे पर संवाददाता सम्मेलन करते हुए कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में 6,018 मतदाताओं के नाम हटाए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह सारे नाम उन जगहों पर हटाए गए जहां 10 में से 8 मतदान केंद्रों पर कांग्रेस पार्टी ने एकतरफा जीत दर्ज की थी। राहुल ने इस घटना को सुनियोजित साजिश करार देते हुए कहा कि यह लोकतंत्र पर हमला है। राहुल ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग स्वयं इस कथित वोट चोरी में संलिप्त है, जो एक स्वतंत्र संस्था होने के बावजूद अपनी भूमिका से भटक गया है। जनता उनके साथ इस अन्याय के खिलाफ खड़ी हो रही है और चुनाव आयोग के लोग उन्हें गोपनीय जानकारी दे रहे हैं। कर्नाटक के दो मतदाता, बबिता और सूर्यकांत को मंच पर बुलाया। राहुल ने कहा कि बबिता का वोट काटा गया, जिसके लिए सूर्यकांत का नाम दुरुपयोग हुआ। हालांकि सूर्यकांत से इसके बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इसके बारे में कुछ पता ही नहीं।



## आनंद मैरिज एक्ट के तहत हो सिख शादियों का रजिस्ट्रेशन 17 राज्यों को सुप्रीम आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 17 राज्यों और 7 केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे 1909 के आनंद मैरिज एक्ट के तहत सिख शादियों (आनंद कारज) की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था 4 महीने में लागू करें। कोर्ट ने कहा कि नियम न बनने से सिख नागरिकों के साथ असमान व्यवहार हो रहा है और यह संविधान के समानता के अधिकार का उल्लंघन है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा, जब तक राज्य अपने नियम नहीं बनाते, तब तक सभी जगह आनंद कारज शादियों को मौजूदा विवाह कानूनों (जैसे स्पेशल मैरिज एक्ट) के तहत रजिस्टर्ड किया जाए। अगर दंपति चाहें तो विवाह प्रमाणपत्र में साफ लिखा जाए कि शादी आनंद कारज रीति से हुई है। यह आदेश उन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों पर लागू होगा जिन्होंने अब तक नियम नहीं बनाए हैं, जिनमें उत्तराखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु, झारखंड, यूपी, असम, बंगाल, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र, तेलंगाना, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अरुणाचल, गोवा, मणिपुर और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़, लक्षद्वीप, दमन-दीव, पुडुचेरी और अंडमान-निकोबार शामिल हैं। याचिका अमनजोत सिंह चड्ढा ने दायर की थी।

## यूपी में 16 आईपीएस के तबादले अशोक मीना हरदोई के नए कप्तान

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** यूपी ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुये दस जिलों के कप्तान समेत भारतीय पुलिस सेवा के 16 अधिकारियों का तबादला कर दिया है।

गुरुवार को जारी तबादला सूची के अनुसार आजमगढ़, देवरिया, अलीगढ़, उन्नाव, कुशीनगर, प्रतापगढ़, औरैया, सोनभद्र , हरदोई, अंबेडकरनगर के पुलिस अधीक्षक बदल दिए गये हैं। पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा, लखनऊ में तैनात जय प्रकाश सिंह को उन्नाव का एसपी बनाया गया है। अलीगढ़ के एसएसपी संजीव सुमन को देवरिया का एसपी बनाया गया है। हरदोई के एसपी नीरज कुमार जादौन को अलीगढ़ का एसएसपी बनाया गया है। सोनभद्र के एसपी अशोक कुमार मीना को पुलिस अधीक्षक, हरदोई की जिम्मेदारी मिली है। एसपी, रेलवे आगरा में तैनात अभिषेक वर्मा को सोनभद्र का एसपी बनाया गया है।एसपी, उन्नाव दीपक भूकर को प्रतापगढ़ का एसपी बनाया गया है। एसपी, प्रतापगढ़ डॉ अनिल कुमार-।। को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ बनाया गया है। अंबेडकरनगर के एसपी केशव कुमार को कुशीनगर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। औरैया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर को पुलिस अधीक्षक, अंबेडकरनगर बनाया गया है। प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त अभिषेक भारती को औरैया का एसपी बनाया गया है।वहीं दूसरी ओर आजमगढ़ के एसएसपी हेमराज मीना को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उप्र भेजा गया है। कुशीनगर के एसपी संतोष कुमार मिश्रा को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उप्र भेजा गया है। देवरिया के एसपी विक्रांत वीर को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक भेजा गया है। प्रयागराज में 4 वाहिनी पीएसी में सेनानायक मनीष कुमार शांडिल्य को प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त की जिम्मेदारी मिली है। पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, बलिया के रूप में तैनात अनिल कुमार झा को पुलिस अधीक्षक, रेलवे आगरा बनाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### म.प्र बना 'सायबर भारत सेतु' का अभ्यास वाला पहला राज्य

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बढ़ती डिजिटल निर्भरता और सायबर सुरक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एमपी-सीईआरटी एवं केन्द्र सरकार के सीईआरटी-इन, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से ब्रिजिंग स्टेट्स, सिक्योरिंग भारत विषय पर दो दिवसीय सायबर सुरक्षा अभ्यास 'सायबर भारत सेतु' का गुरुवार को भोपाल में शुभारंभ हुआ। इस आयोजन से मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया, जहां 'सायबर भारत सेतु' का व्यापक अभ्यास किया गया है।

### पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र 26 सितंबर से

**चंडीगढ़।** पंजाब में आई बाढ़ के मद्देनजर राज्य सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र बुला लिया है। यह सत्र 26 से 29 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान ने गुरुवार की शाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने पोस्ट में लिखा कि पंजाब में बाढ़ के कारण हुई तबाही के मद्देनजर राज्य सरकार ने लोगों के हित में एक फैसला लिया है। यह सत्र बाढ़ प्रभावित लोगों को मुआवजा देने के संबंध में चर्चा करने के लिए बुलाया गया है।

### चमोली में बादल फटने से कई भवन धराशाई, 10 लोग लापता

**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम का कहर रुकने का नाम नहीं रहा है। सोमवार को देहरादून में आई प्रलय के बाद गुरुवार सुबह चमोली जनपद की नगर पंचायत नंदानगर में आफत की बारिश (अतिवृष्टि) हुई है। जिसमें कुल छह भवन ध्वस्त हो गए हैं, जबकि दस लोग लापता हैं। दो लोगों को बचा लिया गया है। धुर्मा गांव में भी कई भवन धराशाई हुए हैं। यहां दो लोग, जबकि ग्राम सर्पाणि में दो व्यक्तियों के लापता होने की सूचना मिली है। इस प्रकार कुल दस लोग लापता होने की प्रारंभिक जानकारी है।

## दिल्ली में 72 देशों के राजनयिकों ने मां के नाम पर किया पौधारोपण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में 72 से अधिक देशों के 75 राजदूतों, उच्चायुक्तों और मिशन प्रमुखों ने गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी मां के नाम पर पौधरोपण किया। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शुरू सेवा पखवाड़ा के तहत दिल्ली के पीबीजी ग्राउंड में यह वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि ये पूरे विश्व के लिए बहुत बड़ा आयोजन है। प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम की अपील हमें यह एहसास दिलाती है कि धरती को बचाना सबकी जिम्मेदारी है।

## रेलवे सैलेरी पैकेज का लाभ अब सेवानिवृत्त कर्मियों को भी मिलेगा

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** रेलवे कर्मचारियों के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा ने 'रेलवे सैलेरी पैकेज' का दायरा बढ़ाकर इसे सेवानिवृत्त कर्मचारियों तक भी विस्तारित करने का निर्णय लिया है। बड़ौदा हाउस स्थित उत्तर रेलवे के प्रधान कार्यालय में गुरुवार को बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में स्वीकृति प्रदान की गई।

पैकेज के अंतर्गत सेवारत व सेवानिवृत्त दोनों प्रकार के रेलवे कर्मचारी 70 वर्ष की आयु तक बैंक की विभिन्न वित्तीय सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इसमें दुर्घटना की स्थिति में 100 लाख रुपये तक, वायु दुर्घटना की स्थिति में 225 लाख रुपये तक बीमा राशि का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त 10 लाख रुपये का ग्रुप टर्म लाइफ बीमा, पुत्री विवाह और उच्च शिक्षा के लिए 10-10 लाख रुपये का बीमा लाभ भी उपलब्ध कराया जाएगा। महाप्रबंधक वर्मा ने इस पहल को रेलवे कर्मचारियों के सतत कल्याण के प्रति उत्तर रेलवे की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल सेवारत कर्मचारियों बल्कि सेवानिवृत्ति के बाद भी कर्मचारियों की वित्तीय सुरक्षा और सामाजिक सहारा सुनिश्चित करेगी।

## महोबा में वोटर लिस्ट में बड़ा घोटाला, एक मकान में चार हजार वोटर

**लखनऊ।** महोबा जिले में वोटर लिस्ट में बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। जांच शुरु हो गई है, जिम्मेदार अब नपेंगे। यहां कुलपहाड़ तहसील की ग्राम पंचायत जैतपुर और पनवाड़ी में मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी उजागर हुई है। जैतपुर ग्राम पंचायत के मकान संख्या 803 में 4271 मतदाताओं के नाम दर्ज पाए गए। पनवाड़ी ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 13, बजनापुरा में मकान नंबर 996 पर 243 मतदाता और मकान नंबर 997 पर 185 मतदाता दर्ज मिले। एक ही मकान नंबर पर इतने मतदाताओं के नाम होना स्थानीय निर्वाचन कर्मियों की बड़ी लापरवाही को दर्शाता है।

## पत्नी की दसवीं के दिन पति समेत तीन की मौत

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** पत्नी की दसवीं के दिन एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। वह अपने ममेरे भाइयों के साथ बुधवार रात में नाव से नदी पार कर रहे था। अचानक नाव पलट गई और वे नदी में डूब गए। अगले दिन गुरुवार सुबह गोताखोरों ने नदी से शवों को निकाला। पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मामला थाना कैसरगंज क्षेत्र के निंदीपुर गांव का है। मरने वाले दो युवक लखनऊ के थे। मजरा ठाकुर पुरवा निवासी अजय (28) की 6 साल पहले आरती (25) से शादी हुई थी। इनका 4 साल का एक बेटा है। 7 माह की गर्भवती थी। अजय की पत्नी का लखनऊ में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही उनकी मौत 10 दिन पहले हुई थी। बुधवार को उनका दसवां संस्कार था। इसमें शामिल होने अजय के ममेरे भाई गोपी निषाद (19) और अंकुश निषाद (16) लखनऊ के राजाजीपुरम से बहराइच आए थे। रात करीब साढ़े 8 बजे कार्यक्रम खत्म होने के बाद सभी बैठे थे। अजय, गोपी और अंकुश के साथ गांव के सरयू नदी में नाव की सैर करने चले गए। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस रात में गांव पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों से लेने के बाद उन्हें ढूंढने के लिए नदी की तरफ गए। पुलिस ने डूबने की आशंका से गोताखोरों की मदद से तीनों की तलाश कराई।

### एक-एक करके मिले तीनों के शव

गुरुवार सुबह करीब 7 बजे ग्रामीणों को गोपी का शव घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर उतराता मिला। वहां से कुछ दूर आगे नाव और पतवार भी नदी से बरामद हुई है। पुलिस ने गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से तलाश जारी रखी। सुबह 11 अजय व अंकुश का भी शव कुछ दूरी पर झाड़ियों में फंसा हुआ बरामद हुआ। एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर तहसीलदार कैसरगंज तैनात है। पुलिस बल स्थानीय गोताखोरों के साथ नदी में सर्च अभियान में जुटा है। पीएसी बल भी बुलाया गया हैं लेकिन नाव व तीनों शव बरामद कर लिया गया है।

## ड्रग उत्पादक व निर्यातक देशों में भारत को शामिल करना शर्मनाक : अखिलेश

▸ कहां गई वह विदेश नीति जिसका डंका पीटा जा रहा था : सपा अध्यक्ष

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** ड्रग उत्पादक व निर्यातक देशों में चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान समेत 23 देशों की सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत को शामिल किए जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कड़ा विरोध जताया है।

उन्होंने ड्रग उत्पादक और निर्यातक देशों में शामिल किया जाना देश के लिए बेहद शर्मनाक है। साथ ही उन्होंने पूछा है कि कहां गई वह विदेश नीति जिसका डंका पीटा जा रहा था। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जिस अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए भाजपा के लोग हवन पूजन करते फिर रहे थे, जीत की कामना कर रहे थे और खुशियां मना रहे थे, पटाखे फोड़ रहे थे उसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत का घोर अपमान किया।

## सात प्राकृतिक स्थल यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों की संभावित सूची में शामिल

**नई दिल्ली।** पंचगनी, नागाहिल ओफिओलाइट सहित देश के सात प्राकृतिक विरासत स्थलों को यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों की संभावित सूची में शामिल कर लिया गया है। इसके साथ ही इस संभावित सूची में भारत के विरासत स्थलों की संख्या 62 से बढ़कर 69 हो गई है। अब भारत के पास यूनेस्को द्वारा विचाराधीन कुल 69 स्थल हैं, जिनमें 49 सांस्कृतिक, 17 प्राकृतिक और 3 मिश्रित विरासत स्थल शामिल हैं। गुरुवार को जारी संस्कृति मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार यूनेस्को के प्रोटोकॉल के तहत प्रतिष्ठित विश्व विरासत सूची में नामांकित होने के लिए किसी भी स्थल का संभावित सूची में शामिल होना आवश्यक है।

उम्मीद | गृह मंत्री अमित शाह ने डेहरी-ऑन-सोन में शाहाबाद व मगध प्रक्षेत्र के 10 जिलों के कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# बिहार में दो तिहाई बहुमत से राजग सरकार बनाने का लक्ष्य

एजेंसी

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद डेहरी-ऑन-सोन में शाहाबाद और मगध प्रक्षेत्र के 10 जिलों के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।



उन्होंने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का लक्ष्य सरकार बनाना नहीं, बल्कि दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाना है।

अमित शाह ने कहा कि 10 जिलों के सभी कार्यकर्ता संकल्प लें कि वो मोदी की नेतृत्व में बिहार में सरकार बनाएंगे। नीतीश की सरकार ने जो कुछ बिहार के लिए किया है। उसे घर-घर तक पहुंचाएंगे। इसके बाद अमित शाह ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि आपकी आवाज राहुल गांधी तक जाना चाहिए। घुसपैठिये को वोट का अधिकार है क्या, घुसपैठियों को राशन मिलना चाहिए, उनको आयुष्मान कार्ड मिलना चाहिए, उनको वोट देने का अधिकार है क्या? अमित शाह के इन सवालों पर वहां मौजूद लोगों ने नहीं में जवाब दिया। ये आएंगे तो घुसपैठिये बढ़ाएंगे, राजग आएगा तो बिहार को बढ़ाएगा। दो तिहाई बहुमत से विजय करने का संकल्प लीजिए। नीतीश कुमार और मोदी जी की सरकार ने जो कुछ बिहार की जनता के लिए किया है उसे उसे घर-घर तक लेकर जाएंगे और लोगों को बताएंगे। अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी विश्व भर में एक मात्र ऐसे नेता हैं जिन्होंने लगातार 24 साल तक राज्य और देश के मुखिया के रूप में काम किया। मैं इस बात का गवाह हूं कि 24 सालों में एक भी छुट्टी उन्होंने नहीं ली। लगातार दिन रात काम किया है।

### शाहाबाद की 80 प्रतिशत सीटों पर दर्ज करना है जीत

अमित शाह ने कहा कि राजग को इस बार शाहाबाद की 80 प्रतिशत सीटों पर जीत दर्ज करना है। उन्होंने बिहार का भविष्य नरेन्द्र मोदी से जोड़ने की अपील की। शाह ने कहा कि अन्य दलों में नेता चुनाव जीतते हैं। हमारी पार्टी में कार्यकर्ता चुनाव जीतते हैं और कार्यकर्ता ही नीचे से ऊपर तक पहुंचते हैं। भाजपा में एक बूथ का अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन सकता है। हम यहां पर जितनी मजबूती से संकल्प करेंगे, भाजपा उतनी ही मजबूत होगी, राजग मजबूत होगा और राजग जितना मजबूत होगा बिहार भी उतना ही खुशहाल बनेगा। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार का विकास और समृद्धि राजग का लक्ष्य है। यह चुनाव सरकार बनाने का नहीं है। यह चुनाव दो तिहाई से ज्यादा बहुमत के साथ सरकार बनाने का है। 10 जिलों के सभी कार्यकर्ता आज से संकल्पित होकर जाएं कि हम मोदी जी के नेतृत्व में बिहार में मजबूत राजग सरकार बनाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### सांड की टक्कर से बाइकसवार गंभीर

**मौदहा, हमीरपुर।** जहाँ सरकार गौशाला में जानवर बंद करने की बात कह रही है तो वहीं खुले में घूमते अन्ना पशु सरकारी दावों की पोल खोल रहे है। सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम बक्छा निवासी सजीवन (60) पुत्र शोभा, हरदीप (23)पुत्र कालका प्रसाद के साथ बाइक से जा रहा था तभी अन्ना सांड ने बाईक में टक्कर मार दी जिससे दोनों बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिन्हे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहाँ से सजीवन को गंभीर चोटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के पतारा गांव में बीती शाम तेज गर्जना के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से खेत में भैंस की मौत हो गई। दुर्घटना की तहरीर पीड़ित ने थाने में दी है भैंस का पोस्टमार्टम कराया गया है। क्षेत्र के पतारा गांव में बुधवार की शाम 6 बजे पतारा गांव निवासी श्याम नारायण अनुरागी पुत्र रामप्रसाद अपनी भैंस खेतो में चरा रहा था। तभी तेज गर्जना के साथ बरसात के दौरान आकाशीय बिजली भैंस के ऊपर गिर गई। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। तथा पोस्टमाटर्म कराया है। तथा लेखपाल को घटना की जानकारी दी गई है।

### पूर्व मंत्री ने सूरजपुर पहुंच परिजनों को बंधाया ढांढस



**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री कुंवर बादशाह सिंह गुरुवार को सूरजपुर पहुंचकर विचाराधीन बंदी की जेल में पीट कर हुई हत्या के मामले में परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कुंवर बादशाह सिंह गुरुवार को दोपहर में सूरजपुर गांव पहुंचकर जेल में पीट कर मारे गए मृतक अनिल द्विवेदी के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष इदरीश खान, प्रदेश का समिति सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, घनश्याम साहू, ओपी सोनकर, जगमोहन यादव, ज्ञानी यादव, विवेक यादव आदि सपाई मौजूद रहे।

### नैनो उर्वरक के प्रयोग के लिए किसानों को किया जागरूक



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के पौथिया गांव में नैनो जागरूकता प्रशिक्षण आधारित पर किसान सभा का आयोजन हुआ। समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र सचान ने अध्यक्षता की। पौथिया क्षेत्रीय सहकारी समिति में आयोजित इफको के एसएफ हॉटस्पॉट संदीप कुमार ने किसानों को विस्तार से नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी,सागरिका तरल एवं सागरिका दानेदार तथा एनपीके कंसोर्टिया के प्रयोग विधि एवं लाभ की जानकारी बताई।उन्होंने रासायनिक खाद के दुष्प्रभाव के बारे में कृषकों को विस्तार से समझाया।कहा कि रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से पर्यावरण, मृदा एवं मनुष्य प्रभावित हो रहे है। बताया कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से कम लागत में अधिक उत्पादन होता है। जैविक खेती के लिये सागरिका लिक्विड और कंसोर्टिया के प्रयोग करना चाहिए। वक्ताओं ने कृषको को अधिक से अधिक नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी तथा सागरिक तरल का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया है। कार्यक्रम में 30 से 35 किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में समिति के सचिव प्रतिम सिंह कुशवाहा, अकाउंटेंट बालेन्द यादव, ग्राम प्रधान वंदना सचान आदि ने विचार रखे।

### पिछले 24 घंटे में जमकर बरसे बदरा, 18 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहने से परेशान रहे ग्रामीण



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बुधवार की शाम से बदले मौसम ने गुरुवार शाम तक जमकर कहर बरपाया। रुक-रुक कर हुई बारिश से खेत खलिहान लबालब हो गए। आकाशीय गर्जना के चलते 33 केवी लाइन के इंसुलेटर ध्वस्त होने के कारण सुमेरपुर द्वितीय एवं विदोखर सब स्टेशन की विद्युत आपूर्ति 18 घंटे ठप रहने से एक दर्जन गांवों में अंधेरा पसरा रहा। विद्युत आपूर्ति ठप रहने से गुरुवार को सुबह जलापूर्ति भी नहीं हो सकी। इससे ग्रामीण परेशान रहे। बुधवार शाम करीब 4:00 बजे मौसम ने अचानक पलटी मारी और तेज हवाओं के साथ गरज चमक के साथ कस्बा सहित ब्लाक क्षेत्र के अधिकांश हिस्से में बदरा जमकर बरसे यह सिलसिला गुरुवार शाम तक रुक रुक कर हो रहा है बारिश के साथ जारी था। बुधवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 132 केवी पावर हाउस से सुमेरपुर द्वितीय एवं विदोखर सब स्टेशन को गई लाइन के इंसुलेटर फूंक जाने से इंगोहटा, विदोखर पुरई, अछरेला, बहरेला, विदोखर मेंदनी, पलरा, नंदेहरा, मवई जार, बण्डा, चंदौलीजार आदि गांवो की आपूर्ति 18 घंटे ठप रहने से अंधेरा छाया रहा। बिजली गुल रहने से सुबह जलापूर्ति नहीं हो सकी। इससे ग्रामीण परेशान रहे सुबह 10:30 बजे आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली

### विश्व हिंदू महासंघ ब्लाक अध्यक्ष ने किया बंथरी बीरा गौशाला का औचक निरीक्षण



**कमासिन/बांदा।** विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष महेश प्रजापति के निर्देश पर कमासिन ब्लाक अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने ग्राम पंचायत बंथरी और बीरा गौशाला ओं का निरीक्षण किया गया जिसमें ग्राम पंचायत बंथरी के गौशाला मे सडासानी और बंथरी अन्दौरा सहित 550 गोवंश संरक्षित होने की जानकारी मिली निरीक्षण के दौरान गौशाला में पर्याप्त भूसा स्टॉक पाया गया सुपर नेपियर घास खेतों में खड़ी क्रेयरटेकर से कटवा कर हरा चारा एवं भूसा के साथ गौ वंशों को दिए जाने की व्यवस्था देखने को मिली गौशाला में मौजूद ग्राम प्रधान सोमनाथ शुक्ला बंथरी ने बताया कि गोवंशों को भरपेट भूसा हरा चारा पानी देने के साथ गौशाला आश्रय स्थल की सफाई 6 केयरटेकर के द्वारा लगातार करवाई जा रही 4:30 बीघा में सुपर नेपियर घास लगाई गई है जिसे कटिया मशीन से कटा कर भूसा में मिलाकर गौशाला के गोवंशों को चरही में दिया जा रहा है गौ रक्षा समिति के ब्लॉक अध्यक्ष ने ग्राम प्रधान को गोवंशों के पीने के पानी की चरही की सफाई करवा कर पानी भरने को कहा गया मौके पर पानी की चरही में काई युक्त पानी मौजूद था इसी प्रकार ग्राम पंचायत बीरा गौशाला के निरीक्षण में 285 गोवंश संरक्षित पाए गएयहां गोवंशों को पर्याप्त भूसा न देने की शिकायत मिली प्रधान को निर्देशित किया गया की गौशाला की साफ सफाई कर गौवंशों को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा के साथ भूसा दिया जाए पीने के पानी की चरही की साफ सफाई प्रति सप्ताह कराई जाए ग्राम प्रधान बीरा प्रतिनिधि ने गौशाला व्यवस्था में सुधार करने का आश्वासन दिया गया है।

### सिजेहरी में बिना सुरक्षा उपकरण खनन कार्य, आमजन के स्वास्थ्य पर खतरा



**महोबा।** जनपद के ग्राम सिजेहरी में हो रहे खनन कार्य में श्रमिकों की सुरक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है। मजदूरों को बिना सेफ्टी कैप्स पहनाए ही खदानों में काम कराया जा रहा है। यही नहीं, क्रेशर प्लांट पर पानी पम्प का उपयोग न होने से धूलकण उड़कर आसपास फैल रहे हैं, जिससे ग्रामीणों और आमजन के बीमार पड़ने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमों की अनदेखी कर खनन कराया जा रहा है, जिससे न केवल मजदूरों की जान जोखिम में है बल्कि पूरे क्षेत्र का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खनन कार्य में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाए।

### त्योहारों को सुरक्षित माहौल में सम्पन्न कराने को पुलिस लाइन में शस्त्रों की साफ-सफाई अभियान



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण व सुरक्षित माहौल में सम्पन्न कराने की तैयारी तेज कर दी गई है। इसी क्रम में गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में आर.आई. शिवकुमार की देखरेख में शस्त्रों की साफ-सफाई एवं रख-रखाव का विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों व जवानों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए शस्त्रों की तकनीकी जाँच, सफाई व सही रख-रखाव सुनिश्चित किया। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना तथा जिले में शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। महोबा पुलिस ने जनपदवासियों को आश्वस्त किया है कि वे हर परिस्थिति में पूरी सजगता व सतर्कता के साथ उनकी सुरक्षा हेतु कृतसंकल्पित हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

- आगामी नवरात्र एवं विजयदशमी पर्व को लेकर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आगामी शारदीय नवरात्रि एवं विजयदशमी पर्व के दृष्टिगत शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नवरात्रि एवं दशहरा पर्व से संबंधित जुलूस, मूर्ति स्थापना व अन्य कार्यक्रम परंपरागत ढंग तथा शांतिपूर्ण तरीके से प्रेम व भाईचारे के साथ आयोजित किए जाएं। पांडालो में सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे तथा फायर सेफ्टी के पर्याप्त इन्तजाम किए जाए। मूर्ति स्थापना स्थलों एवं पांडालों के आसपास तथा अन्य संबंधित स्थलों पर जर्जर विद्युत तारों को दुरुस्त किया जाए ताकि शॉर्ट सर्किट से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को रोका जा सके। जनपद के सभी मूर्ति विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग तथा गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाए। डीजे में किसी भी प्रकार से धार्मिक उन्माद फैलाने वाले अथवा फूहड़ गाने न बजाए जाएं। पर्व के दौरान किसी भी दशा में विद्युत कटौती न हो, यह सुनिश्चित कराया जाए। आबादी क्षेत्र में



पटाखे की दुकान नहीं होनी चाहिए। किसी भी दशा में मूर्तियां नदियों में नहीं विसर्जित हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम व सीओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान दें। आयोजकों द्वारा कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व जिला प्रशासन से अनुमति अवश्य ली जाए। कहा कि त्यौहारों में कोई भी नई परंपरा ना डाली जाए। मूर्ति विसर्जन स्थल पर पहले से ही पर्याप्त गड्ढा व पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही ना बरती जाए। जुलूस के मार्ग, विसर्जन स्थलों आदि का सभी एसडीएम, सीओ एवं एसएचओ द्वारा निरीक्षण कर लिया जाए। जुलूस, शोभायात्रा, मूर्ति विसर्जन का कार्य परंपरागत ढंग व पूर्व निर्धारित स्थलों पर ही आयोजित किया जाए। उन्होने डीपीआरओ एवं समस्त अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्यौहारों के मौके पर साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए। डीएम ने कहा कि त्योहारों के दृष्टिगत पेयजल, विद्युत व सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाए। धार्मिक आयोजनों ,जुलूस, पंडाल, मूर्ति विसर्जन इत्यादि अवसर पर शराब का सेवन पूर्णतया प्रतिबंधित है। पुलिस विभाग अराजक व असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखे और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था होने पर तुरन्त कार्यवाही करें। प्रत्येक नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में साफ सफाई के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार एन्टीलार्वा का छिड़काव, फॉगिंग, ब्लीचिंग आदि कराया जाए। पुलिस बल महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दे। नवरात्रि में मीट की दुकानें न खोली जाएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह ना फैलायी जाए। सभी प्रकार के धार्मिक आयोजन, जुलूस एवं मूर्ति स्थापना हेतु संबंधित थाने तथा एसडीएम से अनुमति अनिवार्य रूप से ली जाए। बिना बेरिफिकेशन के कोई भी मूर्ति कहीं पर भी स्थापित न हो। एसडीएम व सीओ विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं स्वयं अपनी देख रेख में कराएं। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ पुष्पेन्द्र कुमार सहित सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी, सभी एस एच ओ तथा पीस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## हमीरपुर जेलर के कार्यकाल में सात माह में सात मौतें, प्रदेश में कायम जंगलराज: अजय राय

- मोदी का बनारस योगी का गोरखपुर अपराधियों का गढ़

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश में जंगल राज कायम है। पुलिस हिरासत से लेकर जेल में निरुद्ध बंदियों की हत्या हो रही है। हमीरपुर के जिला कारागार के भ्रष्ट जेलर के कार्यकाल में सात माह के अंदर सात बंदियों की मौत हुई है। सूरजपुर के बंदी अनिल द्विवेदी की हत्या वसूली को लेकर की गई थी। इससे स्पष्ट हो जाता है कि भ्रष्टाचार चरम पर है। योगी सरकार सभी मोर्चो पर फेल हो गई है। योगी को इस्तीफा देकर मठ लौट जाना चाहिए। सरकार चलाना इनके बस में नहीं है। केंद्र एवं प्रदेश की सभी भाजपा सरकारें वोट चोरी करके



बनाई गई है। उक्त बुधवार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कस्बे के पूर्व चेयरमेन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रहे स्वर्गीय आनंदी प्रसाद पालीवाल के पुत्र आलोक पालीवाल की जेल में हुई मौत के बाद उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए व्यक्त किए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पीएम का संसदीय क्षेत्र बनारस, योगी का गृह जनपद गोरखपुर अपराधों का गढ़ बन गया है। खुलेआम अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। प्रदेश में जंगल राज कायम है। सभी संस्थाओं में अवैध वसूली की जा रही है। हमीरपुर जिला कारागार इसका उदाहरण है। जहां वसूली के लिए विचाराधीन बंदी अनिल द्विवेदी की पीट पीट कर हत्या की गई है। जेलर केपी चंडीला के कार्यकाल में फरवरी से लेकर अब तक सात बंदियों की मौत हुई है। इनमें अनिल द्विवेदी, आलोक पालीवाल, अरविंद,नसीमुद्दीन, हनीफ उर्फ गनी आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जेलर की गिरफ्तारी के लिए कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। खुद प्रधानमंत्री बनारस में वोट चोरी करके विजयी हुए हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक जगदीश नारायण शर्मा व गयादीन अनुरागी, संजय वीर सिंह, नीलम निषाद, अजय पालीवाल, हिमांशु सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष पुनीत पालीवाल, अनिल पालीवाल, विवेक चंद्र, शफकतउल्ला, एमएल अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में आईं 87 शिकायतें, अधिकांश का मौके पर निस्तारण

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए जनसुनवाई में लगभग 87 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि



सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

### पढोरी गांव में मंदबुद्धि युवक ने शिवलिंग व दुर्गा मैया की मूर्ति की क्षतिग्रस्त

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम पढ़ोरी में एक मंदबुद्धि सिरफिरे युवक ने मंदिर में घुस शिवलिंग को क्षतिग्रस्त करने के अलावा मंदिर के बाहर रखी दुर्गा जी की प्रतिमा का हाथ तोड़ दिया। मामले की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस ने उक्त सिरफिरे युवक को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम पढ़ोरी निवासी गज्जू प्रजापति ने गांव के बाहर सन 1977 में भगवान शिव लिंग स्थापित करने के साथ-साथ बजरंगबली की प्रतिमा का स्थापना करवा मंदिर निर्माण करवाया था। एक वर्ष पूर्व वह मंदिर के पास दुर्गा जी की एक संगमरमर की प्रतिमा लाकर मंदिर के पास ही पड़ी जमीन में स्थापना करवा रहा था तभी गांव के ही कुछ लोगों ने इसका विरोध कर इसकी शिकायत की जिसका मामला न्यायालय में आज भी विचाराधीन है। मामला



अदालत में जाने के चलते दुर्गा जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा न हो पाने से वह ज्यों की त्यों रखी रही। बुधवार की रात गांव के ही सिरफिरे व मंदबुद्धि युवक विजय उर्फ छोटे सिंह पुत्र शिरोमणि सिंह ने मंदिर पहुंच वहां स्थापित शिवलिंग को क्षतिग्रस्त करने के अलावा वहां लगे घंटे आदि तोड़ डालें और मंदिर के बाहर रखी दुर्गा जी की प्रतिमा का हाथ भी छतिग्रस्त कर दिया। सुबह जब मंदिर का पुजारी बालक दास मंदिर पहुंचा तो वहां की हालत देख उसने यह जानकारी ग्रामीणों को दी जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया हालांकि इस मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को मिलते ही उसने मौके पर पहुंच घटना की जांच पड़ताल की। इस मामले में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह का कहना है कि आरोपी की हालत देखते हुए उसके साथ यथोचित कार्यवाही की जाएगी।

## आदर्श हनुमत संस्कृत महाविद्यालय के छात्र टैबलेट पाकर हुए लाभान्वित

- 31 छात्र और छात्राओं को मिले टैबलेट



**बांदा।** गुरुवार को आदर्श श्री हनुमत संस्कृत महाविद्यालय मुरवल बबेरू (बांदा)के छात्रों को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 31छात्र/छात्राओं को प्रचारक राम नरेश चतुर्वेदी जी द्वारा टेबलेट वितरित किए गए इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है प्रचारक रमेश राम नरेश चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में शासन की योजना को उद्देश्य बताते हुए टैबलेट का सही उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा की शिक्षा का ज्ञान और दुनिया की तमाम नई तकनीकियों को जानने समझने में मोबाइल फोन का अहम भूमिका है। महाविद्यालय के प्राध्यापक चंद्रशेखर मिश्रा, किशोर कुमार बाजपेई, अवधेश कुमार पाठक परिचालक ने इस वितरण में सहयोग प्रदान कर सभी छात्राओं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## पंचायत चुनावों में प्रत्याशी उतारेगा जन सत्ता दल

- समीक्षा बैठक में एमएलसी ने की घोषणा

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आगामी पंचायत चुनाव में लोकतांत्रिक जनसत्ता दल जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी जिलाध्यक्ष की संस्तुति पर उतारेगी। उक्त निर्णय पार्टी की समीक्षा बैठक में लिया गया पार्टी के विधान परिषद सदस्य कुंवर अक्षय प्रताप सिंह, प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार सरोज ने मुख्यालय के डाक बंगले में जिला संगठन की समीक्षा करते हुए जिलाध्यक्ष संजय सिंह बंडा को एक माह में जिला कार्यकारिणी के गठन का निर्देश दिया है। कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए विधान परिषद सदस्य



ने कहा कि पार्टी आगामी पंचायत चुनाव में हिस्सा लेगी। जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी जिलाध्यक्ष की संस्तुति के बाद ही मैदान में उतारे जाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़ा करेगी। इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है। बैठक में जिलाध्यक्ष संजय सिंह, शशि प्रताप सिंह, शिवाकांत, सुनील कुमार, शाकिर मंसूरी, अतुल सिंह, देवेंद्र मुखिया, प्रशांत सिंह, लक्ष्मीकांत, धर्मेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, सबल सिंह, जुगल किशोर, खुन्नु सिंह, मोहित सिंह चंदेल आदि मौजूद रहे।

### अवैध तमंचा व कारतूस संग अभियुक्त गिरफ्तार



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध शस्त्रों के खिलाफ अभियान के तहत थाना कबरई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार को थानाध्यक्ष कबरई सत्येंद्र सिंह भदौरिया के निर्देशन में व.उ.नि. मलखान सिंह मय हमराह पुलिस बल ने कार्रवाई करते हुए अभय सिंह पुत्र श्यामू सिंह निवासी मोहल्ला सुभाष नगर, थाना कबरई को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## नवरात्र पर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने की मांग

- केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

आगामी 22 सितम्बर से शुरू होने वाले शारदीय नवदुर्गा महोत्सव को लेकर केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को समिति के अध्यक्ष अमित सेठ भोलू के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और पर्व के दौरान व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने की मांग उठाई। समिति ने ज्ञापन में 16 सूत्रीय मांगें रखीं। इनमें प्रमुख देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों में सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने, सीसीटीवी



कैमरे लगवाने, प्रमुख चौराहों व पंडालों में महिला पुलिस की तैनाती, शहर में लटकते विद्युत तारों को दुरुस्त कराने, शहरी क्षेत्र को विद्युत कटौती से मुक्त रखने और नियमित पेयजल आपूर्ति करने की मांग शामिल है। साथ ही अवारा जानवरों और भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक लगाने, विसर्जन जुलूस के मार्ग को गड्ढामुक्त व अतिक्रमण मुक्त कराने, रोड लाइटें दुरुस्त करने, बड़ी प्रतिमाओं के लिए दो हाइड्रा मशीन उपलब्ध कराने, विसर्जन घाट पर जल पुलिस, महिला पुलिस व स्टीमर की व्यवस्था करने की भी मांग की गई। समिति ने नवदुर्गा महोत्सव के दौरान शहर में मांस-मदिरा की दुकानें बंद रखने, प्रागी तालाब व अलीगंज रामलीला मैदान की सफाई और सुरक्षा का भी मुद्दा उठाया। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख संरक्षक पूर्व विधायक राजकुमार शिवहरे, समिति के महामंत्री एवं भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, विहिप जिलाध्यक्ष प्रकाशचंद्र त्रिपाठी, बजरंग दल से प्रभाकर सिंह चंदेल, उत्तम सक्सेना, बी.के. सिंह, पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश सर्राफ सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन से जुड़े लोग शामिल रहे।

## सेवा पखवाड़ा के तहत निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**ओरन/बांदा।** आज कस्बे के तिलहर देवी मंदिर परिसर में सेवा पखवाड़ा के तहत निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों का स्वास्थ्य चेकअप इलाज व निशुल्क जांच करके दवा वितरण कर इलाज किया गया।क्षेत्रीय मंत्री पिछड़ा मोर्चा भाजपा राजेश सेन व निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजपा रामबाबू त्रिपाठी द्वारा सेवा पखवाड़ा को लेकर नगर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया गया। शिविर में बिसंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ मृदुला त्रिवेदी द्वारा अपनी टीम के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ कस्बे व क्षेत्र के लोगों की निःशुल्क इलाज जांच व दवाइयां वितरण की गई साथ ही 70



साल से ऊपर के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर की व्यवस्था में भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष अनुरागी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश कुमार द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण द्विवेदी, राजनारायण द्विवेदी, रामबिहारी शुक्ला, रामबाबू दीक्षित, ओमप्रकाश तिवारी, गौरव द्विवेदी, अमृतलाल त्रिवेदी, भारत लाल चौरसिया, राधेश्याम साहू, भोला कबीर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पोषाहार के अन्तर्गत पोषण का वितरण शीघ्र किया जाएं: जिलाधिकारी

- चिन्हाकंन कार्य में कमी पाये जाने पर सीडीपीओ से मांगा स्पष्टीकरण
- डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पोषण समिति की बैठक

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी जे रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मैम एवं सैम बच्चों चिन्हाकंन करने की समीक्षा करते हुए बडोखरखुर्द के सीडीपीओ के द्वारा चिन्हाकंन कार्य में



कमी पाये जाने पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीडीपीओ को निर्देश दिये कि पोषाहार के अन्तर्गत पोषण का वितरण शीघ्र किया जाए। उन्होंने ब्लाक स्तर पर ब्लाक टास्क फोर्स कमेटी की बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारियों को दिये। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की समस्त एएनसी की जांच किये जाने तथा स्वास्थ्य विभाग एवं कार्यक्रम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से वीएचएसएनडी दिवस में आंगनवाड़ी केन्द्र के अनुसार गर्भवती महिलाओं की जांच की ड्यू लिस्ट लेकर जांच कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने एनआरसी केन्द्र में मैम बच्चों को इलाज हेतु भर्ती कराये जाने के लिए अभिभावकों को जागरूक करते हुए भेजे जाने के निर्देश दिये। उन्होंने संभव अभियान को दिनांक 30 सितम्बर तक सभी मानकों के अनुसार संचालित कराये जाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर एप पर टीएचआर विरतण की फीडिंग, वीएचएसएनडी के आयोजन की फीडिंग ठीक प्रकार से किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्र पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाये जाने हेतु एई लघु सिंचाई विभाग को स्टीमेट तैयार कर जिला कार्यक्रम अधिकारी को विजिट किये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### दुर्गा पंडालों एवं प्रमुख मंदिरों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए: डीएम

**बांदा।** आगामी दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बाँदा जेवरीभा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका, नगर पंचायत एवं जिला पंचायत राज अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुर्गा पंडालों एवं प्रमुख मंदिरों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि ढीले विद्युत तारों, खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल ठीक कराया जाए। जल निगम के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि टूटी सड़कों की मरम्मत कराए जाने तथा जलापूर्ति की सामचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिएस उन्होंने विसर्जन वाले स्थलों पर नदी किनारे बैरिकेडिंग की व्यवस्था कराई जाए। इसी प्रकार पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए गए कि सड़कों पर बने गड्ढों की मरम्मत शीघ्र कराई जाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि नरेनी क्षेत्र में मेडिकल टीम एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्युत तारों के नीचे अथवा ट्रांसफार्मरों के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी प्रकार के दुर्गा पंडाल न लगाए जाएँ। मुख्य अग्निशमन अधिकारी को पंडालों का निरीक्षण कर अग्रिम सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिला अधिकारी न्यायिक, नगर में स्टेट सहित समस्त उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकार पुलिस एवं केंद्रीय शांति समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# मीटर की सिक्योरिटी राशि का बकाये बिल में होगा समायोजन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को उनकी पुरानी जमा सिक्योरिटी मनी वापस मिल जाएगी। यह राशि उनके बकाया बिल में समायोजित की जाएगी या फिर उनके प्रीपेड खाते में क्रेडिट कर दी जाएगी।

बिजली विभाग के मुताबिक अगर किसी उपभोक्ता की सिक्योरिटी मनी 700 रुपये है और उसका पुराना बकाया 2,000 रुपये है. तो सिक्योरिटी मनी समायोजित होने के बाद उसे सिर्फ 1.300 रुपये का भुगतान करना होगा। बिजली उपभोक्ता अपने पुराने पोस्टपेड बिल का बकाया एकमुश्त या किस्तों में चुका सकते हैं। इसके लिए विभागीय काउंटर, यूपीपीसीएल स्मार्ट कंज्यूमर मोबाइल ऐप अथवा ऑनलाइन जनसुविधा केंद्र आदि माध्यमों उपलब्ध है। चूंकि पूर्व के पोस्टपेड अवधि का बकाया भुगतान और रिचार्ज दोनों करना है। ऐसे में यह भ्रम हो सकता है कि बिल अधिक आया है, जबकि ऐसा नहीं है। बिल पूर्णतरू उपभोक्ता के ऊर्जा उपभोग पर आधारित है। लखनऊ सेंट्रल के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को निर्धारित विद्युत टैरिफ पर 02 प्रतिशत छूट का लाभ दिया जायेगा।

# यूपी में वर्ष 2025-26 के लिए पहली अक्टूबर से शुरू होगी मोटे अनाज की खरीद

▸ किसानों के पंजीकरण व नवीनीकरण का कार्य जारी



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** डबल इंजन सरकार एक तरफ जहां श्रीअन्न के फायदों के प्रति प्रदेशवासियों को प्रेरित कर रही है, तो वहीं किसानों को भी इसकी खेती के फायदे से जोड़ रही है। वर्ष 2025-26 के लिए मोटे अनाजों की खरीद पहली अक्टूबर से प्रारंभ होगी, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। मोटे अनाज में शामिल मक्का, बाजरा व ज्वार की खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण व नवीनीकरण चल रहा है।

खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक इसके लिए किसानों को fcs.up.gov.in या ऐप UP KISAN MITRA पर पंजीकरण/नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। खरीद पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी।

**टोल फ्री नंबर 18001800150 से मदद ले सकते हैं किसान**

किसान अपनी किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 18001800150 से मदद ले सकते हैं। इसके अलावा वे जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक से भी संपर्क साध सकते हैं। किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में सीधे भुगतान किया जाएगा। वहीं बिचौलियों को रोकने व पारदर्शिता बरतते हुए क्रय केंद्रों पर मोटे अनाज की खरीद ई-पॉप (इलेक्ट्रॉनिक प्वॉइंट ऑफ परचेज) डिवाइस के माध्यम से पहले की भांति किसानों का बायोमीट्रिक सत्यापन के जरिए ही होगी।

### सरकार ने बढ़ाया है न्यूनतम समर्थन मूल्य

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के अनुसार श्रीअन्न को बढ़ावा देने के साथ ही सरकार ने इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया है। मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा का 2775 रुपये प्रति कुंतल, ज्वार (हाइब्रिड) का 3699 व ज्वार (मालवांडी) का 3749 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

### इन जिलों में होगी मक्का खरीद

बदायूं, बुलंदशहर, हरदोई, उन्नाव, मैनपुरी, आगरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, कानपुर नगर-देहात, कन्नौज, औरैया, इटावा, बहराइच, गोंडा, बलिया, जौनपुर, फर्रुखाबाद, मीरजापुर, सोनभद्र, देवरिया व ललितपुर में मक्का की खरीद की जाएगी।

### बाजरा खरीद वाले जनपद निर्धारित

बदायूं, बुलंदशहर, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, अलीगढ़, कासगंज, हाथरस, एटा, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, संभल, रामपुर, अमरोहा, कानपुर नगर-देहात, फर्रुखाबाद, औरैया, कन्नौज, इटावा, जालौन, हमीरपुर, चित्रकूट, गाजीपुर, जौनपुर, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशांबी, मीरजापुर, बलिया, हरदोई व उन्नाव।

### इन जिलों में होगी ज्वार की खरीद

बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, कानपुर नगर-देहात, फतेहपुर, उन्नाव, हरदोई, मीरजापुर व जालौन में ज्वार की खरीद होगी।

## खबरें एक नजर में

### चुनाव आयोग की चुप्पी सत्ता की मिलीभगत का प्रमाण : लोकदल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने अपने बयान में कहा है कि राहुल गांधी द्वारा देशभर में हुए वोट चोरी के सनसनीखेज खुलासे ने साबित कर दिया है कि लोकतंत्र को सत्ता के लालच में खुलेआम लूटा जा रहा है। यह केवल धांधली नहीं, बल्कि जनता की आंखों के सामने भारत के लोकतंत्र की हत्या है। चुनाव आयोग कटघरे में है-चुनाव आयोग संस्था को लोकतंत्र का प्रहरी कहा जाता है, वही सत्ता के दबाव में गूंगा और अंधा बना बैठा है। अगर चुनाव आयोग की रीढ़ बची है, तो उसे तुरंत इस घोटाले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में करानी चाहिए। जनता का जनादेश चुराने वालों को सजा मिले, यह कोई तकनीकी गलती या साधारण त्रुटि नहीं, बल्कि संगठित अपराध है। इसमें शामिल अधिकारियों और दलालों को जेल की सलाखों के पीछे डाला जाना चाहिए। श्री सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा है कि चुनाव आयोग की चुप्पी सत्ता की मिलीभगत का प्रमाण है। अगर वोट चोरी रोकी नहीं गई तो देश की जनता का विश्वास चुनावी प्रक्रिया से उठ जाएगा और इसकी जिम्मेदारी सीधे चुनाव आयोग और केंद्र सरकार की होगी।

### कुकरैल नाले में हादसा, टर्निंग पॉइंट पर कार हुई अनकंट्रोल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कर अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए कुकरैल नाले में जा गिरी। कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। गाड़ी टर्न करने के दौरान अचानक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और 50 फीट गहरे नाले में कार सहित गिर गया। कार सवार गोमतीनगर की तरफसे विकास नगर की कार चालक जा था। मेरीडियन स्कूल के आगे पहुंचा था तभी टर्निंग पॉइंट पर उसका संतुलन बिगड़ गया और रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरा। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके से पहुंची ने रेस्क्यू करके उसको बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। चौकी प्रभारी सर्वोदय नगर सौरभ ने बताया गोमतीनगर निवासी आयुष सिंह (28) यस बैंक में कार्यरत हैं। जानकीपुरम ब्रांच में तैनाती है। गुरुवार को अपनी मामा की इयोन कार से ऑफिस जा रहा था। तभी अचानक से अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गया। इसके बाद पिता अभय को सूचना दी गई थी। वह इलाज के बाद आयुष को घर ले गए। मामूली चोट आई थी।

### लखनऊ विविमें एबीवीपी का विरोध प्रदर्शन, रैगिंग पर नाराजगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय गेट नंबर-1 पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं और आम छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को लेकर छात्रों ने नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने रैगिंग और राजनीति विज्ञान विभाग के शोधार्थी अमन दुबे के खिलाफमोर्चा खोला। कुलानुशासक पर भेदभाव का आरोप लगाया। प्रदर्शन कर रहे है एबीवीपी के आक्रोशित छात्रों ने शोधार्थी पर रैगिंग का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में यूजीसी के एंटी रैगिंग पोर्टल समेत विवि के कुलानुशासक कार्यालय में भी शिकायत की थी। मगर अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इस मामले को लेकर बीते दिनों शोधार्थी और शिकायतकर्ता के बीच मारपीट हुई। प्रदर्शनकारी छात्रों ने बताया कि घटना के बाद शोधार्थी छात्र ने उल्टा शिकायतकर्ता समेत कई अन्य छात्रों पर मुकदमा दर्ज करा दिया। छात्रों ने कहा कि इससे विश्वविद्यालय का माहौल खराब हो रहा है। पीड़ित छात्र को आरोपी बनाया जा रहा है। इस घटना के बाद तमाम छात्रों में आक्रोश है। छात्रों ने शोधार्थी के निलंबन और निष्कासन की मांग करते हुए विरोध किया।

### बिना साक्षात्कार डॉक्टर का चयन, जांच कमेटी का गठन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में बिना साक्षात्कार डॉक्टर के चयन मामले में समिति बना दी गई है। चार सदस्यीय समिति जांच के बाद रिपोर्ट दाखिल करेगी। कार्यकारी कुलसचिव को तत्काल हटा दिया गया था और कुलसचिव कार्यालय में तैनात वरिष्ठ प्रशासनिक सहायक का तबादला किया गया था।कैंसर संस्थान में 96 चिकित्सकों की भर्ती का विज्ञापन निकाला गया था। अगस्त के अंत में साक्षात्कार होने के बाद चार सितंबर को चयनित डॉक्टरों की सूची जारी की गई थी। एनेस्थीसिया विभाग में छह डॉक्टरों का चयन हुआ था। चयनित चिकित्सकों की सूची में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर डॉ. श्वेता अग्रवाल का नाम शामिल था, वे साक्षात्कार में शामिल ही नहीं हुई थीं। इस पर संस्थान प्रशासन का कहना था कि दूसरे अभ्यर्थी का चयन किया गया था, लेकिन नाम एक होने से गलती हो गई। सुधार लिया गया । इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने बताया कि रिजल्ट में संशोधन कर दिया गया है। जांच के लिए सीएमएस डॉ. विजयेंद्र कुमार की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति बनाई गई है जिसमें चिकित्सा अधीक्षक, कुलसचिव और मैटेरियल मैनेजमेंट विभाग के प्रमुख को शामिल किया गया है।

### दो साल पुरानी शिकायत पर नपा आरटीओ दफ्तर का बाबू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बाराबंकी में दो साल पहले हुई शिकायत की जांच में दोषी पाए जाने पर ट्रांसपोर्ट नगर सम्भागीय परिवहन कार्यालय आरटीओ में तैनात बाबू श्रवण कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मामले को लेकर अन्य बाबू परिवहन आयुक्त से मुलाकात करने की तैयारी में हैं। श्रवण कुमार सिंह ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ में काउंटर नंबर आठ पर तैनात थे जिनके जिम्मे वाहनों के ट्रांसफर से संबंधित कार्य था। उन्हें परिवहन विभाग मुख्यालय ने सस्पेंड कर दिया है। बताया गया हैं कि दो साल पहले जब वह बाराबंकी में तैनात थे, तो वाहनों से संबंधित कार्यों को लेकर एक आवेदक से कहासुनी हो गई थी। आवेदक ने शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी। मुख्यालय की ओर से कराई गई जांच में शिकायत की पुष्टि के बाद उन्हें निलंबित किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी ने औद्योगिक विकास विभाग की बैठक में अफसरों को दिए निर्देश

# धरातल पर उतरेंगी पांच लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं

▸ नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना अथॉरिटी में से किसी एक क्षेत्र में फिनटेक हब होगा विकसित



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार 5 लाख करोड़ रूपये से अधिक की निजी निवेश परियोजनाओं के साथ पांचवें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी नवम्बर माह में होगी। उन्होंने किसानों से भावात्मक संबंध बताते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण पर मुआवजा दर बढ़ाने पर विचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को आवंटित भूमि अगर तीन साल में उपयोग न आई तो आवंटन रदद होगा।

सीएम ने गुरुवार को औद्योगिक विकास विभाग की बैठक में यह निर्देश दिए। अब तक 15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं तथा 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी एवं रोजगार की गारंटी मिली। औद्योगिक प्राधिकरण भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजे की दर में बढ़ोतरी पर विचार करें। उन्होंने कहा कि अपनी भूमि के साथ हर किसी का भावनात्मक संबंध होता है। यदि प्रदेश हित में उनकी भूमि का अधिग्रहण आवश्यक है तो उन्हें अच्छा मुआवजा मिलना चाहिए। संवाद व समन्वय से काम आसान हो सकता है। औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप भूमि अधिग्रहण के लिए वर्तमान मुआवजे की दर में बढ़ोतरी पर विचार करें। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी में से किसी एक क्षेत्र में फिनटेक हब विकसित किया जाए। वर्ष 2025-26 के लिए विनिर्माण क्षेत्र का 5 लाख करोड़ का जीवीए लक्ष्य है। फैक्ट्री अधिनियम के अंतर्गत 8,000 नई, विद्यमान इकाइयों का पंजीकरण आवश्यक है। 1,354 इकाइयों का पंजीकरण हो चुका है। मुख्यमंत्री ने श्रम सुधारों की प्रक्रिया तेज करने और अप्रयुक्त औद्योगिक भूखंडों को सक्रिय करने के निर्देश दिए।

### हर नागरिक को मिले जीएसटी सुधारों का लाभ

बड़े बैंकिंग संस्थाओं के कार्यालय हों। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्यात को और बेहतर करने के लिए नियोजित प्रयास की आवश्यकता है। भूमि आवंटन के उपरांत भूमि का समुचित उपयोग न करने वाली औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमि आवंटन अधिकतम तीन वर्षों के उपरांत रद कर दिया जाए। वह भूमि अन्य निवेशक को आवंटित किया जाना चाहिए। उन्होंने निवेश मित्र और निवेश सारथी पोर्टलों को और अधिक सहज व सरल बनाये जाने की आवश्यकता बताई। निवेशक छोटा हो या बड़ा, कार्यालयों के चक्कर न लगाना पड़े। 22 सितम्बर से प्रभावी हो रहे जीएसटी सुधारों का लाभ हर नागरिक को मिलना चाहिए। सीएम ने आशा जताई कि आम आदमी को सीधा लाभ होगा। रोजगार जोन के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने जिलों में सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित विशेष रोजगार जोन के विकास की कार्ययोजना पर चर्चा की। चरणबद्ध रूप से सभी जिलों में कम से कम 100 एकड़ में रोजगार जोन का विकास किया जाना है।

### रोड एक्सीडेंट में युवक की मौत से गुस्साए लोगों का लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर प्रदर्शन

**लखनऊ ।** राजधानी में रोड एक्सीडेंट में युवक की मौत से गुस्साए लोगों ने लखनऊ-सीतापुर हाईवे जाम करके जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। उनकी पुलिसकर्मियों से तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस अधिकारियों ने मामले में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। इस दौरान करीब 2 किलोमीटर लंबा जाम लगा। लगभग 1 घंटे ट्रैफिक प्रभावित रहा। मामला बख्शी का तालाब (बीकेटी) थाना क्षेत्र में बाबा पुरवा गांव के पास का है। बुधवार देर शाम नंदना गांव की रेलवे क्रासिंग के सामने बाबा पुरवा निवासी 32 वर्षीय ललित की रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। बृहस्पतिवार दोपहर में पोस्टमॉर्टम के बाद उनका शव गांव लाया जा रहा था।

# सरकारी नौकरियों में पिछड़ों, दलितों व गरीबों का हक छीन रही यूपी सरकार

▸ आप यूपी के सह प्रभारी का आरोप, भर्ती घोटाले बने भाजपा की पहचान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी दिलीप पाण्डेय ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में योगी सरकार पर भर्ती परीक्षाओं और चयन प्रक्रिया में खुलेआम हो रहे भ्रष्टाचार और घोटालों का आरोप लगाया।

यूपी में भर्ती के नाम पर जिस तरह से एक के बाद एक घोटाले सामने आ रहे हैं, उसने यह साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और हर उस गरीब नौजवान के खिलाफ है, जो अपनी मेहनत से अपनी किस्मत लिखना चाहता है। दिलीप पाण्डेय ने कहा कि 2022 से अब तक यूपी में भर्ती परीक्षाओं और चयन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। क्लोन आईडी स्कैम में 6 अलग-अलग जिलों में एक ही व्यक्ति ने अलग-अलग नाम और दस्तावेज़ लगाकर नौकरियां पा लीं। यह कोई अकेला मामला नहीं है, बल्कि पूरे सिस्टम में फैले भ्रष्टाचार के वटवृक्ष की एक शाखा है। विधानसभा व विधान परिषद की भर्तियों में 20 प्रतिशत नौकरियां सीधे-सीधे अधिकारियों, नेताओं और परीक्षा आयोजित करने वाले लोगों के रिश्तेदारों को मिलीं।

# मलेशिया गांव अवैध कब्जे पर एलडीए की कार्रवाई का विरोध

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** एलडीए की टीम का अवैध कब्जेदारों ने जमकर विरोध किया। एलडीए के बुलडोजर को देखकर 12-15 लोग छत पर चढ़ गए। महिलाओं ने खुद को घरों में अंदर से बंद करके हंगामा शुरू कर दिया। कब्जेदारों की एलडीए और पुलिस टीम से जमकर नोकझोंक हुई। इस दौरान एक लड़की बेहोश हो गई।

एलडीए और पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाते हुए कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस लोग शांत हुए और एलडीए टीम ने अवैध निर्माण तोड़ना शुरू किया। मामला गोमती नगर विस्तार के मलेशिया गांव का है। एलडीए अधिकारियों का कहना है कि प्राधिकरण की जमीन पर कब्जा करके 8 परिवार रहता है। उसे तोड़ा जा रहा है। कार्रवाई का विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि एलडीए टीम बिना किसी नोटिस के कार्रवाई कर रही है। आज दोपहर में जैसे ही एलडीए की टीम बुलडोजर के साथ मलेशिया मऊ में दाखिल हुई। अवैध रूप से प्राधिकरण की जमीन पर कब्जा जमाए लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। विरोध को देखते हुए पुलिस ने मोर्चा संभाला और लोगों को समझाने की कोशिश की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद अवैध कब्जेदार मोहम्मद सलीम और उनके परिजन छत से नीचे उतरे।



मलेशिया मऊ में प्राधिकरण की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके 8 परिवार रहता है। कब्जेदारों ने पक्का निर्माण कर लिया है। उन्हें सालभर में कई बार नोटिस देकर कब्जा हटाने को कहा गया, लेकिन उन लोगों ने उसे नजरअंदाज कर दिया। इस पर डुगडुगी बजवाकर कब्जा हटाने के लिए कहा गया। कब्जेदार फिर भी नहीं माने, इस पर आज बुलडोजर से अवैध निर्माण तोड़ा जा रहा है।

**प्रभाकर सिंह, जोनल अधिकारी एलडीए**

### एलडीए ने लगाई जनता अदालत, समस्या समाधान का आश्वासन

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए जनता अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। जहां मौके पर अफसरों ने उसकी शिकायत सुन कर जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। दिल्ली के वेस्ट पटेल नगर के रहने वाले चार्ल्स खन्ना ने बताया कि उनकी माता ज्योति खन्ना ने गोमती नगर विस्तार सेक्टर 4 में 2003 में प्लाट खरीदा था। लखनऊ विकास प्राधिकरण से खरीदे गए प्लाट की रजिस्ट्री 2008 में हुई थी। उसके बाद से लगातार प्लॉट पर कब्जा करने के लिए अफसर से गुहार लगा रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पहले शुरुआती सालों में टालमटोल करते रहे। जनता अदालत समाधान दिवस सहित कई जगह गुहार लगा चुके हैं पर कोई फायदा नहीं मिला। अब आज प्राधिकरण के अवसर बता रहे हैं कि वह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया है। उसका नतीजा आने के बाद ही निर्णय होगा।

# मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगों को बांटे ट्राईसाइकिल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य निधि के अंतर्गत एवं कामता प्रसाद सेवार्थ ट्रस्ट के सहयोग से उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज में आयोजित त्रिदिवसीय दिव्यांग कौशल प्रदर्शनी एवं दिव्य शक्ति प्रदर्शन के द्वितीय दिवस पर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मंत्री कश्यप ने प्रदर्शनी के प्रत्येक स्टॉल का भ्रमण कर दिव्यांगजनों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों एवं कलाकृतियों का अवलोकन किया तथा उनके कौशल और सृजनात्मकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग, नृत्य, गायन और श्लोक सामान्य बच्चों से किसी प्रकार कम नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस तरह के आयोजन प्रदेश के अन्य जनपदों में भी कराए जाएंगे, जिससे दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के अवसर प्राप्त होंम प्रधानमंत्री का सपना है कि देश का प्रत्येक दिव्यांग सशक्त और आत्मनिर्भर बने। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल, कृत्रिम अंग, स्मार्ट केन, ब्रेल किट आदि निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उच्च शिक्षा और निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के भरण-पोषण हेतु प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध करा रही है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि प्रदर्शनी में 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां दिव्यांगजनों एवं उनसे जुड़ी संस्थाओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया है। इसमें साड़ियां, कपड़े, मिट्टी के बर्तन, घरेलू सामान और अन्य हस्तशिल्प शामिल हैं, जिनसे उनकी आय के स्रोत को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत इस प्रदर्शनी को दिव्यांगजनों की ओर से प्रधानमंत्री जी को समर्पित बताया।

### यूपी को फार्मा हब बनाने की नई साझेदारी

**लखनऊ ।** लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी), लखनऊ में गुरुवार को उत्तर प्रदेश प्रोमोट फार्मा काउंसिल और एनआईपीईआर, रायबरेली के एमओयू हुआ। इस एमओयू से उत्तर प्रदेश को दवाओं व मेडिकल उपकरणों के निर्माण, अनुसंधान एवं नवाचार तथा कौशल विकास के क्षेत्र में फायदा मिलेगा। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश को फार्मा, बायोटेक व मेड-टेक क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि यह सहयोग केवल प्रतीकात्मक न होकर परिवर्तनकारी सिद्ध होगा। एनआईपीईआर के साथ साझेदारी से राज्य में स्किलिंग प्रोग्राम, रेगुलेटरी साइंस इनिशिएटिव्स तथा आर-डी गतिविधियों को गति मिलेगी।

# डिप्टी सीएम ने चिनहट सीएचसी का किया दौरा, साफ-सफाई को लेकर दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को चिनहट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। मरीजों और तीमारदारों से अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार हमारा लक्ष्य है।

हमारी सरकार गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध करा रही है। अस्पताल में आने वाले हर मरीज को इलाज उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इससे पहले डिप्टी सीएम बाराबंकी जिला अस्पताल भी पहुंचे थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से आमजन को सीधे लाभ पहुंचे। इस दिशा में हम बहुत तेजी से कार्य कर रहे हैं। प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर देश भर में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पतालों में आयोजित विभिन्न स्वास्थ्य गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक इन चिकित्सकीय इकाइयों पर पहुंचे।

# लखनऊ रेलवे स्टेशन पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 18 सितंबर को लखनऊ रेलवे स्टेशन पर ÷सफाई मित्र सुरक्षा शिविर÷ एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस अभियान के दौरान सफाई मित्रों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें स्वच्छता कार्य के दौरान स्वयं की सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रेरित करते हुए पीपीई किट प्रदान की गई, जिससे वे अपने कार्य को सुरक्षित और स्वस्थ तरीके से कर सकें। इस अवसर पर सभी सफाई मित्रों को शपथ भी दिलाई गई कि वे स्वच्छता कार्य के दौरान अपनी सुरक्षा और स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखेंगे। मण्डल के अन्य स्टेशनों वाराणसी, प्रयाग जं., अकबरपुर, अयोध्या धाम, बाराबंकी, जौनपुर, उन्नाव सहित अन्य रेलवे स्टेशनों पर चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत, ड्यूटी पर तैनात सभी हाउसकीपिंग कर्मचारियों/सफाई मित्रों को सुरक्षात्मक उपकरण (दस्ताने, मास्क आदि) वितरित किए गए। इसका उद्देश्य स्टेशन परिसर में स्वच्छता, सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता में लगे कर्मचारियों के स्वास्थ्य की रक्षा करना है। इस अभियान मे सफाई कर्मचारियों तथा रेल कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें बीमारियों से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता और कार्यस्थल पर सावधानियों से संबंधित महत्वपूर्ण परामर्श दिया गया।

निरीक्षण | लखनऊ में सार्वजनिक शौचालयों का गुरुवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया औचक निरीक्षण

# पब्लिक टॉयलेट में गंदगी मिलने पर अधिकारियों को लगी फटकार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** लखनऊ में सार्वजनिक शौचालयों का गुरुवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई शौचालयों में गंदगी और मूलभूत सुविधाओं के अभाव पाए जाने पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। बता दें, स्वच्छ सर्वेक्षण में पब्लिक टॉयलेट की खराब स्थिति पर स्वच्छता के नंबर कटे थे। महापौर ने सबसे पहले दया निधि पार्क के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण करने पहुंचीं। यहां पर साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से नदारद मिली। शौचालय परिसर में सफाई का कोई सामान उपलब्ध नहीं था। दुर्गंध फैली हुई थी। इस पर नाराजगी जताते हुए मेयर ने संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा जनता की सुविधा के लिए बनाए गए शौचालयों में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद मेयर ने जीपीओ स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया। यहां भी लापरवाही का आलम साफ दिखाई दिया।

महिला शौचालय में लगी सेनेटरी पैड डिस्ट्रॉय करने वाली मशीन लंबे समय से खराब पड़ी थी। वहीं, नए सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने वाली मशीन खाली मिली। इसके अतिरिक्त शौचालय परिसर में गंदगी पाई गई। महापौर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा यह स्थिति बेहद शर्मनाक है। इससे महिलाओं को भारी असुविधा होती है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार को निर्देश दिए कि लखनऊ के सभी सार्वजनिक शौचालयों की नियमित साफ-सफाई और मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा- शहर में स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था ही जनता को सुविधा प्रदान कर सकती है। इसके लिए किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। महापौर ने स्पष्ट किया कि दया निधि पार्क और जीपीओ शौचालय के रखरखाव में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार और कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने अधिकारियों से कहा हर सार्वजनिक शौचालय में सफाई कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित होनी चाहिए। सेनेटरी मशीनें और अन्य आवश्यक सुविधाएं समय-समय पर चेक की जानी चाहिए।

किसी भी तरह की शिकायत आने पर त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा नगर निगम द्वारा संचालित सभी शौचालयों को जनता की सुविधा के अनुरूप बनाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त, डॉ.अरविंद कुमार राव सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बीजेपी के जिला कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में कहा

# प्राइवेट लिमिटेड फैमिली पार्टी बनकर रह गया है विपक्ष

**2045 तक विपक्षी पार्टी के लिए प्रदेश व केंद्र में नो वैकेंसी का बोर्ड**

समृद्धि न्यूज






**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने किया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रहे। स्वागत भाषण करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज हम सभी कार्यकर्ता अभिभूत है कि आपने आज कार्यकर्ताओं से संवाद हेतु जिला कार्यालय पर पहुंचकर हम सभी का मान बढ़ाया इसके लिए आपका आभार।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज मैं यहां एक कार्यकर्ता की तरह आप सभी के बीच उपस्थित हूं और अपेक्षा करता हूं कि आप सभी लोग भी कार्यकर्ता के भाव से आमजन के बीच जाकर 2017 जैसे स्थिति का निर्माण करिए और 325 सीट हर हाल में लाना है। प्रदेश को विकास की तरफ ले जाना है तो संघर्ष करना होगा। आज विपक्ष नदारद है प्राइवेट लिमिटेड फैमिली पार्टी बनकर रह गया है। 2045 तक विपक्षी पार्टी के लिए प्रदेश और केंद्र में नो वैकेंसी का बोर्ड लगा हुआ है। कार्यक्रम में मंच का संचालन जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में सांसद डॉक्टर आनंद गोड, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, बलहा विधायक सरोज सोनकर ,एमएलसी डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी ,एमएलसी पदम सेन चौधरी, पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा,गौरव वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, नि- वर्तमान जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकडीवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह संचित ,जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह, सुषमा चौधरी, उमाशंकर तिवारी, सुवेद वर्मा, सुरेश गुप्ता, महामंत्री नन्हेलाल लोधी, मनीष आर्य, जिला मंत्री हेमा निगम, डॉ डिंपल जैन, सुनील श्रीवास्तव, संजय राव ,हरेंद्र विक्रम सिंह, कोषाध्यक्ष राजन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, अरुणेंद्र सिंह अंकित, अखिलेश यादव ,नितिन रुपानी, प्रभात शुक्ल,प्रमोद पांडे,रामकृपाल मिश्र, महिला मोर्चा संयोजिका रंजीता श्रीवास्तव सोनी व उनकी महिला मोर्चा की टीम, सभी मंडल अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम की समीक्षा बैठक से सपा विधायक बाहर



**विधायक ने अपमानित करने का आरोप लगाया, कहा- डिप्टी सीएम अपराधी हैं**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के दौरान एक समीक्षा बैठक में विवाद हो गया। समाजवादी पार्टी के कैसरगंज विधायक आनंद यादव को बैठक से बाहर जाने को कहा गया, जिसके बाद उन्होंने उपमुख्यमंत्री पर अपमानित करने और अपराधी होने का गंभीर आरोप लगाया। यह घटना कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ हो रही समीक्षा बैठक के दौरान हुई। विधायक आनंद यादव ने बताया कि उन्हें जिला प्रशासन द्वारा बैठक में आमंत्रित किया गया था। उनके पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री मौर्य ने उन्हें बैठक में शामिल न होने और जिलाधिकारी के चैंबर में बैठने को कहा। विधायक के अनुसार, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें कुछ अलग से बात करनी है। इस पर विधायक यादव ने अपने क्षेत्र की समस्याओं, जैसे जंगली जानवरों का आतंक और बच्चों की मौत, का जिक्र करते हुए अपनी बात रखने की कोशिश की। उपमुख्यमंत्री ने उन्हें अपनी बात कहकर चैंबर में बैठने को कहा। मीडिया से बात करते हुए विधायक आनंद यादव ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री एक अपराधी हैं और उन पर कई मुकदमे दर्ज थे, जिन्हें उन्होंने स्वयं वापस कराया है। विधायक ने आशंका जताई कि उन्हें बैठक से बाहर करके कोई नई योजना बनाई जा रही थी। इस घटनाक्रम को लेकर जिले में काफी चर्चाएं हो रही हैं।

# दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम



समृद्धि न्यूज

**मिहींपुरवा, बहराइच।** थाना मोतीपुर परिसर में बृहस्पतिवार को शाम चार बजे दशहरा और दुर्गा पूजा पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा राम दयाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा ने उपस्थित लोगों से कहा कि दुर्गा मूर्ति का स्थापना बिना अनुमति के स्थापित न करें तथा दुर्गा पांडाल में तेज ध्वनि के साउंड सिस्टम न लगायें जिससे किसी को दिक्कत हो वहीं शान्ति पूर्वक दुर्गा प्रतिमा स्थापित करें।

इस मौके पर मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने दुर्गा पूजा पांडाल कमेटी के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कोई अवांक्षित तत्व दुर्गा पांडालों में आयें तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। जिससे अवांक्षित तत्वों से निपटा जा सके और सभी की सुरक्षा और रक्षा का दायित्व है। इस मौके पर 68 कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी लोग दुर्गा मूर्ति के लिए स्थापित पांडालों में शांति और सौहार्द पूर्वक दुर्गा पूजा करें। इस मौके पर प्रमुख रूप से थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया, जालिम नगर एस एस आई , कृष्ण चौकी प्रभारी?, मिहींपुरवा चौकी प्रभारी राघवेंद्र सिंह,बलईगांव चौकी प्रभारी शिवेश शुक्ला, गायघाट शोमनाथ यादव चौकी प्रभारी, दौलतपुर चौकी प्रभारी सुरेश चंद गिरी तथा 19 उप निरीक्षक 25 आरक्षी समेत सैकड़ों की संख्या में दुर्गा मूर्ति पंडालों के अध्यक्ष और समिति के लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### करंट लगने से महिला की मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** टुल्लू पंप में करंट उतरने से महिला की मौत हो गई है। थाना देहात कोतवाली क्षेत्र के पाठक पुरवा घनई पट्टी पूरे पाठक निवासी अनिल कुमार की पत्नी गुड़िया 40 की टुल्लू पंप में करंट उतरने से मौत हो गई है। प्रधान प्रतिनिधि शिव कुमार शुक्ल ने बताया कि गुड़िया देवी इसी थाना क्षेत्र के ही माधवपुर में अपने मायके गई हुई थी। गुरुवार को टुल्लू पंप चलाते समय करंट लगने से मौत हो गई। पति अनिल कुमार गैर प्रांत में प्राइवेट नौकरी करता है।उप निरीक्षक गोलू तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना ससुर विद्याधर पांडेय ने दिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुड़िया के एक बेटा हिमांशु एक बेटी प्रियांशी 16 साल की है।

### एफपीओ पर पहुंचकर किसानों से जानकारी ली

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** बेलसर ब्लॉक क्षेत्र के लौव्वा टेपरा ग्राम पंचायत स्थित अथरिष्ट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एफपीओ पर आईटीसी वाइस प्रेसिडेंट मयूर गोहिल, नेशनल एग्री मैनेजर मार्स किशोर नायडू, एग्रीइनपुट यूपी मैनेजर मानस रंजन, एरिया मैनेजर पवन राय और जिले के आईटीसी इंचार्ज विनय त्रिपाठी पहुंचे। सीईओ कुलदीप मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के दर्जनों किसानों से खेती किसानी के बारे में विस्तृत चर्चा ली। उन्होंने किसानों से उर्वरक के समुचित उपयोग के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मनीष तिवारी, राम सरन मिश्रा, मुकेश शुक्ला, संजय उपाध्याय, संदीप, पवन तिवारी सहित तमाम लोग रहें।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बाढ़ के पानी में मिला बुजुर्ग का शव

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** कोतवाली नानपारा क्षेत्र अंतर्गत वेतनहिया ग्राम पंचायत के अचलदास पुरवा मोड़ के पास पुल के नीचे गुरुवार दोपहर एक बुजुर्ग का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर सैकड़ों की भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों ने गांव निवासी राम अचल पुत्र भगवानी उम्र करीब 65 वर्ष के रूप में पहचान की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार यादव सहित अन्य स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब 20 वर्ष से गांव में निवास नहीं करता था। रिसिया इलाके में रहता था। इनके तीन बच्चे हैं। वह सब प्रदेश में परिवार के साथ रहते हैं। कयास लगाई जा रही है कि पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया होगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल नानपारा रामाज्ञा सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**झझरी गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कौड़ियां थाना क्षेत्र के जगदीश पुर तेलियन पुरवा निवासी 25 वर्षीय रमजान अली पुत्र इमरान साइकिल से बाजार की तरफ बृहस्पतिवार की सुबह आ रहा था। किसी अज्ञात वाहन ने गांव के चौराहे के पास ही पीछे से टक्कर मार दिया। जिस से सड़क के किनारे घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। जिस को गांव के कुछ लोगो ने घर पर सूचना देकर एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजवाया। चिकित्सक ने देख ने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

### प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस पर बहा जीवनदान का अमृत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर जब देशभर में सेवा और समर्पण का संदेश गूंज रहा था, उसी कड़ी में बहराइच के जिला अस्पताल का वातावरण भी मानवता की खुशबू से भर गया। रेडक्रॉस सोसायटी, भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 75 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। शिविर की सबसे खास बात यह रही कि इसकी शुरुआत जिले के सांसद आनंद गोंड और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने स्वयं रक्तदान करके की। दोनों ने अपनी आस्तीन ऊपर कर युवाओं को प्रेरित किया और यह संदेश दिया कि जीवन बचाने की सबसे बड़ी सेवा रक्तदान से बढ़कर कोई नहीं। रक्तदान करते हुए सांसद आनंद गोंड ने कहा, यह रक्त किसी अजनबी के जीवन को बचाने के काम आएगा। वहीं, सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने कहा, रक्तदान से स्वास्थ्य पर कोई विपरीत असर नहीं होता, बल्कि यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। आज इस अवसर पर अधिक से अधिक युवाओं को आगे आना चाहिए। रक्तदान करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, डॉ. आनंद कुमार, सोम्या मिश्रा, वाजिद अली, नीतू गुप्ता, जावेद अंसारी, सौरभ तिवारी आदि शामिल रहे। इनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्यकर्मियों और आम नागरिकों ने भी रक्तदान किया। जिन युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया, उनके चेहरों पर गर्व और संतोष साफ झलक रहा था।

# नवरात्रि त्यौहार के लिए प्रशासन ने कसी कमर



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** आगामी नवरात्रि त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों ने आयोजकों एवं डीजे संचालकों के साथ खैरीघाट थाने के समीप स्थित ओम लान में बैठक आयोजित की।

अध्यक्षता उप जिलाधिकारी महसी आलोक प्रसाद, तहसीलदार नानपारा अम्बिका चौधरी ने की। एसडीएम आलोक प्रसाद ने कहा कि त्यौहारों में संवेदनशीलता बनी रहती है। जिसको लेकर प्रशासन अलर्ट है। आप सभी से अपील है कि शांति पूर्वक एवं भाईचारे के साथ त्यौहार मनाए। असामाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान रखें। माहौल को खराब करने वालों की सूचना तत्काल प्रशासन को दे। कोई नई परम्परा स्थापित न करें। डीजे संचालक केवल भक्ति गीतों का प्रसारण करेंगे। किसी अन्य समुदाय के लोगों को आहत करने वाले गाने को न बजाए।

धीमी आवाज में डीजे बजाए। तहसीलदार नानपारा अम्बिका प्रसाद चौधरी ने गाइडलाइन का जिक्र करते हुए कहा कि उदंडता करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ग्राम प्रधान बेहडा सूर्य प्रताप सिंह उर्फ बुल्लू, चन्द्रकेतु सिंह, प्रमोद मिश्रा, राजकुमार मिश्रा (महासमिति सदस्य) आदि ने भी शांति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष राशिद अली खान ने कहा कि सभी दुर्गा पूजा आयोजनकर्ता शांति पूर्वक त्यौहार को मनाए। उन्होंने महराजगंज हिंसा के काले दिन का जिक्र करते हुए कहा कि उस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए पुलिस ने पूरी तैयारी की है। आप सबका सहयोग भी अपेक्षित हैं।

# कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी : राजकुमार पाण्डेय

**राजकुमार पांडेय ने संभाला विशेश्वरगंज थाने का चार्ज**

समृद्धि न्यूज



**विशेश्वरगंज,बहराइच।** विशेश्वरगंज थाने का चार्ज संभालते ही नवागत थाना अध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने अपने तेवर साफ कर दिए हैं। पूर्व प्रभारी ज्ञान सिंह के स्थानांतरण के बाद पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों के शोर पर नकेल कसने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। एसओ पांडेय ने पुलिस गश्त को और तेज कर दिया है।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी पुलिसकर्मी रात में अपनी-अपनी गाड़ियों पर हूटर बजाते हुए लगातार गश्त करें और गाँव-गाँव भ्रमणशील रहें। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अफवाहों और नाजायज शोरगुल से बचें तथा अपने-अपने घरों की चौकसी खुद भी मजबूत करें। महिलाओं व बच्चियों को रात में घर से बाहर न निकलने की सलाह दी। एसओ ने यह भी स्पष्ट किया कि अराजक तत्वों की पहचान कर जल्द ही कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

नए थाना अध्यक्ष के कड़े रुख और सख्त कार्यशैली से ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि क्षेत्र में चोरियों पर जल्द ही पूरी तरह लगाम लगेगी और सुरक्षा का माहौल कायम होगा। मीडिया से रूबरू होते हुए थाना अध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जनता की सुरक्षा है। अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली जिम्मेदारी है।

## प्रतिमा विसर्जन को लेकर एसडीएम ने घाट का किया निरीक्षण

**मिहींपुरवा, बहराइच।** एसडीएम ने आगामी मूर्ति विसर्जन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए विसर्जन घाट का निरीक्षण किया है, जिसमें उन्होंने गायघाट सरयू घाट की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों को दिए हैं निरीक्षण के दौरान, भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल की तैनाती और फिसलन से बचाव के उपायों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। उप जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था भारी भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उप जिलाधिकारी राम दयाल ने घाट पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रकाश व्यवस्था, सड़क मरम्मत अन्य सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देशित किए।

## कोर्ट के आदेश पर चार लोगों पर दलित को पीटने का मुकदमा दर्ज

**झझरी गोंडा ।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के जमदरा गांव के निवासी हरिश्चंद्र पुत्र राम दास ने न्यायालय में एक वाद दायर किया कि उस के गांव के दिलशाद पुत्र सिराज जोड़्हे पुत्र जवाद शाहिद पुत्र सद्दीक जम्मू पुत्र गुल्ले उस की आबादी की जमीन को कब्जा करना चाहते है। जिस की शिकायत कोतवाली देहात में किया तो दोनों पक्षों को बुला कर बीते 27 जून को सुलह करा दिया।

इसके बाद बीते 7 जुलाई को पुनः दिलसाद सहित चार पांच लोग उस की आबादी की जमीन पर निर्माण कराने के लिए खुदाई करने लगे। मना करने पर उस को और उस के बच्चो को घर में घुस कर मारा पीट गया। अपशब्द बातो का प्रयोग कर के गाली गलौज किया गया। जिसकी शिकायत थाने पर पुलिस अधीक्षक से मिलकर किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर न्यायालय में बाद दायर किया। न्यायालय के आदेश पर दिल शाद जोड़्हे शाहिद जम्मू के खिलाफ में दलित एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया।

# प्रिंसिपल ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित हुए प्रधानाचार्य मेजर डॉ. राजेश द्विवेदी

समृद्धि न्यूज़



**गोंडा।** बीते 17 सितंबर 2025 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रेडिसनब्लू होटल में आयोजित एक वृहद समारोह जिसमें राष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविदों को बुलाकर सम्मानित किया गया।। यह समारोह देश में शिक्षा के क्षेत्र में होने वाला अकेला ऐसा वृहद कार्यक्रम है जिसे वर्ड बुक आफ रिकॉर्ड लंदन में दर्ज किए जाने की कयावद जारी है।

इसका आयोजन देशभर के 10 बड़े शहरों में किया गया उद्देश्य था देश भर में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दिए जाने वाले शिक्षाविदों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करना। इसी क्रम में गोंडा शहर में स्थित श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी गोंडा जिसके प्रधानाचार्य मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी को संस्था के उत्थान एवं उत्कृष्ट सुधार हेतु प्रिंसिपल ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मेजर द्विवेदी ने इस सम्मान का श्रेय समस्त विद्यालय परिवार के सदस्यों सहित संस्था के प्रशासक एवं अपर जिलाधिकारी गोंडा आलोक कुमार के मार्गदर्शन को दिया। संस्था के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों सहित क्षात्र, छात्राओं ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। शिक्षक एमएलसी प्रतिनिधि एवं विद्यालय के शैक्षिक संरक्षक विनय कुमार शुक्ल, प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह एवं मंत्री सहदेव सिंह ने इस उपलब्धि को विशेष माना है तथा शुभकामनाएं प्रदान किया है।

# बैग मिलने से खिले प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के चेहरे

समृद्धि न्यूज



**मनकापुर/ गोण्डा।** तहसील मनकापुर जुआरी फार्म हब लिमिटेड (जय किसान जंक्शन) के द्वारा 18 सितम्बर को प्राथमिक विद्यालय राधानगर शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के बच्चों को निःशुल्क बैग का वितरण किया गया व कैम्प लगाकर किसानों को जय किसान जंक्शन और खाद, बीज, दवा और सफल तरीके से खेती करने का जानकारी दिया गया।

साथ ही जय किसान जंक्शन पर उपलब्ध प्रोडक्टों के बारे में भी बताया गया जिसमें कंपनी के मार्केटिंग हेड अजय सिंह चौहान ने बताया आज के समय में आधुनिक तरीके से खेती करना चाहिए क्योंकि आज के समय में सफल और सब्जियों में भी तरह-तरह की बीमारियां और तरह-तरह के कीड़े-मकोड़े लगने लगे आधुनिक तरीके से खेती और समय-समय पर फसल को देखते रहना चाहिए जिससे उनको उचित समय पर दवा जब मिल जाएगा तो बीमारियां और कीड़े सब नष्ट हो जाएंगे और फसलों और सब्जियों की पैदावार अधिक होगी इससे सभी किसानों का अधिक लाभ होगा और सभी किसान भाई खुशहाल रहेंगे और मार्केटिंग हेड के सहयोगी विकेश कुमार ने भी किसानों और बच्चों को कई प्रकार की दवाईयों और बीजो के बारें में अच्छे से जानकारी दिये और इन्ही लोग के साथ जय किसान जंक्शन स्टोर मनकापुर के मैनेजर नरसिंह कुशवाहा नें अपने स्टोर पर उपलब्ध सभी प्रोडक्टों के बारे में बताया और कहां की आप लोग हमारे जय किसान जंक्शन से किसी भी प्रकार की खाद, बीज, दवा, आप खरीदिए हम आप लोगों को सबसें अच्छी और उचित रेट पर खाद एवं बीज और दवा सब उपलब्ध करयेंगे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनीता सिंह, अध्यापक व कुछ ग्रामीण किसान भी मौजूद रहे। सभी लोग छोटे-छोटे बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# कहानी कनेर के फूल को मिला विवि बलरामपुर में स्थान



समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** साहित्य जगत में बहुत कम समय में धूम मचाने वाला लोकप्रिय कहानी संग्रह कनेर के फूल को मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर उत्तर प्रदेश के स्नातक पाठ्यक्रम में सम्मिलित कर लिया गया है।

कनेर के फूल कहानी संग्रह से हिन्दी स्नातक के छात्र कहानी परम्परा के ज्ञान से समृद्ध होंगे वहीं रचनात्मक प्रवृत्ति से प्रेरित होकर प्रवीण विद्यार्थी बनेंगे।साहित्यकार राजेश ओझा की कृति कहानी संग्रह साहित्य अमेजन प्लेट फार्म पर हिन्दी भाषा में प्रथम और अन्य भाषाओं में द्वितीय स्थान पर रही है।कनेर के फूल दिल्ली के विश्व पुस्तक मेले में पाठकों द्वारा मांगी जाने वाली सर्वाधिक लोकप्रिय पुस्तक रही है। साहित्य के इतिहास में गोस्वामी तुलसीदास के बाद पहली बार हुआ है कि जनपद का साहित्य किसी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में आया है। यह जनपद का गौरव है कि यहाँ के साहित्यिक मनीषी डाक्टर सूर्यपाल सिंह के साथ शिवाकान्त मिश्र विद्रोही,शशांक भारतीय, सतीश आर्य जैसे साहित्यकारों का साहित्य भी पाठ्यक्रम के लिए मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के लिए चयनित हुआ है।

अधिवक्ता साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद ने बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी महामंत्री संजय कुमार सिंह, भगवती प्रसाद पाण्डेय, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र, कौशल कांत शुक्ल, राम फेर प्रजापति, प्रकाश चंद्र अग्निवेष, चंद्र प्रकाश तिवारी, संतोष ओझा, देव प्रकाश ओझा, पूर्व महामंत्री विनय मिश्र,पूर्व महामंत्री जगन्नाथ प्रसाद शुक्ल, पूर्व महामंत्री अजीत कुमार श्रीवास्तव, अवधेश कुमार शुक्ल भंडहा, सैफ खान, गिरधारी प्रजापति, रवि यादव, सुनील कुमार पाण्डेय आदि सैकड़ों अधिवक्ताओं ने साहित्यकार राजेश ओझा का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित करते हुए बधाई दिया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महामंत्री ने कहा कि यह गौरव पूर्ण उपलब्धि हमारे अधिवक्ता और साहित्य समाज के लिए गर्व की बात है।

**प्रदर्शनी**

तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय ने किया पीएम मोदी चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

# गांधी पार्क के पास लगी पीएम के जीवन संघर्ष व सेवाभाव की प्रदर्शनी

समृद्धि न्यूज







**गोंडा।** सूचना विभाग की ओर से गांधी पर के बगल में स्थापित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित 15 दिवसीय भव्य चित्र प्रदर्शनी का तरबगंज के विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय एवं लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज की प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने उद्घाटन कर शुभारंभ किया। प्रदर्शनी के शुभारंभ के पश्चात उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस मौके पर भाजपा के कई पदाधिकारी कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

अवलोकन करने के बाद तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय ने मीडिया से बात करते हुये बताया कि प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के जीवन के बाल्यकाल से लेकर अब तक के विभिन्न आयामों, जनसेवा की यात्रा, राष्ट्रनिर्माण के संकल्प, सांस्कृतिक विरासत एवं संस्कृति के पुनरोद्धार के साथ ही उनके नेतृत्व में देश व प्रदेश भर में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

हमारे प्रधानमंत्री का जीवन संघर्ष, राष्ट्रसेवा और अनुशासन सभी के लिए अनुकरणीय है। प्रधानमंत्री की जीवन यात्रा किसी सपने से कम नहीं है, युवा शक्ति उससे प्रेरित होकर राष्ट्र सेवा में अपना सक्रिय योगदान दे सकती है। प्रधानमंत्री जी ने हमारे देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से ही पूरे प्रदेश व गोंडा का विकास हुआ है जहां पहले के समय में गोंडा बिजली पानी व सड़क से वंचित था वहीं अब बेहतरीन सड़के व 24 घंटे लाइट और पानी की व्यवस्था हुई है, जिससे गोंडा वासी काफी खुश है। उन्होंने प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा कि आपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों का खात्मा हो गया है और इससे हमारे देश का गौरव बढ़ा है।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वह अपने व्यस्त जीवन से कुछ समय निकालकर शहर के बीचो-बीच बने गांधी पार्क के बगल में 02 अक्टूबर तक स्थापित चित्र प्रदर्शनी का निःशुल्क अवलोकन अवश्य करें और अपने लोकप्रिय प्रधानमंत्री के अनछुए पहलुओं को जानें। इस मौके पर भाजपा के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष, भाजपा के जिला महामंत्री, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता हुआ आमजन मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### एचटी लाइन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** एचटी लाइन की चपेट में आने से बुजुर्ग की हुई दर्दनाक मौत चन्दापुर थाना क्षेत्र के पूरे ज्वाला मजरे जनई गांव के बुजुर्ग राजाराम यादव जानवर चराने के लिए निकले हुए थे वहीं पिछले 6 माह से एचटी लाइन का पोल टूटा हुआ था और लाइन लगभग जमीन से 5 फीट ऊपर तारों में करंट दौड़ रहा था करंट की चपेट में आने से राजाराम यादव पुत्र बाबू की मौत हो गई परिजनों द्वारा उन्हें शाम से ही ढूंढना शुरू किया देर रात उनका शव एचटी लाइन के नीचे मिला वहीं ग्रामीण विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं और कह रहे हैं कि अगर खंभा सही कर दिया जाता तो गरीब किसान की जान नहीं जाती लेकिन विद्युत विभाग अपनी मनमानी पर उतारू हैं जिसके कारण आज एक व्यक्ति ने अपने प्राणों से हाथ धो दिया वही मामले की जानकारी होते ही चन्दापुर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### शादी से मना करने पर गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**डलमऊ रायबरेली।** युवती के शादी से मना करने के बाद युवक द्वारा गाली गलौज करने का मामला संज्ञान में आया है युवती ने पुलिस से मामले की शिकायत करते हुए आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है यहां की रहने वाली एक युवती ने कोतवाली डलमऊ में प्रार्थना पत्र देते हुए शिकायत की है कि खीरों थाना क्षेत्र के दुन्दी खेड़ा सेमरी गांव निवासी अंकित कुमार पुत्र जगदीश पीड़िता से शादी करने के लिए कह रहा है जिस पर उसने शादी करने के लिए मना कर दिया तो आरोपी उसे गंदी गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है आरोपी द्वारा किए जा रहे हैं इस कृत्य से पीड़िता काफी परेशान है पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया गया है कार्यवाही की जा रही है।

### श्री श्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति आंख अस्पताल स्वर्णिम वर्ष मनाएगा

**सीतापुर।** श्री श्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति आँख अस्पताल की बैठक शहर के प्रेमनगर स्थित जैन मंदिर सभागार में की गयी। इस वर्ष समिति 50वी वर्षगांठ मना रहा है। पंडाल बिलकुल केदारनाथ की तरह तैयार किया जा रहा है, जिसमे भव्यता व कलात्मकता झलकेगी पंडाल पश्चिम बंगाल से आए शिल्पीकार कौशिक मुखर्जी एव उनके सहयोगी के द्वारा तैयार किया जा रहा है। बैठक के दौरान सामूहिक रूप से तय हुआ कि 27 सितंबर महापंचमी की शाय 5 बजे स्वर्णिम वर्ष पर बंगाली परिधान पहने महिला ढाकियो के साथ माँ दुर्गा की भव्य शोभा यात्रा आँख अस्पताल से लेकर घंटाघर तक निकाली जाएगी। भव्य शोभा यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा से किया जाएगा, जो बंगाल की संस्कृति को दर्शाएगी। इस शोभा यात्रा में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। बैठक में यह भी निर्णय हुआ की महाअष्टमी की शाम आरती के उपरांत समाज को सन्देश देने वाली नाट्य मंचन प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक के दौरान एन एन चटर्जी, रंजीत दास, विश्वजीत पोले, आकाश राय, संजीव दास, दीपक विश्वास, अरिंदम दास, रत्नेश द्विवेदी, विकाश हिन्दू, विश्वीर गुप्ता, आकाश अग्रवाल, अनूप खेतान, सरिता जैन, सचिन त्रिपाठी, डॉ वीरेन्द्र आर्या, आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

### प्राचीन गुरु दयालु उदासीन आश्रम कटरा पर हुआ भंडारा

**सीतापुर।** खैराबाद अपनी प्राचीन विरासत के लिए जाना जाता है इसको संगतों के शहर भी कहे तो गलत नहीं होगा ।ज्यादार सम्प्रदाय की संगत इस कस्बे में आज भी अपने पुराने इतिहास की जीती जागती मिशाल हैं। कस्बे में मोहल्ला कटरा में उदासीन आश्रम में गुरुपर्व पर एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें ।देश के कई हिस्सों से श्रद्धालु भाग लेने आए आश्रम के महंत महाराज दामोदर शरण दास ने सभी आए हुए श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया इस मौके पर आश्रम के प्रबंधक संतोष मिश्रा ने बताया कि आज गुरु पर्व है और इस पर्व पर ये भंडारा होता आया है जिसमें हजारों बटुक शामिल है और देश के कई हिस्सों से साधु सन्त हर वर्ष आते है ।लाखों लोगों की आस्था से जुड़ा है ये पर्व ।देश के अन्य प्रदेशों से आये हुए श्रद्धालु जानो के रुकने और ठहरने की पूरी व्यवस्था आश्रम की तरफ से नि :शुल्क की जाती है । आश्रम के लाखों अनुयाई है जो इस दिन एक साथ आपको आश्रम पर मिल जायेंगे विदेशों से भी कुछ भक्त आते है ।

### मौलिक अधिकार पार्टी ने सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार को मौलिक अधिकार पार्टी ने अपनी सात सूत्रीय मांगों का राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। मौलिक अधिकार पार्टी के अनुसार मांगों में अति पिछड़े वर्गों का पृथक आरक्षण देने, सम्पूर्ण शिक्षा एवं प्रशिक्षण मुफ्त करने, सम्पूर्ण चिकित्सा व प्रशिक्षण मुफ्त करने, नौकरी व रोजगार मुहैया कराने, कार्यपालिका व न्यायपालिका के कार्यों का अलग अलग बंटवारा करने, खुदरा व्यापार में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का प्रवेश वर्जित करने व अन्य स्थानीय मांगें शामिल हैं। इस अवसर पर मौजूद रहे पार्टी पदाधिकारियों में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी शास्त्री, जिलाध्यक्ष राम विलास वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता प्रेमशंकर शर्मा, फूलचंद्र गौतम, केपी सविता, सुरेश कुमार बौद्ध, जसवंत सरोज, सुमित्रा देवी, दीनदयाल विश्वकर्मा, आदि मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी से मचा हड़कंप, पनीर व साबूदाना के नमूने एकत्रित किए

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सहायक खाद्य आयुक्त सतीश कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार नवरात्र एवं दशहरा पर्व के अंतर्गत शासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने अलग–अलग प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण कर कार्रवाई की गई है। ग्राम किशनपुर स्थित पनीर विक्रेता सुरेंद्र कुमार के प्रतिष्ठान पर निरीक्षण के दौरान लगभग 50 किलोग्राम पनीर बिक्री हेतु पाया गया। मिलावट की आशंका को देखते हुए पनीर का नमूना जांच के लिए संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजा गया है। विक्रेता के पास खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत अद्यतन पंजीकरण पाया गया ।वहीं,थाना फुरसतगंज क्षेत्र की नहर कोठी में स्थित शिव किराना स्टोर, जिसके स्वामी विजय कुमार गुप्ता हैं, निरीक्षण के दौरान बिक्री हेतु रखा गया साबूदाना संदेहास्पद पाया गया है। विभाग ने साबूदाना का भी नमूना जांच के लिए लिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर सिद्दीकी ने बताया कि नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में बृहस्पतिवार को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक आदेश दिये गए।

### चोरी और अफवाहों के डर से रातभर पहरा दे रहे ग्रामीण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में इन दिनों अफवाहों का खौफ लोगों की नींद छीन रहा है। चोरी और संदिग्ध गतिविधियों की चर्चाओं ने ग्रामीणों को इतना डरा दिया है कि लोग मजबूरन रातभर जागकर पहरा दे रहे हैं। ग्रामीण लाठी–डंडा लेकर रात को गश्त करते हुए कई गांवों में लोग दिनभर खेतों में मेहनत करने के बाद रात को टोली बनाकर चौकसी कर रहे हैं। हालात ये हैं कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नजर आते ही ग्रामीण उसे पकड़ लेते हैं। बीती रात भी ग्रामीणों ने एक युवक को संदिग्ध समझकर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। जांच में पता चला कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था और उसका किसी आपराधिक गतिविधि से कोई संबंध नहीं है। जनपद में पुलिस कई चोरियों का खुलासा कर चुकी है जिसमें घटनाएं झूठी पाई गई हैं। पुलिस का कहना है कि अब तक चोरी का कोई संगठित गिरोह सामने नहीं आया है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि डर की वजह से वे रातभर पहरा देने को मजबूर हैं। महिलाएं और बच्चे तक डरे हुए हैं। जनपद पुलिस और प्रशासन लगातार लोगों को समझाने में जुटा है। जब तक अफवाहों पर रोक नहीं लगती है, तब तक ग्रामीणों की चौकसी और डर दोनों जारी रहेंगे। जिसके चलते जनपद पुलिस लाउडस्पीकर से लोगों को सतर्क रहने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

**पंचायत सामान्य निर्वाचन 2026**

# चुनाव व्यवस्था को एडीएम (प्रशासन) नोडल अधिकारी नामितः डीएम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली हर्षिता माथुर ने राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के अधीक्षण, निर्देशन एवं नियंत्रण में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण निर्विघ्न सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विभिन्न समस्त तैयारियों ससमय पूर्ण कराने, निर्वाचन सम्बन्धी सम्पूर्ण व्यवस्थाओं को सम्बन्धित अधिकारियो से समन्वय स्थापित करते हुए समयानुसार पूर्ण कराने तथा राज्य निर्वाचन आयोग, उप्र द्वारा जारी आदेशों/दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने एवं जनपद स्तर पर निर्वाचन सम्बन्धी आयोजित होने वाली बैठकों/प्रशिक्षणों एवं निर्वाचन कार्यो का सुचारू रूप से पर्यवेक्षण किए जाने के लिए अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ को नोडल अधिकारी, सम्पूर्ण निर्वाचन व्यवस्था, पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 नामित किया है, जो जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) एवं मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) रायबरेली के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 से सम्बन्धित समस्त कार्यों/व्यवस्थाओं को सकुशल एवं सुचारू रूप से सम्पादित कराना सुनिश्चित करेंगे।

## महराजगंज थाना क्षेत्र में लाखों की चोरी

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



चोरों ने एक घर को बनाया निशाना लाखों का माल किया पर महराजगंज थाना क्षेत्र के कैर ग्राम पंचायत के राम प्रताप ने बताया कि मैं कैर गांव का निवासी हूं और यहां कोरचक में सड़क के ऊपर मकान बनाकर यही रहता हूं अजय चक्की के बगल में मेरा मकान है आज रात्रि में मेरे घर के पीछे से सेंड काट कर अज्ञात चोरों द्वारा ?25000 नगद सहित मेरी बेटियों का जो जेवर रखा हुआ था उसे भी उठा ले गए सुबह जब मैं जागा तो देखा कि घर के पीछे से सेंड काटी गई है हम लोगों ने जब तलाशी लेना शुरू किया तो ?25000 नगद हुआ लाखों का जेवर गायक हो गया था लगभग ढाई से पौने तीन लाख तक की समान पर हो गई है । चोरी की घटना के बाद 112 को फोन किया गया उसके बाद कोतवाली पुलिस के पास पहुंचकर मेरे पुत्र द्वारा तहरीर भी दी गई है कोतवाली पुलिस के सिपाही आए थे और जांच पड़ताल किया गया है। मामले में सीओ प्रदीप कुमार ने कहां पीड़ित तहरीर दे हम टीम लगाकर कार्यवाही करवाते हैं।

### गाली-गलौज एवं मारपीट करने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

दुर्गा मूर्ति स्थापना के लिए साफ सफाई कर रहे युवक के साथ कुछ लोगों ने गाली गलौज एवं मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के हजियापुर मुजरे तेरुखा गांव निवासी सचिन कुमार पुत्र अवधेश कुमार ने कोतवाली डलमऊ में तहरीर देते हुए बताया कि बीते 16 सितंबर को समय लगभग 10:00 बजे वह दुर्गा मूर्ति की स्थापना के लिए साफ सफाई कर रहा था तभी गांव निवासी शिवकुमार रामचंद्र ननकू पुत्रगण राम प्रसाद एवं श्रीदेवी पत्नी राम प्रसाद आए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे पीड़ित ने जब आरोपियों को गाली गलौज करने से मना किया तो सभी आरोपियों ने उसे लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया जिससे उसके सर पर काफी चोटे आई हैं तथा बीच बचाव के लिए आए गांव निवासी रंजीत पुत्र हरिशंकर को भी आरोपियों ने जमकर मारा पीटा जिससे उसे भी काफी चोटे आई हैं आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है कार्यवाही की जा रही है।

## विश्वकर्मा भगवान की तरह पीएम मोदी कर रहे हैं देश का निर्माणः प्रभात साहू



**महराजगंज, रायबरेली।** साहू समाज द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा एवं नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस पर लालगंज कस्बे में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महराजगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू रहे प्रभात साहू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृजन का देवता माना जाता है और इस दिन पूजा अर्चना करने से उनकी विशेष कृपा भक्तों पर बरसती है तो वहीं नरेंद्र मोदी के 75 में जन्म दिवस पर कहा कि नरेंद्र मोदी भगवान विश्वकर्मा की तरह देश का विकास कर रहे हैं और आधुनिक रूप से अगर देखा जाए तो भगवान विश्वकर्मा की झलक नरेंद्र मोदी में साफ झलकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस केक काटकर धूमधाम के साथ मनाया गया। वही साहू समाज के जिला अध्यक्ष संतोष साहू ने आए हुए अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। इस मौके पर दया शंकर साहू, राजाराम, मास्टर गब्बर सभासद सुनील वैश्य, रोहित वैश्य, हरिशंकर साहू सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## विधायक रामलाल अकेला ने पीड़ित परिवार से मिलकर हर संभव मदद कर दिया आश्वासन

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



चन्दापुर थाना क्षेत्र की महिला का निधन सोमवार को हो गया था 4 दिन पहले अशर्फाबाद ग्राम पंचायत की शिवानी पत्नी रामनेवाज बच्चे को जन्म जिला अस्पताल में हुआ था जहां सोमवार को अचानक महिला की तबीयत बिगड़ने की वजह से उसकी मौत हो गई थी और परिजनों द्वारा डॉक्टर और नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाया गया था बुधवार को करणी सेना के संरक्षक रमेश बहादुर सिंह करणी सेना के जिला अध्यक्ष मोनू सिंह भदौरिया तथा अमावा प्रधान संघ अध्यक्ष ऋषि सिंह के द्वारा डीएम ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन किया गया था उसी कड़ी में आज पूर्व विधायक बछरावां विधानसभा रामलाल अकेला द्वारा अशर्फाबाद गांव पहुंचकर पीड़ित को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया और अधिकारियों से भी बात की । इस मौके पर राजेश सिंह फौजी आनंद सिंह लाखन सिंह मेजर सिंह शैलेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मुसाफिरखाना में चला 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान

**अमेठी।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बृहस्पतिवार को नगर पंचायत मुसाफिरखाना में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार एवं नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में सभी कर्मचारियों से टीम वर्क और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का लक्ष्य केवल स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन करना ही नहीं, बल्कि शहर को हमेशा स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना भी है। कार्यक्रम में अयोध्या मंडल के कार्यक्रम प्रबंधक वैभव पांडेय तथा जनपद अमेठी के डीपीएम सूर्य प्रताप ने कर्मचारियों को डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण, कचरे के पृथक्करण और वैज्ञानिक निस्तारण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए नगर पंचायत के सभी सफाई मित्रों को शपथ दिलाई गई।

## श्रद्धा और अल्लाह से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**लहरपुर, सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**




आदि शिल्पी, निर्माण और सृजन के देवता भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारी श्रद्धा एवं उल्लास पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा विधि विधान से की गई। प्रमुख कार्यक्रम क्षेत्र के विश्वकर्मा मंदिर केसरीगंज पर अखिल भारतीय विश्वकर्मा युवा महासंघ के द्वारा आयोजित किया गया।

इस मौके पर वैदिक मंत्रों के साथ हवन पूजन कर विश्व शांति की कामना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लहरपुर विधायक अनिल कुमार वर्मा थे व विशिष्ट अतिथि आर सी विश्वकर्मा अवर अभियंता, महेंद्र विश्वकर्मा, गौरव विश्वकर्म मिथिलेश विश्वकर्मा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्चना व दीप प्रज्वलन कर किया गया इस मौके पर सरस्वती वंदना अनुमति विश्वकर्मा के द्वारा की गई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक अनिल वर्मा ने भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का सृजन कर्ता बतलाया व उन्होंने भगवान विश्वकर्मा मंदिर जाने वाले मार्ग का निर्माण कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमरेंद्र वर्मा, सुनील वर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, लाले बाबू, सतीश शर्मा, उत्तम शर्मा सहित भारी संख्या में महिलाएं, बच्चे व लोग उपस्थित थे।

## माखुपुर व लंकाशायर के मध्य टूर्नामेंट का मुकाबला रहा चर्चित



**खैराबाद(सीतापुर)।** खैराबाद के कज़ियारा में चल रहा स्व.शांति देवी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का बहुत ही चर्चित मुकाबला खेला गया। माखुपुर के पवन पांडे व यूसुफ खान के बीच अच्छी साझेदारी की बदौलत केसरिया वाहिनी ने 72 रन का अच्छा स्कोर खड़ा किया। लेकिन बढ़ती उम्र और अभ्यास की कमी से युवाओं से सजी लंकाशायर ने मैच में जीत दर्ज की। खैराबाद के भूतपूर्व स्टार खिलाड़ी यूसुफ खान, मयंक बाजपेई, लकी माखुपुर, गौरव मिश्रा, पवन पांडे, सब्बू भाई को देखने के लिए भीड़ उमड़ी। टीम के कोच आलोक बाजपेई ने टीम को जमकर लताड़ा और आगे के मैचों में टीम को अपना खेल का स्तर सुधारने की चेतावनी दी। टीम के फील्डिंग कोच रेहान खान, बॉलिंग कोच आसिफ हुसैन, बैटिंग कोच फरीद अंसारी ने भी टीम की सख्त क्लास ली और टीम के फिजिथरेपिस्ट बादशाह अंसारी के भी कार्य की आलोचना की गई। बताते चले कि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता के द्वारा प्रायोजित इस टूर्नामेंट में गोरखपुर, लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर की अच्छी अच्छी टीम खेल रही है और क्षेत्र में इस टूर्नामेंट की अच्छी खासी चर्चा हो रही है।

## सपा नेता ने किया डोर-टू-डोर जनसंपर्क



**बिसवां (सीतापुर)।** बिसवां विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त) कमलेश यादव ने डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया तथा पंचायत और चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने आम जनता को समाजवादी पार्टी की नीतियों से अवगत कराया और कहा कि सपा ही वह पार्टी है जो जनता की वास्तविक समस्याओं–बेरोज़गारी, महंगाई, नौकरी के अवसरों की कमी–का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई और बेरोज़गारी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है, किसान व नौजवान परेशान हैं। समाजवादी पार्टी जनता की आवाज़ बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। कमलेश यादव ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अपना बूथ करो मज़बूत के संकल्प के साथ समाजवादी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को घर-घर पहुँचाएं।

## सेवा पखवाड़ा में महिला हिंसा रोकथाम पर निकाली गई जनचेतना रैली

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा-स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार मनाया जा रहा है। बृहस्पतिवार को महिला कल्याण विभाग की ओर से महिला एवं बालिका सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, कोविड, स्पॉन्सरशिप योजना, पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को रैली के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया गया। 'महिला हिंसा रोकथाम' पर जनचेतना रैली का आयोजन किया गया। रैली को उपजिलाधिकारी व प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज की छात्राओं द्वारा विद्यालय से निकलकर तहसील गौरीगंज मोड़ तक निकाली गई। रैली के माध्यम से छात्राओं ने न दहेज लेंगे, न दहेज देंगे तथा महिला हिंसा रोकथाम से जुड़े संदेशों को आमजन तक पहुंचाया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस विभाग की टीम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या व शिक्षकगण, मिशन वात्सल्य योजना की टीम, वन स्टॉप सेंटर की टीम, चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम तथा हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना की टीम मौजूद रही।

### महिला थाना प्रभारी के प्रयास से तीन जोड़े पुनः साथ रहने को हुए राजी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत बृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना कंचन सिंह तथा उनकी टीम के प्रयास से तीन वैवाहिक जोड़े एक साथ रहने को राजी हुए। थाना प्रभारी द्वारा पति–पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में एक दूसरे द्वारा की गई शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा पति पत्नी दोनों के बीच मतभेदों से उत्पन्न हुई समस्याओं को सुलझाते हुए पति–पत्नी को फिर से एक साथ रहने के लिए समझाया गया। महिला थाना प्रभारी के प्रयास से तीन विवाहित जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए। थाना प्रभारी व उनकी टीम द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

### कोचिंग संस्थानों हेतु डीआईओएस ने जारी किये दिशा-निर्देश

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि जनपद में बिना पंजीकरण के विधि विरूद्ध ढंग से कोचिंग संचालित हो रही है तथा कुछ पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं द्वारा पंजीकृत छात्र संख्या से अधिक छात्राओं को सम्मलित किया गया है अथवा बिना नवीनीकरण के कोचिंग संचालित की जा रही है। उन्होंने समस्त कोचिंग संस्थाओं को सूचित किया कि वह एक सप्ताह के अन्दर अवैध कोचिंग का संचालन बन्द कर दें, कालातीत कोचिंग संस्थाओं का नवीनीकरण, पंजीकरण करवा लें साथ ही पंजीकृत कोचिंग में नामांकित विद्यार्थियों के सापेक्ष पंजीकरण भी करवा लें, अन्यथा निरीक्षण, सत्यापन के दौरान यदि अपंजीकृत कोचिंग संचालित पायी जाती है तो सम्बन्धित कोचिंग संस्था के संचालक के विरुद्ध उप्र कोचिंग विनियमन अध्यादेश 2002 यथा संशोधित प्राविधानानुसार प्राथमिकी दर्ज कराते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने जनसामान्य से अपील की है कि यदि उनके आस-पास कोई अवैध कोचिंग, शिक्षण संस्थान संचालित है तो सम्बन्धित तहसील प्रभारी को सूचित करें।

## मत्तेपुर-खानापुर मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे, स्कूली बच्चे हो रहे चोटिल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के विकास खण्ड क्षेत्र सिंहपुर में सड़कों का हाल बदहाल है। क्षेत्र में मत्तेपुर से खानापुर मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है,और जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। इस रास्ते से रोज़ाना सैकड़ों ग्रामीण और स्कूली बच्चे गुजरते हैं। टूटी सड़क के कारण बच्चों के गिरने और चोटिल होने की घटनाएँ आम हो गई हैं। यह मार्ग पूरे ठकुराइन, पूरे बीरू मजरे मिर्जागढ़ और पूरे भवन पांडेय मजरे से होकर गुजरता है। ग्रामीणों का कहना है, कि इस रास्ते से आवागमन बेहद खतरनाक हो गया है। स्थानीय निवासी योगेंद्र पांडेय, विवेक कुमार तिवारी और रूप नारायण तिवारी का कहना है, कि सड़क की मरम्मत की मांग वे कई बार प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से कर चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की सभी खराब सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। इससे ग्रामीणों में उम्मीद जगी है, कि अब मत्तेपुरङ्कखानापुर मार्ग की हालत सुधरेगी और लोगों को राहत मिलेगी। युवा समाजसेवी देवेंद्र शुक्ला ने भी प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है ताकि स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को सुरक्षित आवागमन मिल सके।

## आबकारी विभाग ने पकड़ी 63ली अवैध कच्ची शराब



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी अमेठी व उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में बृहस्पतिवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम -हरगांव, चतुरीपुर, टीकरमाफ़ी, साहबगड़ व खानापुर चपरा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र-गौरीगंज में थाना-गौरीगंज के अंतर्गत ग्राम-चतुरीपुर से कुल-63लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व 200कि ग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 4अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई ! तथा आबकारी दुकानों का निरीक्षण भी किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक आबकारी क्षेत्र-गौरीगंज व आबकारी स्टॉफ में अजीत कुमार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, प्रीती पाल महिला आबकारी सिपाही व प्रधान आबकारी सिपाही सम्मलित रहे।

## विकास का दिशाभ्रम

फटते बादलों, निरंतर बारिश का तांडव और जल निकासी की लाचारी में हिमाचल की बदहवासी का वर्णन अब उद्घाटन के पत्थर भी बयान कर रहे हैं। सोन खड्ड ने फिर बता दिया कि हमारे विकास का दिशाभ्रम आखिर है क्या। भले ही बारिश की कोई तय कहानी नहीं है, जहां मेघ कातिल हैं, वहां जिंदगी की कोई निशानी नहीं है, लेकिन धर्मपुर का बस अड्डा अपने जन्म से ही अपनी मौत के फरमान जारी किए हुए है। दरअसल अड्डा सोन खड्ड के वजूद को चुनौती देकर बनता रहा, क्योंकि हुजूर का हुकम था कि उनके विकास के मील पत्थर वहीं सलामत रहने चाहिए, जहां उनको दिशा भ्रम था। एक ही बस अड्डे की बार-बार मौत का जिम्मेदार आखिर है तो ऐसा ही विकास जो बिना किसी भौगोलिक अध्ययन या वैज्ञानिक आधार को पुख्ता करे। हमने विकास फॉल्ट लाइन्स खुद विकसित की हैं। गौर करें यह बार-बार शिमला की पंथाघाटी, मंडी या किसी अन्य पर्वतीय शहर के नए क्षेत्रों, हाइडल प्रोजेक्ट्स के नजदीक, नई आबादियों या सड़कों के किनारे घाटियों की तरफ उगते ऊंचे भवन क्यों चर्चा में आते हैं। सोन खड्ड ने पहली बार धर्मपुर को 1960 में चुनौती देते हुए उस वक्त के बाजार को लाल झंडी दिखाई थी, लेकिन हमारे विकास के मॉडल ने सूई में कंक्रीट पिरोने की कोशिश करते हुए, बस स्टैंड के बैनर टांग दिए। दस वर्ष पूर्व सोन खड्ड ने बताया था कि उसकी हद में आया निर्माण स्वीकार नहीं है। तब भी बसों के ढेर लगे थे और पुनः बरसात के पत्थरों ने उद्घाटन के सारे पत्थर तोड़ डाले। यहां विकास के दृष्टिपटल पर सोन खड्ड ने लिख दिया है कि गलत विकास, सरकारी धन का दुरुपयोग व कबाड़ खाने का विकल्प है यह। आठ से दस करोड़ जाया करके अंततः ऐसी राजनीतिक संतुष्टि का किसे दोषी ठहराएं। बेशक अब योजनाओं की चिड़ियां नदियों-खड्डों से दूर निर्माण की नई शर्तें सुना रही है, लेकिन चिने हुए खतरों का क्या करें। हिमाचल में विकास का पुनर्गठन करते हुए पुनर्वास के नए घौंसले सुनिश्चित करने होंगे। धर्मपुर हो, बालीचौकी हो या थुनाग, यहां अब पुनर्वास का नया विकल्प खोजने के लिए वनों से सुरक्षित जमीन चाहिए। हिमाचल की बढ़ती आवासीय मांग को देखते हुए दो-चार जंगल काटने की अनुमति चाहिए, वरना निजी जमीन की पैमाइश अब जिन क्षेत्रों में बची है, वे प्रायः असुरक्षित हैं या जल निकासी के पारंपरिक रास्तों के नजदीक हैं। हिमाचल के हर विभाग को राजस्वरीय नक्शे पर अपनी योजनाओं को उकेरना होगा। सरकारी, गैरसरकारी व जंगल की बंजर तथा समतल जमीन की अदला-बदली में लैंड पूलिंग आवश्यक है। इसके लिए टीसीपी कानून में परिभाषित हर अपेक्षा को पूरा करना होगा। पूरे हिमाचल का नियोजन करने की जरूरत है और इसके लिए टीसीपी के तहत समूचे प्रदेश के विकास का एक खाका बनाना होगा। भविष्य की आवश्यकताओं को जल, जंगल और जमीन के तहत एक नई साझेदारी विकसित करनी होगी। दूसरी ओर पर्वतीय राज्यों के विकास का एक सुनिश्चित खाका बनाने के लिए केंद्र सरकार को इनके आर्थिक अधिकार तथा विकास के मानदंड सुनिश्चित करने पड़ेंगे। यहां हिमाचल की राजनीति को सत्ता की सोहबत में अहंकार छोड़ने पड़ेंगे। नदी, नालों, खड्डों को बरसात के निकास का मुख्य जरिया बनाने के लिए चैनलाइजेशन, बांधों की डीसिल्टिंग तथा कम्युनिटी वाटर हार्वेस्टिंग का मॉडल तैयार करना पड़ेगा। बरसात से पूर्व खड्डों और नदियों के जल निकास-जल प्रवाह को अबाधित सुनिश्चित करने की एक नई अप्रोच विकसित करनी पड़ेगी। हिमाचल जैसे राज्यों को डंपिंग के जरिए नई जमीन के आधार को विकसित करने का एक प्लान होना चाहिए और यह भी कि कूड़ा-कर्कट या प्लास्टिक वेस्ट किसी भी तरह के जल निकास को बाधित न करे।

# मोदी युग : नारी शक्ति का उत्कर्ष काल

*डॉ. शिवानी कटारा*

**प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में महिलाओं ने राष्ट्रीय सुरक्षा की अग्रिम पंक्ति में नया इतिहास रचा। अग्निपथ योजना के तहत 153 महिला अग्निवीरों ने बेलगावी से प्रशिक्षण पूरा किया और नौसेना ने लगभग 20त्न पद महिलाओं के लिए खोले। जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में सात महिला बीएसएफ कर्मियों ने 72 घंटे तक मोर्चा सँभाल कर साहस का अद्वितीय उदाहरण पेश किया। प्रधानमंत्री ने इस अभियान को हर माँ और बहन को समर्पित किया। साथ ही सेना का 'ऑपरेशन सिंदूर' एक सांस्कृतिक प्रतीक बना- जहाँ राष्ट्र रक्षा के साथ महिलाओं के सम्मान और गरिमा की रक्षा का संदेश भी प्रतिध्वनित हुआ। सचमुच, अग्निवीर बेटियाँ अब सीमाओं पर देश की ढाल हैं और 'सिंदूर' वीरता का प्रतीक है। बेशक चुनौतियाँ अब भी हैं और सामाजिक पूर्वाग्रह भी कायम हैं, पर अब नींव इतनी मजबूत है कि बदलाव अटल है। मोदी युग में महिलाओं की आवाज़ अब निर्णय और दिशा गढ़ती है; नारी केवल लाभार्थी नहीं, परिवर्तन की शिल्पकार और राष्ट्र निर्माण की धुरी बन चुकी है। यदि यही रफ्तार कायम रही तो साल 2047 का विकसित भारत सचमुच नारी-निर्मित भारत होगा- जहाँ हर क्षेत्र में स्त्री शक्ति समानता, समृद्धि और नई संभावनाओं की मिसाल बनेगी।**

भारत की आधी आबादी, जिसे लंबे समय तक घर की चौखट और सामाजिक परंपराओं में सीमित माना जाता था, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। बीते दशक में तस्वीर पूरी तरह बदली है- ऐसे कानून बने जिन्होंने महिलाओं को बराबरी और गरिमा का अधिकार दिया और ऐसी योजनाएँ आईं जिन्होंने मातृत्व को सुरक्षित कर बेटियों के सपनों को पंख दिए। यही वजह है कि आज नारी शक्ति केवल वोट नहीं, अब राष्ट्र की आवाज़ है। इसी यात्रा में साल 2023 का 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' स्त्री प्रतिनिधित्व को नई ऊँचाई देने वाली ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में अंकित हो गया है। इसके तहत लोकसभा और विधानसभाओं की एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गईं। यह बदलाव केवल आंकड़ों का नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा में स्त्री शक्ति को प्रतिष्ठित करने का है।

मोदी सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए 'मिशन शक्ति' की शुरुआत की। इसके अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर, 24×7 महिला हेल्पलाइन और डिजिटल शिकायत पोर्टल जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं। हिंसा झेलने वाली महिलाएँ अब कानूनी, चिकित्सीय और मानसिक सहयोग एक ही स्थान पर पा रही हैं और यह भरोसा जगा है कि उनकी आवाज़ अब अनसुनी नहीं होगी। मुस्लिम महिलाओं को अन्यायपूर्ण परंपरा से मुक्त करने वाला 'तीन तलाक' विरोधी कानून इसी दिशा में बड़ा परिवर्तन साबित हुआ। वहीं, कामकाजी महिलाओं के लिए 'मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017' के अंतर्गत अवकाश 12 से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया गया तथा बड़े संस्थानों में शिशु गृह (क्रेच) की सुविधा अनिवार्य की गई। इन पहलों ने महिलाओं को सुरक्षा और गरिमा के साथ कार्यक्षेत्र में सक्रिय योगदान का अवसर प्रदान किया।



मोदी सरकार की नीतियों में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' नारी सशक्तिकरण का मर्मस्थ स्रोत रहा है और हाल के आँकड़े इसकी गवाही देते हैं। 2014-15 में जहाँ 1000 लड़कों पर 918 लड़कियाँ थीं, 2023-24 में यह अनुपात बढ़कर 930 हुआ और माध्यमिक शिक्षा में लड़कियों की नामांकन दर 75.51% से बढ़कर 78% पहुँची। मार्च 2022 में 'कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव' से 1,00,786 बच्चियाँ स्कूल लौटीं। 2014-16 में मातृ मृत्यु दर 130 से घटकर 2018-20 में 97 रह गई और संस्थागत प्रसव 87% से बढ़कर 94% से अधिक हुआ- यह दर्शाता है कि सुरक्षित मातृत्व ही विकसित भारत की सच्ची पहचान है। राज्यों के अनुभव इस प्रगति को और भी सजीव बना देते हैं। उत्तर प्रदेश में गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की दर 51% से घटकर 45.9% रह गई और गंभीर एनीमिया 2.1% से घटकर 1.7% पर आ गया- यह आँकड़े मातृ स्वास्थ्य सुधार की गवाही देते हैं।

इसी कड़ी में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10.33 करोड़ गैस कनेक्शन दिए गए, जिनमें से 8.34 करोड़ परिवार सक्रिय उपयोगकर्ता हैं, जिससे माताओं और बच्चों को धुएँ से मुक्ति मिली। वहीं, स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने करोड़ों शौचालयों ने ग्रामीण महिलाओं को खुले में शौच की विवशता से उबार कर उनकी गरिमा और स्वास्थ्य दोनों को संबल दिया। यह सब मिलकर नारी जीवन में सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान की नई कहानी लिख रहे हैं।

आर्थिक स्वतंत्रता भी अब महिलाओं की शक्ति का दूसरा नाम बन चुकी है। मोदी सरकार के प्रयासों से 'स्टैंड अप इंडिया' और 'मुद्रा योजना' ने लाखों महिला उद्यमियों को कारोबार के लिए वित्तीय सहारा दिया, जबकि 'लाखपति दीदी' और 'ड्रोन दीदी' योजना ने ग्रामीण महिलाओं को तकनीक और स्वरोज़गार से जोड़कर उन्हें स्वावलंबी भारत की नई पहचान बना दिया है। मुद्रा योजना में महिलाओं की हिस्सेदारी 68% है और 2016 से 2025 के बीच प्रति महिला औसत ऋण 62,679 रुपये तक पहुँचा। स्टैंड-अप इंडिया में 80% से अधिक ऋण महिलाओं को मिले। उत्तर प्रदेश में मनरेगा में उनकी भागीदारी 35% से बढ़कर 45.05% और श्रम-बल में 14% से बढ़कर 36% हुई। वाराणसी की 1.38 लाख ग्रामीण महिलाएँ स्व-सहायता समूहों से आत्मनिर्भर बनीं, जिनमें कई ड्रोन पायलटिंग, कृषि और डेयरी जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं। यह दर्शाता है कि महिलाएँ अब केवल योजनाओं की भागीदार नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था की सशक्त धुरी बन रही हैं।

डिजिटल इंडिया ने महिलाओं के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव लाया है। शहरी भारत की महिलाएँ स्मार्टफोन और इंटरनेट के सहारे बैंकिंग, ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान को सहज बना रही हैं, तो ग्रामीण भारत की 76% महिलाएँ मोबाइल का उपयोग कर रही हैं और आधी से अधिक अपने निजी फोन की स्वामिनी बन चुकी हैं। यही तकनीकी पहुँच उन्हें डिजिटल विपणन, पैकेजिंग और ई-कॉमर्स से जोड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर कर रही है। साथ ही, महिला हेल्पलाइन 181, एनसीडब्ल्यू 24×7 और पावर लाइन-1090 सुरक्षा और न्याय की त्वरित पहुँच देकर उनके आत्मविश्वास को और गहरा कर रही हैं। मोदी सरकार का यह डिजिटल सशक्तिकरण महिलाओं को समय और दूरी की सीमाओं से आज़ाद कर अवसरों की नई दुनिया थमा रहा है और उन्हें नवोन्मेषी बना रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में महिलाओं ने राष्ट्रीय सुरक्षा की अग्रिम पंक्ति में नया इतिहास रचा। अग्निपथ योजना के तहत 153 महिला अग्निवीरों ने बेलगावी से प्रशिक्षण पूरा किया और नौसेना ने लगभग 20त्न पद महिलाओं के लिए खोले। जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में सात महिला बीएसएफ कर्मियों ने 72 घंटे तक मोर्चा सँभाल कर साहस का अद्वितीय उदाहरण पेश किया। प्रधानमंत्री ने इस अभियान को हर माँ और बहन को समर्पित किया। साथ ही सेना का 'ऑपरेशन सिंदूर' एक सांस्कृतिक प्रतीक बना- जहाँ राष्ट्र रक्षा के साथ महिलाओं के सम्मान और गरिमा की रक्षा का संदेश भी प्रतिध्वनित हुआ। सचमुच, अग्निवीर बेटियाँ अब सीमाओं पर देश की ढाल हैं और 'सिंदूर' वीरता का प्रतीक है।

बेशक चुनौतियाँ अब भी हैं और सामाजिक पूर्वाग्रह भी कायम हैं, पर अब नींव इतनी मजबूत है कि बदलाव अटल है। मोदी युग में महिलाओं की आवाज़ अब निर्णय और दिशा गढ़ती है; नारी केवल लाभार्थी नहीं, परिवर्तन की शिल्पकार और राष्ट्र निर्माण की धुरी बन चुकी है। यदि यही रफ्तार कायम रही तो साल 2047 का विकसित भारत सचमुच नारी-निर्मित भारत होगा- जहाँ हर क्षेत्र में स्त्री शक्ति समानता, समृद्धि और नई संभावनाओं की मिसाल बनेगी।

**(लेखिका, दिल्ली स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स से पीएच.डी. हैं और सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं।)**

विचार

# डेटा के उपयोग से कारोबार की तरक्की में मददगार पेशा

*डॉ. अजीत रानाडे*

इन दिनों बाजार का ज्यादातर बिजनेस डेटा आधारित हो गया है। ऐसे में डेटा का विश्लेषण करना और उसका सही तरह से उपयोग कर बिजनेस को अनुकूलतम बनाने के साथ-साथ उसकी सुरक्षा करना बेहद आवश्यक हो गया है। बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट का कैरियर बहुत मायने रखता है। एक तरह से यह बिजनेस के संरक्षक होते हैं जो बिजनेस को समझने, उसे बढ़ाने और सुरक्षित करने का महत्वपूर्ण काम करते हैं। इसीलिए आजकल बिजनेस इंटेलिजेंस का कैरियर युवाओं के लिए उपयोगी, कमाऊ और लोकप्रिय बनता जा रहा है। बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट एक स्किल्ड प्रोफेशनल होता है जो डेटा की निगरानी करने तथा उसे उपयोगी व्यवसाय प्रक्रिया में बदलने के लिए जिम्मेदार होता है। यह अपने बिजनेस ऑर्गेनाइजेशन में वैल्यू एडिशन करता है।

वह अपने ऑर्गेनाइजेशन के लिए नई-नई बिजनेस ऑपर्चुनिटी खोज कर उसे अपने व्यवसाय में जोड़ता है जिससे बिजनेस को अपडेट तथा बाजार में नवीनतम बनाए रखने में मदद मिलती है। बिजनेस एक्सपर्ट्स के अनुसार, डेटा बिजनेस की गाड़ी के लिए एक नया फ्यूल है जो बिजनेस से संबंधित इंफॉर्मेशन हासिल करने में सहायक है। यह इंफॉर्मेशन बिजनेस एफिशिएंसी और उसके रेवेन्यू को बढ़ाने में मदद करती हैं। उपलब्ध इंफॉर्मेशन और डेटा का विश्लेषण कर उपयोगी डेटा का सिलेक्शन और अनुपयोगी डेटा का रिजेक्शन करने वाला ही बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट होता है। बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट डेटा मॉडलिंग, डेटा एनालिसिस, डेटा विजुअलाइजेशन और एआई-संबंधित स्किल्स और टेक्निक्स का उपयोग करके इनसाइट्स विकसित करते हैं जो कंपनी के मैनेजर्स, एक्जिक्यूटिव्ज और डिपार्टमेंट्स को नोटिफाइड स्ट्रैटजी कमर्शियल डिसिजन्स को डेवलप करने में मदद करते हैं। उनकी भूमिका में मुख्य रूप से अपने निष्कर्षों को साझा करने के लिए प्रमुख बेनिफिशियरीज के साथ बातचीत करना भी शामिल है। वे वित्तीय, रोजगार, व्यय और राजस्व रिपोर्ट सहित ऑर्गेनाइजेशनल डेटा का एक्सट्रैक्शन और एनालिसिस करते हैं। उनके काम में रिपोर्ट की गई प्रॉब्लम्स के बारे में डेटा कलेक्शन और ऐसे सॉल्यूशंस की अनुशंसा करना है जो प्रोसेजियर्स एफिशिएंसी और सिस्टम्स एक्जिबिशन को बढ़ाते हैं। उनका काम कॉस्ट और प्रॉफिट एनालिसिस भी है। वे मौजूदा स्ट्रैटजी की एफिशिएंसी का एनालिसिस करके मैनेजमेंट और एक्जिक्यूटिव्ज को सूचित और प्रशिक्षित करते हैं तथा रिफॉर्म्स को लागू करने में सहायता कर ऑर्गेनाइजेशनल परफॉर्मेंस को बिजनेस के अनुरूप बनाने का काम भी करते हैं। बिजनेस के लिए जरूरी मॉड्यूल्स को अपनाकर टीम मैनेजमेंट में मदद करते हैं। वहीं उनके काम में चौटबोट और एआई जैसे टूल्स को प्रभावी रूप से उपयोग में लाना, डेटा कम्युनिकेशन के लिए वर्कशॉप का आयोजन करना तथा उससे संबंधित रिपोर्ट तैयार करना भी शामिल है। बीआई एनालिस्ट्स को उनके द्वारा विश्लेषित डेटा से स्पष्ट, उपयोगी इनसाइट पैदा करने के लिए आवश्यक टूल्स प्रदान किए जा सकते हैं। इससे बीआई एनालिस्ट्स को यह समझने में मदद मिलती है कि वह डेटा वास्तविक व्यावसायिक निर्णयों में कैसे तब्दील हो सकता है। एआई उद्योग की विशाल मात्रा में डेटा को संश्लेषित करने और निर्णयों को सुसंगत कार्य आईबीएम जैसी स्थापित दिग्गज कंपनियों से लेकर स्टार्टअप तक कई शीर्ष तकनीकी कंपनियां इसयोजनाओं में स्वचालन की क्षमता को सशक्त बनाती हैं। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और अन्य दृष्टिकोण का लाभ उठाने की कोशिश कर रही हैं। आजकल लगभग सभी बड़ी कंपनियों के पास बहुत सारा मूल्यवान डेटा उपलब्ध है। व्यवसाय करने के दौरान और अन्य स्रोतों से एकत्रित डेटा जो उनके संगठन के लिए रिलेवेंट है, बिजनेस को मौजूदा परिस्थिति में मार्केट के लिए तैयार करता है। बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट इन डेटा को समझने, उपयोगी जानकारी खोजने के लिए गहराई से खोज करने, रुझानों की पहचान करने और कार्रवाई योग्य बिजनेस इनसाइट पैदा करने में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं। जिनके पास डेटा से संबंधित प्रैक्टिकल नॉलेज, डेटा एनालिसिस की तकनीकों, एआई और मॉडर्न बिजनेस इंटेलिजेंस का ज्ञान तथा इसके उपयोग में दक्षता हासिल है, वह सफल बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट बन सकते हैं। वैसे तो बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट सभी बड़ी कंपनियों के लिए जरूरी हैं। फिर भी वे डेटा और आईटी से संबंधित कंपनियों में बिजनेस इंटेलिजेंस डेवलपर, बिजनेस इंटेलिजेंस मैनेजर, डेटा इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट, एआई एनालिस्ट, एआई इंजीनियर, मशीन लर्निंग इंजीनियर तथा डिजाइनर के रूप में कार्य करते हुए शानदार पद और बेहतरीन वेतन के हकदार होते हैं। इस क्षेत्र में कैरियर बनाने वालों के लिए मायफेयर, फॉरेस्टर, वर्जिन आर्बिट, एमआईटी लिकन लैब, गूगल, टिकटॉक, एक्स, हबस्पॉट, जॉनसन एंड जॉनसन, बार्न्स एंड नोबल जैसे संस्थानों में ढेरों अवसर हैं। बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट के रूप में कैरियर बनाने के इच्छुक युवाओं के पास कंप्यूटर विज्ञान, सांख्यिकी, कमर्शियल मैनेजमेंट, बिजनेस मैनेजमेंट, डेटा एनालिटिक्स, डेटा साइंस, फाइनेंस, अर्थशास्त्र, इंजीनियरिंग, गणित, जैविक विज्ञान आदि जैसे क्षेत्रों में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। लेकिन यदि इसके बाद स्पेशलाइजेशन हो तो बेहतर होता है। इस क्षेत्र में श्रेष्ठता हासिल करने के लिए युवाओं को बीआई एनालिस्ट इंडस्ट्री सर्टिफिकेशन करना मददगार साबित होता है। इसके अलावा बीआई सर्टिफाइड डिजाइनर, बीआई कॉग्नोस एनालिटिक्स का सर्टिफिकेशन जैसे विकल्प भी उपलब्ध हैं। माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियां इसके लिए आवश्यक सर्टिफिकेशन भी प्रदान करती हैं। मास्टर डिग्री के साथ डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में एमएस भी किया जा सकता है। समझदार युवा डिग्री के साथ-साथ मार्केट के बदलते ट्रेंड के अनुरूप अतिरिक्त योग्यताएं और अनुभव भी हासिल करते रहते हैं। इससे इनके कैरियर निर्माण की राह ज्यादा आसान और सफल होती है। इस क्षेत्र के लिए एक्सेल, पावर बीआई, एसक्यूएल, पायथन, आर सी़ एसएएस, एल्गोरिदम की समझ, डेटा बेस मैनेजमेंट, डेटा एनालिसिस, क्वांटिटेटिव एनालिसिस, डेटा विजुअलाइजेशन, रिपोर्टिंग और प्रेजेंटेशन स्किल के साथ कॉम्प्रिहेंसिव बिजनेस स्किल तथा बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिसिस सॉफ्ट स्किल्स जैसी अतिरिक्त योग्यताएं बहुत उपयोगी साबित होती हैं। इन सबके साथ समस्या को सुलझाना, रचनात्मकता, ऑर्गेनाइजेशनल मैनेजमेंट, टाइम मैनेजमेंट, लीडरशिप क्वालिटी का होना एक सफल कैरियर की गारंटी प्रदान करता है।

## तर्पण




## माता पिता ने अपनी हर परेशानी छुपा कर हमें दी जीवन की खुशियां



संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय हरिओम द्विवेदी | संस्थापक निदेशक स्वर्गीय प्रभा द्विवेदी | निदेशक आदर्श कुमार द्विवेदी | प्रधानाचार्य गीता द्विवेदी

प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक रहे मेरे पिता हरिओम द्विवेदी और माता प्रभा द्विवेदी ने अपनी हर परेशानी छुपा कर हमको जीवन की खुशियां दी। वर्ष 2007 में प्राथमिक शिक्षक पद से रिटायर होने से पहले ही उन्होंने 1996 में मोहल्ला दीक्षितान में टैगोर पब्लिक स्कूल की स्थापना की। हमारी माता जी ने इस कार्य में पूरा सहयोग दिया। यह छोटा सा पौधा आज टैगोर पब्लिक इंटर कॉलेज के रूप में बट वृक्ष बन चुका है। उनके आशीर्वाद से मेरी भी नियुक्ति जूनियर हाई स्कूल में हो गई। टैगोर पब्लिक इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य मेरी पत्नी गीता द्विवेदी सफलतापूर्वक कॉलेज का संचालन कर रही हैं। माता पिता का हाथ अगर सिर पर रहे तो आप जीवन की हर मुश्किल परिस्थितियों से पार पा सकते हैं। उनसे मिली हिम्मत मुझे जीवन के हर पड़ाव पर शक्ति देती है। माता पिता ने अपनी हर परेशानियों को अपनी मुस्कान में छुपाकर हमें जीवन की हर खुशियां दी हैं। पिताजी ने मुझे हार न मानने और हमेशा आगे बढ़ने की सीख देते हुए मेरा हौसला बढ़ाया। उनसे अच्छा मार्गदर्शक कोई हो ही नहीं सकता। हर बच्चा अपने पिता से ही सारे गुण सीखता है जो उसे जीवन भर परिस्थितियों के अनुसार ढलने के काम आते हैं। उनके पास हमें देने के लिए ज्ञान का अमूल्य भंडार था जो कभी खत्म नहीं हुआ। आज वह हमारे बीच नहीं है लेकिन उनका आशीर्वाद सदैव हमारे साथ रहेगा।

**पितृ पक्ष व श्रध्दा के महापर्व पर उनको शत-शत नमन**
**आदर्श कुमार द्विवेदी, प्रधानाचार्य गीता द्विवेदी**



# राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**वृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्कः-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः-** नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुंचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# श्रद्धा से जो कुछ दिया जाए वही श्राद्ध है

*संजीव ठाकुर*

श्राद्ध कर्म के द्वारा पित्रऋण से मुक्त हुआ जा सकता है इससे पितृ-गण वर्ष भर प्रसन्न रहते हैं। जानकी माता सीता द्वारा श्राद्ध की भावपूर्ण कथा प्रचलित हैं-श्री राम जी द्वारा गया जी के रूद्रपद पर पिंडदान किया गया तब दशरथ जी कृतार्थ हुए और उन्हें रुद्रलोक की प्राप्ति हुई थी उन्होंने श्री राम जी को समस्त अयोध्या वासियों सहित बैकुंठ धाम जाने का वर दिया था। माता सीता द्वारा दिया गया श्राद्ध भोज- एक बार अयोध्या में श्री राम सीता द्वारा श्राद्ध के लिए ब्राह्मण भोज दिया गया, फलस्वरूप दूर दूर से ब्रम्णणों की टोलियां पधारने लगीं। शिव जी को जब श्राद्ध भोजन के संदर्भ में मालुम हुआ तो वे एक वृद्ध ब्राह्मण का रुप रख कर टोली में शामिल होकर अयोध्या पहुंच गए। कहां मुझे भी भोजन कराएं राजन श्री राम जी उन विशिष्ट अतिथि को पहचान गए कि स्वयं शिव शंकर आए हैं लेकिन वह इस दौरान हमारी परीक्षा लेने।

श्री राम जी ने बड़े सम्मान पूर्वक वृद्ध ब्राह्मण के चरण धुलाकर आसन पर बैठाया।उनको भोजन परोसा गया, छोटे भाई लक्ष्मण जो भी परोसते वृद्ध ब्राह्मण एक ही ग्रास में ग्रहण कर लेते पत्तल में कुछ दिखता ही नहीं, रुकता ही नहीं, और भी सभासद आ गये जो पत्तल को भरने लग गए पर पत्तल खाली की खाली ही रहती गई।दूर खड़े श्री राम जी शिव जी की लीला देख मन ही मन रोमांचित हो रहे थे। बात फैलते फैलते राज महल और माता सीता तक पहुंच गई,रसोई का संपूर्ण संचालन एवं नियंत्रण वे ही देख रही थीं। एक बूढा ब्राह्मण आया है , जिसकी पत्तल मे खाना रुकता ही नहीं ,भोजन सामग्री क्षण भर में साफहो जाती है। अब यह भोज प्रतिष्ठा का विषय बन गया, लिए महल का पूरा भोजन और सामग्री समाप्त होने लगी, पर भगवान शिव शंकर तृप्त नहीं हुए। सीता माता चिंतित हो गईं तब श्रीराम जी ने माता अन्नपूर्णा पार्वती जी का आवाहन किया कि आप ही भगवान शंकर जी की क्षुधा शांत कर सकती हैं। सभी परोसने वाले वहां से हटा दिये गए,माता अन्नपूर्णा वहां प्रगट हो गईं। श्रीराम जी ने माता अन्नपूर्णा से निवेदन किया कि इन्हें आपके अतिरिक्त और कोई तृप्त नहीं कर सकता है आप ही अपने स्वामी को भोजन कराइये। अन्नपूर्णा माता ने भोजन पात्र अपने हाथ में लिया वैसे ही वह अक्षय पात्र बन गया अन्नपूर्णा माता विश्वनाथ को भोजन कराने लगीं,पत्तल में एक लड्डू परोसा, शंकर जी खाते खाते तक गये, लड्डू समाप्त नहीं हुआ, माता ने दोबारा परोसना चाहा तो शंकर जी ने मना कर दिया। शंकर जी ने डकार ली और हंसकर कहा-अन्नपूर्णा तुम्हें आना पड़ा, अब मैं तृप्त हो गया।सीता माता द्वारा श्राद्ध का प्रसंगय- जब उन्होंने साक्षात दशरथ जी को पितृ भोज करते देखा-भगवान श्री कृष्ण से पक्षीराज गरूड़ ने पूछा लोग अपने पितर को मिल कर तरह तरह का भोजन कराते हैं, तो क्या उनके पित्र ,देवलोक से मृत्यु लोक में वह भोजन गृहण करने आते हैं? क्या उन्हें कोई देख सकता है।इसका क्या प्रमाण है। तब श्री कृष्ण जी ने देवी सीता का प्रसंग सुनाया था। माता सीता ने पुष्कर तीर्थ में श्राद्ध किया था तब उन्होंने अपने ससुर सहित तीन पितरों को आमंत्रित ब्राह्मणों के शरीर में देखा था। वह कथा सुने- पिता की आज्ञा से श्रीराम लक्ष्मण सीता जी वनवास चले गए।

उन्हें ज्ञात हो गया था कि दुख में उनके पिता की मृत्यु भी हो गई है। जब श्री राम जी पुष्कर पहुंचे तो उन्होंने अपने पिता के निमित्त श्राद्ध किया इससे श्रेष्ठ अवसर हो ही नहीं सकता कि पिता का श्राद्ध पुष्कर में हो। श्री राम जी ने सभी शाक फल भोजन सामग्री की व्यवस्था की और माता सीता ने रसोई बनाई। सम्पूर्ण विधी विधान के साथ वहां श्राद्ध हेतु ब्राह्मणों का आह्वान किया गया। सभी नेआसन गृहण कर लिया, जो भोजन उपलब्ध था, वह पत्तल में परोसा गया, माता जानकी स्वयं व्यवस्था कर रही थीं। अचानक जानकी भोजन करते ब्राह्मण और श्रृषियों के बीच से निकलीं और तुरंत ही दूर चली गईं, जाकर वे घनी झाड़ियों लताओं के पीछे छिपकर बैठ गईं, यह सभी कृत्य श्री राम जी देख रहे थे, उन्हें आश्चर्य भी हुआ, वे ब्राह्मण, ऋषियों के भोजन सम्पन्न होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भोजन उपरांत श्री राम ने जानकी माता से बोले -हे सीते तुम्हे तो मालुम है, कि ब्राह्मण, ऋषियों के रुप में स्वंय पितृ भोजन करते हैं, फिर तुम अचानक वहां से कैसे आ गईं,कुछ कमी हो जाती टू वे रुष्ट हो सकते थे? तब रुंधे गले से माता जानकी ने बहुत ही भावुक करने वाला जबाब दिया -वहां उपस्थित ब्राह्मण एवं ऋषियों के बीच मैने दो महापुरुषों को देखा जो राजसी वेषभूषा में सजे धजे थे, तभी मैंने आपके पिता जी के दर्शन किये, वे भी सभी राजसी वस्त्र आभूषण से सजे हुए थे। तभी मुझे लज्जा का बोध हुआ, और मन में कुछ और भी आया उसी क्षण मैंने निश्चय किया, हे प्रभू, मैं इन सन्यासी वस्त्र, पेड़ की छाल, मृघचर्म धारण करके अपने ससुर के सम्मुख कैसे जा सकती हूं? जो भोजन हम परोस रहे थे, वह तो राजा दशरथ के दास भी नहीं स्वीकार करते, मिट्टी और पत्ते के दोने में वह भोजन कैसे दे सकती थी? मैं तो अभी भी अपने ससुर की वहीं राजकुमारी लाडली बहू हूं, जो हमेशा स्वर्ण आभूषणों से कीमती वस्त्रों से सुसज्जित महारानी हूं। आज मैं अपनी इस अवस्था में उनके सामने कैसे जाती, उनके मन को कितना क्षोभ पहुंचता, मैं उनके मन को दुख नहीं पहुंचा सकती थी, अतः मैं शीघ्रता से उनकी नजरों से दूर होकर, लताओं की ओट मे छुप गई। तब गरुण जी संतुष्ट हुए कि पित्र मृत्यु लोक में आकर अपना भोजन गृहण करते हैं। सीता माता द्वारा फल्गु नदी आदि को दिया गया श्राप-कथा-एक बार वनवास के समय श्रीराम लक्ष्मण एवं सीता जी गया जी तीर्थ पहुंचे उन्होंने पिता दशरथ के लिए श्राद्ध हेतु ब्राह्मणों से निवेदन किया। फलस्वरूप श्री राम लक्ष्मण श्राद्ध सामग्री एकत्र करने वरेण्य चले गए ,माता सीता उनकी राह देखते फल्गु नदी तट पर बैठी थीं,जब काफी समय बीत गया दैपहर हो गई, श्राद्ध का समय बीतने लगा तब माता सीता ने ब्राह्मण जी के कहने पर अपने ससुर का श्राद्ध कर दिया। जब श्री राम लक्ष्मण सामग्री लेकर लौटे तो उन्हें ज्ञात हुआ श्राद्ध तो हो गया है और दशरथ जी ने स्वीकार कर लिया है। श्री राम जी क्रोध में आ गए थे कि बिना सामग्री बिना पुत्र के द्वारा पिता का श्राद्ध कैसे हो सकता है? माता सीता ने पांच सबूतों को प्रस्तुत किया जो उस घटना के समय उपस्थित होकर श्रद्धा को देख रहे थे वे थे फल्गु नदी, कौआ, ब्राह्मण, गाय, तुलसी पौधा और बरगद का पेड़। श्री राम जी के क्रोध को देखकर फल्गु नदी, कौआ, तुलसी पौधा, गाय, ब्राम्हण ने झूठ बोला उन्हें नहीं पता कि श्राद्ध हुआ कि नहीं। सिर्फ बरगद के पेड़ ने ही कहा-हां माता सीता ने श्राद्ध किया है और दशरथ जी ने उसे सहर्ष स्वीकार किया है। तब सीता माता ने उन पांचों को झूठ बोलने पर श्राप दिया -फल्गू नदी केवल नाम की नदी रहेगी जिसमे पानी नहीं रहेगा। कौआ - हमेशा लड़ते-झगड़ते रहेगा भोजन के लिए। गाय - केवल उसके पिछले भाग को पूजा जाएगा उसे अपनीहीभोजन के लिए भटकना पड़ेगा। ब्राह्मण-इनको जितना भी मिले कभी सतोष नहीं होगा। तुलसी का पौधा कभी गया में नहीं पनपेगा। बरगद के पेड़ को दीर्घायु होने का वरदान मिला ,सती महिलाएं अपने सौभाग्य के लिए बरगद की प्रिक्रमा करेंगी, बरगद की छाया लोगों को सुकून देगी। इस तरह सनातन धर्म में देवी माता-सीता के समय से श्रृद्धा पूर्वक श्राद्ध करने की प्रथा चली आ रही है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप, एफआईआर

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** थाना गोला क्षेत्र के एक गांव से 16 सितंबर की रात एक 16 वर्षीय नाबालिग युवती रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। परिजनों ने गांव के ही युवक सचिन पर बहला–फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। घटना के समय पूरा परिवार सो रहा था। युवती की मां ने बताया कि रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक ज्ञानप्रकाश मिश्रा को सौंपी है। युवक की तलाश की जा रही है।

### हज उमरा यात्रा पर रवाना हुए सरफराज आलम



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** शहर के मोहल्ला ईदगाह निवासी सरफराज आलम को हज उमरा यात्रा के लिए गुरुवार को भावभीनी विदाई दी गई। मोहल्लेवासियों ने फूल–मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया और सकुशल यात्रा की दुआएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सरफराज आलम को हज की मुबारकबाद देते हुए उनके सफल और सुरक्षित यात्रा की कामना की। कार्यक्रम में नसीरुद्दीन अंसारी एडवोकेट, नईम खान, वारिस अली मंसूरी, मोहम्मद यूनुस, आरिफ अली अंसारी, रहीस खान समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। मोहल्ले का माहौल उत्साह और धार्मिक भावनाओं से सराबोर रहा।

### विद्यार्थी पुस्तकालय के होनहारों को सलाम, सरकारी नौकरी पाने वाले छात्र-छात्राओं का हुआ भव्य सम्मान



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** विद्यार्थी पुस्तकालय में आयोजित सम्मान समारोह में उन छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने मेहनत और लगन से पढ़ाई कर सरकारी नौकरियों में सफलता प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने सफल छात्रों को माल्यार्पण कर शील्ड भेंट की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान पाने वाले प्रतिभाशाली छात्रों में नैमिष गुप्ता, आजाद सिंह, नीलम रस्तोगी, जितेन्द्र सिंह और रचना जायसवाल शामिल रहीं। सभी ने अपनी सफलता का श्रेय पुस्तकालय में मिली बेहतर तैयारी और संसाधनों को दिया। नैमिष गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी पुस्तकालय एक ऐसा मंच है, जो प्रतियोगी छात्रों को बेहतर माहौल और संसाधन प्रदान करता है। वहीं, रचना जायसवाल ने कहा कि यहाँ पढ़ाई के लिए शांत वातावरण, उपयोगी पुस्तकें और प्रेरणादायक माहौल मिलता है, जो सफलता में सहायक होता है। कार्यक्रम के आयोजक और पुस्तकालय के संचालक अजीत जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्रों की मेहनत को सराहा। इस अवसर पर आदेश गुप्ता, चंद्रकांत वर्मा, रामकुमार वर्मा, विकास सोनी, योगेंद्र वाजपेई, सुधीर शुक्ला, सुभाष शुक्ला, नारायण लाल वर्मा, राकेश विश्वकर्मा और श्लोक शुक्ला समेत बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

### कोर्टों की मनमानी से खफा वकील उतरे मैदान में



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** तहसील परिसर में गुरुवार को उस वक्त माहौल गरमा गया जब सेंट्रल बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील की अदालतों में हो रही मनमानी और लापरवाही के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। अधिवक्ताओं ने कहा कि अविवादित दाखिल–खारिज पत्रावलियों पर भी समय से आदेश पारित नहीं किए जा रहे हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन की आमसभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जब तक शासनादेश के अनुसार दाखिल–खारिज की प्रक्रिया को नियमित नहीं किया जाता, तब तक सभी अधिवक्ता सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता सेंट्रल बार अध्यक्ष और मंत्री ने की।वकीलों का कहना है कि तहसीलदार, नायब तहसीलदार और एसडीएम कोर्ट में आम जनता के कार्यों में अनावश्यक विलंब कर न्यायिक व्यवस्था को मज़ाक बना दिया गया है। इन अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन में भाग– नरेश सिंह तोमर, लाल बिहारी वर्मा, नरेन्द्र शुक्ला (राइगर), आदर्श वर्मा, नीरज मिश्रा, हरिनाम पाण्डेय, राकेश त्रिपाठी, सर्वशक्ति सिंह, सन्त कुमार भारती, सुरेश गिरि, बच्चा बाबू, सत्य नारायण पाण्डेय, अरुण दीक्षित, अवधेश वर्मा, विजेन्द्र यादव, सुरेश कौजिण, विजय चाल वर्मा, विजय वर्मा, संजीव यादव, राम किशोर वर्मा और मनोज सक्सेना सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

### इंदिरा एकादशी पर खाटू श्याम संकीर्तन में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, भक्तों ने भजनों पर झूमकर लिया आशीर्वाद



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** इंदिरा एकादशी के पावन अवसर पर गोला नगर स्थित कंजा देव स्थान पर श्री श्याम दीवाने सेवा समिति, गोला द्वारा खाटू श्याम मंदिर में भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। मंदिर प्रांगण में भक्तों की अपार भीड़ देखने को मिली, जहां गणेश वंदना व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। रात्रि 8 बजे से शुरू हुए संकीर्तन में अजय गुप्ता व शिवम गुप्ता ने अपनी मधुर आवाज़ में भजनों की ऐसी रसवर्षा की कि श्रोता भावविभोर हो उठे। मतलब की दुनिया से मुझे नफरत है, ओ सांवरे मुझे तेरी ज़रूरत है जैसे भावपूर्ण भजनों पर भक्त झूमते नजर आए। छोटे–बड़े सभी श्रद्धालु श्याम बाबा की भक्ति में लीन होकर जयकारों से मंदिर परिसर को गुंजायमान कर रहे थे। इस पावन अवसर पर मंदिर के पुजारी संतोष पाठक ने बाबा खाटू श्याम का आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन बाबा की आरती व प्रसाद वितरण के साथ हुआ। विशेष रूप से मोहम्मदी से आए श्रद्धालु राम जी गुप्ता द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसके लिए समिति ने उन्हें सम्मानित भी किया। इसी क्रम में समिति ने आगामी पंचम विशाल श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव की घोषणा भी की। यह महोत्सव 29 अक्टूबर को शाम 7 बजे, पब्लिक इंटर कॉलेज राजेन्द्र गिरि स्टेडियम के विशाल मैदान में आयोजित होगा। समिति अध्यक्ष ने बताया कि इस आयोजन में प्रसिद्ध म्यूजिक कश्यप ब्रदर्स (कानपुर) और भजन गायिका साक्षी अग्रवाल (जयपुर, राजस्थान) अपनी भजनों की प्रस्तुतियों से वातावरण को श्याममय बनाएंगे।

### सरयू नहर पुलिया के नीचे युवक का शव मिलने से सनसनी

**उतरौला(बलरामपुर )।** बुधवार शाम थाना क्षेत्र के रमवापुर सरयू नहर पुलिया के नीचे एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर गैड़ास बुजुर्ग थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की पहचान थाना गैड़ास बुजुर्ग के ग्राम इटईरामपुर खास निवासी 26 वर्षीय रहमत अली उर्फ मुसीबत पुत्र स्वर्गीय सलीम के तौर पर हुई। लोगों की मानें तो मुसीबत का मानसिक संतुलन सही नहीं रहता था और उसे मिर्गी के दौरे भी पड़ते थे। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल कर मौत के कारणों का पता करने का पूरा प्रयास कर रही है। कुछ लोगों का मानना है कि मुसीबत पुलिया के दीवाल पर लेटा हुआ था। शायद उसे नींद आ गई और वह पुलिया में गिर गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। कई लोगों का यह भी कहना है कि युवक शौच के लिए पुलिया के नीचे गया होगा।

### भूकम्प, औद्योगिक (रसायन) एवं अग्निकाण्ड से बचाव को लेकर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज आज



**बलरामपुर।** राहत आयुक्त कार्यालय एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशन में शुक्रवार 19 सितम्बर को जिले में राज्य स्तरीय मॉक अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि औद्योगिक रसायन खतरे से बचाव सम्बन्धी मॉकड्रिल नगर की बलरामपुर चीनी मिल के केमिकल डिवीजन में होगी। इसी प्रकार तहसील तुलसीपुर में तहसील की बिल्डिंग में आग लगने की घटना पर बचाव एवं सीएचसी तुलसीपुर में भूकम्प से उत्पन्न हुई मेडिकल इमरजेन्सी की मॉकड्रिल होगी। तहसील उतरौला में मो यूसुफ उस्मानी इंटर कालेज में भूकम्प से स्कूली बच्चों के बचाव की मॉकड्रिल के साथ उन्हें बचाव के तरीकों क्या करें–क्या न करें आदि के बारे में बताया जाएगा। जिलाधिकारी ने मॉक अभ्यास के सफल आयोजन के लिए अपर उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सरोज का जिला इमरजेन्सी ऑपरेशन का इंचार्ज, एसडीएम सदर हेमन्तु गुप्ता को बलरामपुर चीनी मिल की मॉकड्रिल का नोडल एवं एसडीएम तुलसीपुर राकेश जयन्त को तहसील तुलसीपुर में आयोजित होने वा एवं एसडीएम उतरौला को उतरौला में होने वाली मॉकड्रिल का नोडल नामित करते हुए जिम्मेदारी सौंपी है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति राय को ओवर ऑल नोडल अधिकारी एवं जिला आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह को ओवर ऑल समन्वय का दायित्व दिया है। समस्त सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के आदेश निर्गत किये हैं।

# शरदकालीन गन्ना बुआई पर जोर, वैज्ञानिक तरीकों से होगा दोगुना लाभ

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल, गोला द्वारा ग्राम बहारगंज में आयोजित वृहद कृषक गोष्ठी में क्षेत्र के 142 किसानों ने भाग लिया। गोष्ठी में शरदकालीन गन्ना बुआई, सहफसली खेती, वैज्ञानिक तकनीक, और गन्ना विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने बताया कि 16 से 25 सितम्बर तक गोला परिसर में सर्वे-सट्टा सुधार मेला लगेगा, जो सुधार का अंतिम अवसर होगा। इस दौरान नए सदस्य बनाए जाएंगे और उपज बढ़ोतरी की रसीदें काटी जाएंगी। वरिष्ठ महाप्रबंधक पी. एस. चतुर्वेदी ने किसानों से शरदकालीन गन्ने की बुआई के साथ आलू, मटर, चना, लाही जैसी सहफसलों को अपनाकर दोहरे लाभ लेने की अपील की। उन्होंने को-0118, 15023, कोलख-14201, कोशा -17231 जैसी उन्नत किस्मों को अपनाने की सलाह दी। प्रबंधक सत्येन्द्र मिश्र ने खेत की गहरी जुताई, लेजर लेवलिंग, तथा बुआई के समय संतुलित उर्वरक प्रयोग पर जोर दिया। साथ ही किसानों से अस्वीकृत व अनामित किस्मों की बुआई से बचने की अपील की। गोष्ठी की अध्यक्षता ग्राम प्रधान यशवेंद्र वर्मा ने की और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में दर्जनों किसान, गन्ना विभाग के अधिकारी व मिल प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## महिलाओं के लिए बनी विशेष किटों का हुआ वितरण



**धौरहरा (खीरी)।** गुरुवार को तहसील सभागार धौरहरा में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश और मार्गदर्शन में सीएसआर फंड से तैयार की गई स्पेशल किटों का वितरण किया गया। इन किटों में धाता, सेनेटरी पैड, मच्छरदानी, पानी की बोतल, टॉर्च सहित दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री शामिल रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार किटों का वितरण बाढ़ प्रभावित निराश्रित, विधवा, वृद्ध महिलाओं और दिव्यांग जनों को किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी और विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने पात्र लाभार्थियों को किटें प्रदान कीं। इस अवसर पर एसडीएम धौरहरा शशिकांत मणि, तहसीलदार आदित्य विशाल, राजस्व निरीक्षक व लेखपालगण मौजूद रहे। तहसीलदार ने जानकारी दी कि तहसील को कुल 500 किटें प्राप्त हुई हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से बाढ़ प्रभावित गांवों रामलोक का मजरा स्वर्ग लोक, सम्दहा, रैनी, चिकनाजती और चहमलपुर आदिमें वितरण किया जाएगा।

## सहकारी गन्ना विकास समिति ऐरा में दस दिवसीय सर्वे/सट्टा मेला शुरू



**ईसानगर खीरी।** दिनांक 18 सितंबर 2025 को सहकारी गन्ना विकास समिति ऐरा (खीरी) में दस दिवसीय समिति स्तरीय सर्वे/सट्टा प्रदर्शन मेले का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। मेले का उद्घाटन धौरहरा विधायक मा. विनोद शंकर अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर विधायक अवस्थी ने सर्किलवार काउंटरों का बारीकी से निरीक्षण किया और किसानों से संवाद भी किया। उन्होंने उपस्थित गन्ना कृषकों से आग्रह किया कि वे समिति मेले का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने गन्ना सट्टा से संबंधित आपत्तियों को दर्ज कराकर समय रहते निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि यह मेला किसानों की सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम है। इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ऐरा, समिति सचिव, केन हेड-ऐरा चीनी मिल, समस्त गन्ना पर्यवेक्षक तथा ऐरा, गुलरिया, हरगांव, खंभारखेड़ा व जवाहरपुर चीनी मिलों का स्टाफ, समिति स्टाफ और बड़ी संख्या में गन्ना किसान मौजूद रहे।

## गन्ने के खेत में तेंदुए ने किया बछड़े का शिकार, दहशत

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन में तेंदुओं की बढ़ती आमद से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। बुधवार सुबह फरदहिया गांव में तेंदुए ने खुले में चर रहे एक बछड़े को दबोचकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोग अब खेतों की ओर जाने से भी कतराने लगे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, नौरंगाबाद बीट के फरदहिया गांव के पूरब स्थित बाबा कुटी के पास ग्रामीण अपने मवेशी चरने के लिए ले जाते हैं। सुबह के समय गन्ने के खेतों में एक बछड़ा घास चर रहा था। उसी दौरान वहां पहुंचे तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया और शिकार बनाकर खेत के भीतर घसीट ले गया। मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीणों ने गन्ने की आड़ में तेंदुए को जाते देखा तो शोर मचाया, लेकिन तब तक बछड़े की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से आसपास के इलाकों में तेंदुए की गतिविधियां बढ़ी हैं। कई बार लोगों ने रात के समय खेतों के किनारे और गांव के पास उसकी मौजूदगी देखी है। लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त है। उनका कहना है कि बच्चे और महिलाएं खेतों की ओर जाने से डर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही बेलरायां रेंज के रेंजर भूपेंद्र सिंह और वन दरोगा राकेश गुप्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। वन अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि कोई भी अकेले खेतों की ओर न जाए और मवेशियों को चराने के लिए सामूहिक रूप से ले जाएं।

वन विभाग का कहना है कि तेंदुए को पकड़ने के लिए ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे और गश्त बढ़ाई जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यह इलाका बफर जोन में होने के कारण तेंदुओं की आमद रहती है, लेकिन लगातार गश्त और निगरानी से समस्या पर काबू पाने की कोशिश की जाएगी।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते विभाग ने ठोस कदम नहीं उठाए तो किसी दिन इंसानी जान पर भी खतरा हो सकता है। फिलहाल, घटना के बाद से गांव में खौफ का माहौल है और लोग रात होते ही घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं।

### दहेज उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज

**पलिया कलां खीरी।** कोतवाली पलिया कलां क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रार्थिनी रिया सोनी पुत्री श्रीराम किशोर सोनी पत्नी महेन्द्र निवासी मोहल्ला बरबण्डा थाना पलिया कलां ने तहरीर में आरोप लगाया कि उनका विवाह लगभग 4 वर्ष पूर्व महेंद्र पुत्र विनोद निवासी ग्राम छब्बापुरवा थाना मझगई से हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित करने लगे। तहरीर में उल्लेख है कि घटना 14 सितंबर 2025 सुबह करीब 8 बजे की है। प्रार्थिनी ने आरोप लगाया कि पति महेंद्र, ससुर विनोद पुत्र गुलजारी, सास किरण पत्नी विनोद और देवर मोहित पुत्र विनोद ने मिलकर उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। ससुरालियों ने व्यवसाय करने के लिए पांच लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की और विरोध करने पर प्रार्थिनी को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। गंभीर आरोप यह भी है कि विपक्षीगणों ने प्रार्थिनी के 3 वर्षीय बच्चे को अपने पास रोक लिया है और उसे मायके भेज दिया गया। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए दहेज उत्पीड़न,गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर सुसंगत धाराओं में दहेज निषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक रामजीत यादव को सौंपी गई है। घटना ने एक बार फिर दहेज प्रथा और इससे जुड़ी सामाजिक कुरीतियों की भयावहता को उजागर कर दिया है।

## ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बना रहा मशरूम प्रशिक्षण, सेहत और आय दोनों का साधन

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के जमुनाबाद कैंपस स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में मशरूम उत्पादन पर चल रहा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभरा है। इस प्रशिक्षण का संयोजन डॉ. मोहम्मद सुहैल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें जिले के डेढ़ दर्जन से अधिक युवक एवं युवतियां भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ. सुहैल ने बताया कि मशरूम न केवल एक स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ है बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने ओएस्टर और बटन प्रजातियों की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि ये दोनों प्रजातियां किसानों के लिए आसान और लाभदायक विकल्प हैं। डॉ. सुहैल ने तकनीकी जानकारी साझा करते हुए कहा कि मशरूम उत्पादन मध्य सितंबर से फरवरी तक किया जा सकता है। इसमें प्रोटीन, विटामिन, खनिज, फाइबर और कम मात्रा में फैट होता है, जो शरीर को बीमारियों से दूर रखता है। कृषि प्रसार वैज्ञानिक डॉ. जियालाल गुप्ता ने मशरूम उत्पादन को ग्रामीण उद्यमिता के सशक्त माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मांग के अनुसार इसका उत्पादन और सही मार्केटिंग रणनीति अपनाकर युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इसके नियमित सेवन से डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों में भी लाभ होता है। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. एन. के. त्रिपाठी ने बताया कि मशरूम उत्पादन के बाद बचा हुआ कंपोस्ट उत्तम जैविक खाद होता है, जो खेत की उर्वरता बढ़ाता है। उन्होंने प्रतिभागियों को मशरूम के साथ-साथ पशुपालन और दुग्ध व्यवसाय से भी जुड़ने की सलाह दी ताकि कम संसाधनों में अधिक आय प्राप्त की जा सके। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल रोजगार के नए अवसर प्रदान कर रहा है, बल्कि युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली की ओर भी प्रेरित कर रहा है। प्रतिभागी इसे एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपनाने की दिशा में अग्रसर हो रहे हैं।

## श्रीरामलीला महोत्सव की तैयारियां पूरी, 22 सितम्बर से गूंजेगा जय श्रीराम, रावण दहन दशहरे पर

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** शहर में धार्मिक उल्लास और आस्था का संचार करने वाला श्रीरामलीला महोत्सव एक बार फिर श्रद्धालुओं के लिए लेकर आ रहा है प्रभु श्रीराम की लीला रूपी अमृतवर्षा। 22 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रीरामलीला समिति द्वारा कार्यक्रमों की रूपरेखा जारी कर दी गई है। 25 सितम्बर- ताड़का वध, अहिल्या उद्धार एवं जनकपुर दर्शन, 26 सितम्बर- धनुष भंग, लक्ष्मण-परशुराम संवाद, श्रीराम विवाह, 27-29 सितम्बर- कैकेई संवाद, वनवास, जटायु मरण, सुग्रीव मैत्री, 30 सितम्बर- लंका दहन, रावण-अंगद संवाद, रामेश्वर स्थापना, 2 अक्टूबर (दशहरा), कुम्भकरण वध, मेघनाद वध, रावण वध, 3 अक्टूबर- भरत मिलाप, राजगद्दी एवं राम राज्याभिषेक किया जायेगा। वहीं रामलीला मंचन- प्रतिदिन सायं 3 बजे से 6 बजे तक, जबकि रासलीला- रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक, आयोजकों ने बताया कि महिलाओं के लिए अलग से बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे सभी श्रद्धालु आरामपूर्वक आयोजन का आनंद ले सकें। भोग वितरण- राज किशोर गुप्ता (ब्रदी मिष्ठान भण्डार), राजगद्दी कार्यक्रम- सुशील कुमार गुप्ता (एडवोकेट) एवं सतीश कुमार गुप्ता (चिल्ड्रेन्स एकेडमी) श्रीराम बारात स्वागत- गल्ला किराना संघर्ष समिति द्वारा किया जायेगा।

## स्वस्थ नारी से ही सशक्त परिवार की नींव: सीएमओ डॉ. रस्तोगी

**तुलसीपुर सीएचसी में आयोजित विशेष चिकित्सा शिविर का निरीक्षण, महिलाओं को मिली विशेषज्ञ परामर्श और उपचार**

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



प्रधानमंत्री सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर में आयोजित विशेष चिकित्सा शिविर का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने शिविर में पहुंची महिलाओं से संवाद किया और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक महिलाओं को शिविर का लाभ सुनिश्चित कराया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इस अवसर पर अधीक्षक सीएचसी तुलसीपुर डॉ. विकल्प मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पाण्डेय, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विनोद त्रिपाठी सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व कर्मी मौजूद रहे। सीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का सशक्त प्रयास है। उन्होंने कहा कि महिला के स्वस्थ रहने से परिवार और समाज दोनों सशक्त बनते हैं। इसी सोच के तहत शिविरों में महिलाओं की जांच, उपचार और परामर्श प्रदान किए जा रहे हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने शिविर में आई महिलाओं की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं और परामर्श दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और परिवार कल्याण संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। सीएमओ ने अपील की कि इस अभियान को सामूहिक प्रयास से सफल बनाया जाए ताकि बलरामपुर जनपद की हर महिला स्वस्थ रह सके और परिवार व समाज को सशक्त बनाने में योगदान दे सके।

## जेएम हॉस्पिटल रेहरा बाजार में एडिशनल सीएमओ का औचक निरीक्षण

**अल्ट्रासाउंड मशीन सील, नियम उल्लंघन पर अस्पताल को नोटिस**

**रेहरा बाजार/बलरामपुर।** जेएम हॉस्पिटल, रेहरा बाजार में बुधवार को एडिशनल सीएमओ एस.के. श्रीवास्तव ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई अनियमितताएं उजागर हुईं। निरीक्षण में पाया गया कि अल्ट्रासाउंड मशीन नियमों के विपरीत संचालित की जा रही थी। तत्काल कार्रवाई करते हुए मशीन को सील कर दिया गया। इसके अलावा अस्पताल में साफ-सफाई की कमी, मरीजों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव तथा निर्धारित चिकित्सीय सेवाओं का पालन न होने जैसी गंभीर खामियां सामने आईं। एडिशनल सीएमओ श्रीवास्तव ने बताया कि मानक पूरा न होने और चिकित्सा व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर अस्पताल प्रशासन को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही, नोटिस की अवधि तक अस्पताल बंद रखने का आदेश दिया गया था, लेकिन निरीक्षण के दौरान आदेश के बावजूद अस्पताल खुला पाया गया। निरीक्षण और कार्रवाई की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई। स्थानीय निवासी राधेश्याम ने कहा- सरकार को ऐसे अस्पतालों पर सख्ती करनी चाहिए, जहां मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। वहीं, व्यापारी विजय ने कहा- अस्पताल प्रबंधन को मरीजों की सुविधा को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि सिर्फ मुनाफे पर ध्यान देना। इस कार्रवाई के बाद इलाके के अन्य निजी स्वास्थ्य संस्थानों में भी हड़कंप मच गया है।

### नवरात्र से पहले गड्ढामुक्त सड़क की मांग तेज, भाजपा युवा मोर्चा ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**उतरौला (बलरामपुर) ।** क्षेत्र में गड्ढा युक्त सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की मांग को लेकर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा ने एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी उतरौला अभय सिंह को सौंपा। दिए गए पत्र में कहा है कि तहसील उतरौला के अन्तर्गत राप्ती नदी के तटवर्ती गावों से जुड़े संपर्क मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुके हैं। जैसे पिपराघाट से लेकर महुआ धनी चौराहे तक विभिन्न मार्ग बरसात के कारण अत्यंत जर्जर हो चुके हैं जिससे आमजनमानस व स्कूली बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है वहीं 22 सितंबर से नवरात्रि प्रारंभ हो रहा है जिसमें मूर्ति लाने ले जाने के लिए व विसर्जन करते समय कोई घटना घटित न हो इसलिए उपरोक्त मार्गों का सर्वे कराकर 20 सितम्बर तक गड्ढा मुक्त कराया जाना जनहित में आवश्यक है।

## नवरात्र उत्सव की रौनक, भव्य पंडालों की तैयारियां तेज

**मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने जुटे मूर्तिकार**

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर उतरौला नगर पूरी तरह उत्सवमय रंग में रंगने लगा है। जैसे-जैसे 22 सितंबर नज़दीक आ रही है, पूजा समितियां तैयारियों को अंतिम चरण में पहुँचा रही हैं। नगर के मुख्य मार्गों से लेकर मोहल्लों तक, हर ओर भक्तिमय माहौल और उल्लास की झलक साफ दिखाई दे रही है। आर्यनगर स्थित खाकी दास बाबा मंदिर परिसर में कोलकाता से आए प्रसिद्ध मूर्तिकार गोपाल अपनी टीम के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। गोपाल बताते हैं कि महीनों पहले से मिट्टी का चयन, ढांचा तैयार करने और सूक्ष्म सजावट का काम शुरू कर दिया जाता है। अब प्रतिमाओं पर रंग-रोगन और आभूषण सजावट की बारीकी से मेहनत चल रही है। उनकी मानें तो हर मूर्ति में भाव और भक्ति दोनों का संगम होता है, जिसे सुंदरता के साथ जीवंत करना ही असली चुनौती है। शहर के प्रमुख मार्गों, जैसे आर्यनगर, गांधी नगर और बस स्टैंड, फक्कड़ दास बाबा चौराहा, हटन रोड पर पूजा समितियां आकर्षक पंडाल निर्माण में लगी हैं। बांस-बल्लियों और कपड़े की रंगीन झालरों से मंडप सजाए जा रहे हैं। कई समितियां थीम-आधारित पंडाल बनाने पर जोर दे रही हैं, जहां रोशनी, विद्युत सज्जा और विशेष लाइट शो का आकर्षण रहेगा। आयोजकों का कहना है कि ÷भक्तों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकासी मार्ग और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने भी स्वागत द्वारों, गलियों और दुकानों को फूल-मालाओं व रंग-बिरंगी रोशनी से सजाना शुरू कर दिया है। महिलाएं व युवा समूह मिलकर मां दुर्गा के स्वागत गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी कर रहे हैं। दुकानों पर पूजा-सामग्री, वस्त्र और सजावटी सामान की खरीदारी में भी तेजी आ गई है। नगर पालिका और पुलिस प्रशासन ने साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और बिजली आपूर्ति को लेकर विशेष टीम गठित की है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने बताया कि नवरात्र के दौरान भीड़ को देखते हुए पंडालों के आसपास नियमित सफाई, पेयजल आपूर्ति और सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। दुःख हरण नाथ मंदिर के महंत मयंक गिरी के अनुसार, शारदीय नवरात्रि मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना का पर्व है। आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ और भजन-कीर्तन से वातावरण दिव्य और ऊर्जावान बनता है। भक्तजन व्रत, भजन और रात्रि जागरण कर मां से परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करेंगे। आगामी 22 सितंबर से आरंभ होने वाला यह महापर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का भी उत्सव है। नगरवासी उत्सुकता से उस क्षण की प्रतीक्षा कर रहे हैं जब मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं पंडालों में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगी और पूरे उतरौला में जय माता दी के जयकारे गूंज उठेंगे।

# अतिक्रमण नियंत्रण व विकास कार्यों को प्राथमिकता दें : डीएम

- डीएम ने नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश
- नगरपालिका सहित सभी नगर पंचायतों में शत प्रतिशत हो डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सहित जिले के अन्य सम्बंधित अधिकारियों के साथ नगर विकास विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जनपद के सभी नगर निकायों की कार्यप्रगति, स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण नियंत्रण, राजस्व वसूली और विकास योजनाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर स्वच्छता समेत विभिन्न श्रेणियों में आने वाली रैंकिंग में जनपद की स्थिति बेहतर करने के लिए सभी निकाय गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों से अपेक्षा की कि स्वच्छता के प्रत्येक बिंदु पर समयबद्ध प्रगति दर्ज हो तथा किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक मार्गों,



फुटपाथों और नालियों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्ज़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण की स्थिति मिलने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई की जाए और जुर्माना वसूला जाए। साथ ही, नगर निकायों में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निकायों में निर्माणाधीन कल्याण मंडपों की प्रगति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन मंडपों का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जाए ताकि जनता को समय पर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के विषय में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक निकाय अपने-अपने क्षेत्र में स्थित तालाबों पर विशेष ध्यान दे। उन्होंने निर्देशित किया कि इन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाए तथा तालाबों को सुंदर और आकर्षक बनाने की दिशा में कार्य किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि तालाबों को साफ-सुथरा और सुरक्षित रखकर इन्हें आमजन के लिए उपयोगी बनाया जाए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका सहित सभी नगर पंचायतों में प्रतिदिन शतप्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में राजस्व वसूली की प्रगति पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व की बकाया वसूली में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने कहा कि सभी नगर निकाय अपने-अपने राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना तथा शहरी आजीविका मिशन जैसी योजनाओं की प्रगति पर भी जानकारी ली। बैठक में नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## समाजसेवी के जन्मदिन पर विद्यालय में हुई निबंध प्रतियोगिता, पुरस्कृत किये गए छात्र

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय कबूलपुर मे लक्ष्य फाउंडेशन के तत्वाधान मे कार्यक्रम सयोंजक आदर्श अवस्थी फ्रसोनूफ्र के जन्मदिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरस्कार वितरण करके बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया प्रतियोगिता मे कक्षा 6,7,8 के कुल 160 बच्चों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चैयरमैन अलोक तिवारी ने बच्चों को प्रणाम प्रत्र, कॉपी, पेन, व बैग देकर सम्मानित करते हुए कहा धरती पर हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से लक्ष्य फाउंडेशन बीते कई वर्षो से लगातार कार्य कर रहा आदर्श अवस्थी "सोनू" इन कार्यक्रमो के धरातल पर अमल कराने मे अपना अमूल्य सहयोग देते आये आज का यह कार्यक्रम एक नई परंपरा की शुरुआत है युवाओं को इससे सीखने की जरूरत है इस अवसर महिमापुर गांव मे लक्ष्य के स्वयंसेवकों द्वारा फलदार पौधों का वितरण भी किया गया उक्त कार्यक्रम मे मुख्य रूप से लक्ष्य फाउंडेशन के अध्यक्ष पियूष प्रकाश मिश्रा, प्रधानाचार्य मनोकामनी गुप्ता, प्रमोद कुमार, रंजना गुप्ता, लवकुश कुमार, ब्रजेश शुक्ला, अरविन्द कुमार, हर्षवर्धन सिंह, एडवोकेट अरमान कुरैशी, अलोक कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### चोरी के सामान के साथ, अपराधी गिरफ्तार



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** लोनी कटरा पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी किया गया परचून का सामान नकदी चोरी में प्रयोग किया गया एक लोहे का राड बरामद करने का दावा किया है। पुलिस द्वारा जारी किए गए प्रश्न नोट के मुताबिक अभियुक्त दुर्गेश रावत पुत्र रामसमुझ इसी थाना क्षेत्र के मदाराबाद मजरे दुंदीपुर क्षेत्र के मकनपुर से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसने मकनपुर में बीते 15/16 अगस्त की रातएक परचून की दुकान से चोरी करने की बात स्वीकार की है। जामा तलाशी में अभियुक्त के पास 10 पैकेट पुकार पन मसाला दो पैकेट राजश्री पान मसाला 10 पैकेट पान बहार गुटका दो पैकेट सिग्नेचर पान मसाला 10 पैकेट स्टार बीड़ी घटना में प्रयुक्त एक अदत लोहे का राड व 1738 रुपए नगद बरामद हुए हैं। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ चोरी की गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है।

### विपक्षियों से परेशान महिला ने थाने में दी तहरीर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** थाना लोनी कटरा क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने गांव के ही विपक्षी जनों से प्रताड़ित होकर थाना में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना लोनी कटरा क्षेत्र के जौरास गांव निवासिनी गुलाम बानो पत्नी जान मोहम्मद ने बताया कि गांव के ही मो मुशीर पुत्र समीम सलमान पुत्र समीम एवं अयान पुत्र मुशीर द्वारा पिछली 9 सितंबर को मेरे लड़के ऐश मोहम्मद को मारा पीटा और 16 सितंबर को लगभग रात 9:00 बजे दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। उक्त लोग अक्सर मुझे एवं मेरे परिवार को प्रताड़ित करते हैं।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** दही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसीरतगंज कानपुर-लखनऊ हाइवे पर बीतीरात पैदल जा रहे मजदूर की किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से खंती में गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर हादसे की सूचना परिजनों को देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अजगैन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवई निवासी धर्मेंद्र चौरसिया 27 पुत्र सत्यनारायण मजदूरी करता था जो शराब एवं गांजा पीने का आदी था। सुबह के समय दही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसीरतगंज के सामने कानपुर लखनऊ हाइवे के किनारे खंती में शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के कपड़ो की तलाशी ली तो जेब में मिली डायरी के नंबरों से पहचान कर परिजनों को सूचना देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई सुशील ने बताया कि धर्मेन्द्र शराब एवं गांजा पीने का लती था। उसकी शादी नहीं हुई। तीन दिनों से घर नहीं गया था। इधर-उधर होटलों में काम करता था। छह भाइयों में 5 वे नंबर का था।

### मजदूर की छत से गिरकर मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** दही थाना क्षेत्र के मोहल्ला शिवनगर में कमरा लेकर रहने वाले मजदूर की देररात छत से गिरकर मौत हो गई। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भदेवरा गांव निवासी कुलदीप सिंह (40) पुत्र अजीत बहादुर ट्रक चालक था लेकिन वह पिछले 6 माह से दही थाना क्षेत्र के शिवनगर मोहल्ला में सूर्य सिंह के मकान में किराए का कमरा लेकर रहता था और मजदूरी कर अपना पेट पालता था। बताते है कि वह शराब का लती था इसी से उसकी पत्नी सोनम उसे छोड़कर चली गई थी। बीतीरात वह शराब पीकर घर लौटा और छत पर सोने चला गया। अचानक रात में बारिश शुरू होने पर नीचे कमरे में आ रहा था तभी संतुलन बिगड़ने से उसका पैर फिसल गया और वह सड़क पर गिर गया। आवाज सुनकर मकान मालिक व अन्य पड़ोसी बाहर निकले और उसे जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देखकर बेहाल हो गए। कुलदीप की मौत से भाई प्रदीप, संदीप बेहाल है। एसओ अवनीश सिंह ने बताया कि छत से गिरकर युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### भीषण बारिश में जर्जर छत धराशायी सफाई कर्मी की दबकर मौत

- एसडीएम ने पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** भीषण बारिश होने के दौरान अचानक जर्जर कमरे की छत का लिंटर भरभराकर ढह गया। जिससे मलबे में दबकर नगर पालिका के सफाई कर्मी की मौत हो गई। सदर कोतवाली पुलिस व एसडीएम भी मौके पर पहुंचे और जांच कर बेहाल परिजनों को अनुमन्य शासकीय आर्थिक सहायता दिलाने के साथ हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। रायबरेली जिला के सरेनी थाना क्षेत्र के रामपुर कलां गांव निवासी जितेंद्र (45) पुत्र स्व. बिंदा प्रसाद करीब 10 साल से अपने परिवार के साथ सदर कोतवाली के मोहल्ला शांतिनगर में मसवासी गांव निवासी गौतम के मकान में अपने परिवार के साथ किराए पर रहता था। वह पत्नी नीलू के साथ नगर पालिका में ठेकेदार के अधीन सफाई कर्मी था। इस समय उसकी ड्यूटी छिपियाना मोहल्ले में थी। गुरुवार दोपहर वह पत्नी के साथ ड्यूटी से लौटकर घर पहुंचा। पत्नी किसी काम से अकरमपुर चली गई तभी तेज बारिश शुरू हुई और कमरे की जर्जर हो चुकी छत भरभराकर ढह गई। जितेंद्र उसी में दब गया। बेटी के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े और मलबा हटाकर उसे बाहर निकाल कर जिला अस्पताल लाए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस व एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी ने जांच की। पति की मौत से पत्नी नीलू, बेटा मनीष, बेटी मानसी, नैंसी बेहाल रही। जितेंद्र तीन भाइयों में राजन, धर्मेंद्र से बड़ा था। बेटे की मौत की खबर गांव में मिलते वृद्ध मां चंद्रकली बदहवाश है। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसडीएम सदर ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि दैवीय आपदा में मृत्यु के लिए अनुमन्य शासकीय आर्थिक सहायता पीड़ित परिवार को दिलाई जाएगी।

### मारपीट में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**चकरनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन दिन पूर्व रास्ते में लकड़ी के गट्ठे रखने पर दो पक्षों में लाठी-डंडे चले थे। जिसमें दोनों पक्ष से सात लोग घायल हुए थे। जिसमें पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना चकरनगर के गांव नगला कढ़ोरी में रविवार देर शाम रास्ते में लकड़ी के गट्ठे डालने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले थे। जिसमें रामनिवास पक्ष के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने घायल 75 वर्षीय बादशाह सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिनका उपचार मिनी पीजीआई सैफई में चल रहा है। पुलिस ने रामनिवास की तहरीर पर रामकरन सिंह पुत्र गोविंद सिंह, दीपू पुत्र गोविंद, अंकुश पुत्र राजवीर, धर्मेन्द्र पुत्र राजेन्द्र, विनोद पुत्र बालब्यासी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपितों की धरपकड़ शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक चकरनगर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि पांच लोगों के खिलाफसुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## महिला से दिनदहाड़े बदमाश ने छीनी नथुनी विरोध करने पर चाकू से किया घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

सुबेहा थाना क्षेत्र में एक महिला से दिनदहाड़े नाक से नथुनी छीनने व विरोध करने पर नकाब पोश बदमाश ने महिला के हाथ पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई।यह घटना वार्ड किला दरवाजा निवासी रहमत अली की पत्नी हीना के साथ हुई।

परिजनों के मुताबिक गुरुवार की सुबह एक अज्ञात युवक ने दरवाजा खटखटाया। जैसे ही महिला ने दरवाजा खोला, युवक ने उसकी नाक में पहने नथुनी छीन लिया ।महिला ने बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया, जिस पर युवक ने उसके हाथ पर चाकू से वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गई ।चीखने चिल्लाने पर मोहल्ले के लोग दौड़े लेकिन भागने में सफल रहा । बताया जाता है कि युवक



मुंह में कपड़े बांध रखा था जिससे कि उसकी पहचान नहीं हो पाई है।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस पीड़िता को थाने लाकर आगे की पूछताछ कर रही है। पुलिस इस घटना को संदिग्ध मान रही है। फिलहाल जांच पड़ताल जारी है। वही इस घटना के बाद से लोगों में दहशत सी व्याप्त हो गई है।पुलिस से घटना का खुलासा करने की मांग की है।

## भगवान विश्वकर्मा जयन्ती पर कल कारखानों सहित विश्वकर्मा मन्दिर में हुई पूजा-अर्चना

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** हर वर्ष की भांति विश्वकर्मा महासभा द्वारा लखपेड़ाबाग स्थित विश्वकर्मा मन्दिर में भगवान विश्वकर्मा जयंती महोत्सव, विशाल भण्डारा आयोजन किया गया। सुबह से ही पूजा अर्चना हवन के साथ प्रसाद वितरण से शुरू हुआ महोत्सव देर शाम तक चलता रहा। विश्वकर्मा पूजा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद तनुज पुनिया ने भगवन विश्वकर्मा जी की आरती में भाग लिया और सभी को बधाई देते हुए कहा कि सृष्टि का संचार विश्वकर्मा जी के अनुसार हो रहा है। सभी अतिथियों का स्वागत एडवोकेट कमलेश चन्द्र शर्मा ने किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता रामलखन शर्मा ने की। इस महोत्सव में संतोष श्रीवास्तव मधु शर्मा वित्त नियंत्रक उत्तर प्रदेश बीज निगम डॉक्टर शिवनंदन यादव डॉक्टर, एसके यादव, पूर्व मजिस्ट्रेट रामलाल द्विवेदी, अपना दल के सुरेश गौतम गया प्रसाद गोंड, राजकुमार सोनी, अनिल शर्मा सुरेश बहादुर सिंह कौशिक, सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश कुमार,



सुनील झंझटी, भारत लाल विश्वकर्मा, डॉ सुरेश चंद्र शर्मा, सियाराम विश्वकर्मा रघुराज सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, महामंत्री रामराज यादव, प्रबंधक जस्टिस लॉ कॉलेज के प्रबंधक अमित शुक्ला, अजय प्रताप सिंह हुमायूं नईम खान देवेंद्र सिंह यादव, विनोद कुमार तिवारी मुख्य न्याय रक्षक आदि गणमान्य लोग उपस्थित हुए। महोत्सव में लोक गायक जमुना प्रसाद कनौजिया एवं उनकी टीम ने विश्वकर्मा जी के भजनों, लोक गीतों से समा संजोए रखा। रंजना शर्मा, रोहित शर्मा, करूणेश शर्मा का विश्वकर्मा पूजा महोत्सव के आयोजन में विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

## विद्युत बिल वसूली का लगा मेघा शिविर

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत मेलरायगंज में विद्युत विभाग ने मेगा कैंप का आयोजन किया। इस दौरान विभाग ने करीब डेढ़ लाख रुपये का बकाया वसूला और एक दर्जन से अधिक बड़े बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काट दिए।गुरुवार को सिरौलीगौसपुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता राज मौर्य के नेतृत्व में टीम मेलरायगंज गांव पहुंची। टीम ने घर-घर जाकर विद्युत कनेक्शनों की जांच की और बकायेदारों से बकाया जमा करने को कहा।जिन उपभोक्ताओं ने बकाया जमा नहीं किया, उनके कनेक्शन काटे गए। विभाग ने बड़े बकायेदारों के खिलाफ यह कार्रवाई की।अवर अभियंता राज मौर्य ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए गांवों में ऐसे कैंप लगाए जा रहे हैं, ताकि वे आसानी से अपना बकाया जमा कर सकें। उन्होंने कहा की बकाया जमा न करने वाले बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं।

## सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश यादव एवं पूर्व विधायक कृपाशंकर सिंह बाबू जी ने विधानसभा क्षेत्र भगवंतनगर के कटरी क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त गांवों का सघन दौरा किया। लोगों से मिलकर बाढ़ से हो रही परेशानियों की जानकारी ली। प्रभावित दर्जनों गाँवों के लोगों से भेंटकर वहाँ की मौजूदा स्थिति का जायज़ा लिया।

बाढ़ से प्रभावित होकर झुग्गी-झोपड़ियों में रहने को मजबूर पीड़ित परिवारों को उन्होंने यथासंभव राहत सामग्री एवं भोजन हेतु लंच पैकेट वितरित किए। बाढ़ पीड़ितों तक राहत सामग्री सफलतापूर्वक पहुंचाने में समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव नितिन सिंह पटेल की बड़ी



भूमिका रही, उनकी पूरी टीम लगातार लोगों की मदद कर रही है। पूर्व विधायक कृपाशंकर सिंह बाबू जी ने बाढ़ पीड़ितों को आश्वासन दिया कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी। कटरी क्षेत्र में जब भी बाढ़ आती है, किसान पूरी तरह से तबाह हो जाते हैं, लोगों के साथ-साथ उनके मेवेशियों के लिए चारे का संकट सबसे बड़ा होता है। उनके मवेशी ही किसानों की आय का सबसे बड़ा श्रोत हैं। बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री वितरण में जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर गौतम, हाजी सैय्यद इरफान, जिला सचिव रामबहादुर यादव, वीरेंद्र यादव, विधानसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान, विधानसभा महासचिव गुड्डू पटेल, विधानसभा उपाध्यक्ष शिवनारायण गौड़, सत्येंद्र यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अमन अंजुम, राजेंद्र प्रसाद बारी, अनूप यादव, पंकज लोधी, मनीष सैनी, मोहित लोधी, गोलू यादव, रवि पटेल, सूरज पाल यादव (प्रधान), केशवदेव (प्रधान), रामबाबू यादव (बूथ अध्यक्ष), शिशिर कुशवाहा, चंद्रपाल यादव सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्तागण राहत सामग्री वितरण में लगे रहे।

## नवरात्रि के मद्देनजर पुलिस ने की पीस कमेटी की बैठक

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली पुलिस ने आगामी नवरात्र के मद्देनजर शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। इस बैठक में उपजिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी और क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं और डिजिटल वालंटियर्स ने हिस्सा लिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सभी से सहयोग की अपील की। पुलिस का उद्देश्य नवरात्र के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखना है। बैठक में सभी ने मिलकर त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया। पुलिस प्रशासन ने सभी से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने में सहयोग करने का अनुरोध किया।

## जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग की समीक्षा कर सुधार की दी चेतावनी




**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा विकास भवन सभागार में की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने रिवैम्प्ड योजना, स्मार्ट मीटरिंग, कृषि फीडर अलग, 1912 पर प्राप्त शिकायतें, विद्युत उपभोक्ताओं की सहायता हेतु जारी विभिन्न सेवाएं, विजनेस प्लान सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत हेल्पलाइन में उपभोक्ताओं संबंधी जो शिकायतें आ रही हैं उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें शिकायतकर्ता की संतुष्टि होनी चाहिए। पोर्टल पर अपलोड की जाने वाली आख्या गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने की कार्यवाही प्राथमिकता के साथ की जाये। अधिक से अधिक टीम लगाकर स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रगति में सुधार किया जाए। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने बताया कि आरडीएस योजना में 10 नग कृषि फीडरों के अतिरिक्त अति आवश्यक 07 नग अन्य चयनित फीडरों का सेग्रीगेशन कर अलग से कृषि फीडर का निर्माण कराया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि फीडरों के संबंध में प्राथमिकता के साथ आवश्यक कार्रवाई किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बिजनेस प्लान के कार्यों जिसमें पावर परिवर्तनों की क्षमता वृद्धि, नए पावर परिवर्तनों की स्थापना, 11 केवी नई लाइन का कार्य, फीडर विभक्तिकरण संबंधी कार्यों का प्राथमिकता से कराया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा की तहसील मुख्यालय/नगर पंचायत ग्रामीण क्षेत्र जिला मुख्यालय में विद्युत आपूर्ति का जो निर्धारित समय है मानक हैं उसके अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता विद्युत अधिशासी अभियंता उन्नाव सहित अन्य विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संसार में परोपकार से बढ़कर कोई धर्म नहीं : शरण महाराज

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई एक प्रसिद्ध चौपाई है जो गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लिखी है। इसका अर्थ है कि दूसरों की भलाई करने के समान कोई श्रेष्ठ धर्म नहीं है और किसी को दुःख पहुँचाने के समान कोई नीच या अधर्म नहीं है।

इस चौपाई का विस्तार से अर्थ परहित सरिस धर्म नहीं भाईरू इसका भावार्थ यह है कि दूसरों की भलाई करना ही सबसे बड़ा धर्म है। निस्वार्थ भाव से दूसरों के लिए जो कार्य किया जाता है, वह व्यक्ति को सच्चा धर्म या पुण्य का मार्ग दिखाता है।

परपीड़ा सम नहीं अधमाईरू इसका मतलब है कि किसी को कष्ट पहुँचाना, किसी को दुख देना, या किसी का नुकसान करना सबसे बड़ा अधर्म है। इस तरह का काम करने वाला व्यक्ति समाज में और ईश्वर की



दृष्टि में नीच होता है। परोपकार और दूसरों की सेवा जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है। दूसरों को पीड़ा पहुँचाना सबसे बड़ा पाप है।

उक्त प्रवचन श्रीमद् भागवत कथा में प्रवचन करता राजऋषि बजरंग शरण बालाजी धाम बंथरी भिंड ने भागवत कथा पंडाल हनुमान मंदिर सांगावली कचोरा रोड इटावा में उमड़े जन समूह को संबोधित करते हुए कहे भागवत कथा संयोजक सचिव धर्मेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि भागवत कथा 14 सितंबर रविवार से कलश पूजन के साथ प्रारंभ हुई थी आज भागवत कथा में सरस कथा वाचक आचार्य वेदनारायण दीक्षित वृंदावन धाम मथुरा प्रेरणा स्रोत संत महेंद्र जगदीश आनंद महाराज दयानंद महाराज के सानिध्य में चल रही भागवत कथा जिसके मुख्य परीक्षित राजपति देवी एवं ठाकुर मुकुट सिंह भदोरिया के द्वारा भागवत कथा की आरती उतारी जाती है व्यवस्थापक के रूप में ठाकुर श्यामवीर सिंह भदोरिया रामवीर सिंह भदोरिया राजवीर सिंह भदोरिया रणजीत सिंह भदोरिया शिव दुलारे चौधरी राकेश कुमार पाठक रूप सिंह भदोरिया अरविंद सिंह भदौरिया अरुण कुमार सिंह सुशील कुमार आदि सहयोग प्रदान कर रहे हैं भागवत आचार्य का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने फूल मालाओं से पहनकर पगड़ी द्वारा सम्मान किया सम्मान करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, जिला वरिष्ठमहामंत्री हरि गोपाल शुक्ला, जिलाप्रभारी रवि पोरवाल, जिलाउपाध्यक्ष राजीव कुमार पाल, शहर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप, युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा, प्रांतीय सदस्य राहुल चौहान उद्योग मंच के जिलाध्यक्ष मेजर पांडे, जिलाउपाध्यक्ष अभिषेक दीक्षित शामिल है।

## दूसरों को राहत पहुंचाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य



**भरथना, इटाव, समृद्धि न्यूज।** दूसरों की पीडा को महसूस कर उन्हें हरसम्भव राहत पहुँचाना ही सबसे बडा पुण्य का कार्य है। इसी सोच के साथ ग्रामीण अंचल के कई समाजसेवियों ने प्राकृतिक आपदा बाढ के शिकार हुए पंजाब के जरूरतमन्द पीडितों के लिए करीब 25 कुन्तल खाद्य सामग्री, 20 हजार रूपया नगदी सहित दैनिक उपयोगी सामान आदि निजी वाहन से पहुँचाया।

ग्राम मोढी में संचालित बाएफ पशुधन विकास केन्द्र के केन्द्र प्रभारी डा. युनूस अल्वी ने बताया कि उनके द्वारा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुर्रा के समाजसेवियों से उक्त पुनीत कार्य में सहयोग करने का आवाहन किया गया था। जिस पर क्षेत्र के समाजसेवियों प्रधान आपेन्द्र कुमार, पूर्व प्रधान वीरेन्द्र यादव, लाल सिंह यादव, अखिलेश यादव, बलवीर यादव, रविन्द्र सिंह, अनुपम सहित कई समाजसेवियों ने अपना हरसम्भव सहयोग किया। सभी समाजसेवियों के सहयोग से एकत्रित हुए 18 कुन्तल आटा, 5 कुन्तल आलू, 30 किग्रा0 दाल, दैनिक उपयोगी सामग्री मच्छर लोशन, हैंडवॉश, साबुन, तेल के अलावा 20 हजार रूपये नगदी एकत्रित हुई है। जिसे गुरूवार को निजी वाहन द्वारा पंजाब के फिरोजपुर ले जाया गया है। जहाँ फिरोजपुर प्रशासन के सहयोग से वहाँ के प्राकृतिक आपदा बाढ से प्रभावित हुए परिवारों को यह राहत सामग्री वितरित की जायेगी।

## एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली को सोशल मीडिया के माध्यम से धमकाने और अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष शमशाद हुसैन वारसी ने जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया कहा कि अक्षय भारद्वाज नामक व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगातार अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर रहे हैं और सार्वजनिक रूप से जूता मारने जैसी बातें कह रहे हैं। यह न केवल प्रदेश अध्यक्ष की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाता है, बल्कि उनकी जान-माल की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। शिकायत पत्र में मांग की गई है कि आरोपी अक्षय भारद्वाज एवं उसके सहयोगियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता एवं आईटी एक्ट की प्रासंगिक धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली को सुरक्षा मुहैया कराने की अपील भी की गई है। ज्ञापन देने वाले एजाज़ खान जिला संगठनमंत्री, एहसान खान जिला उपाध्यक्ष, मो शावेज़ जिलामीडिया प्रभारी, मो. नईम जिलामहासचिव, अदनान खान सेक्टर अध्यक्ष, अनीस अली, फ्रांस अली, शहवाज खा, अदनान अली, दानिश अख्तर अंसारी, मुकार्रम आदि मौजूद रहे।

## एक राष्ट्र एक चुनाव से देश की अर्थव्यवस्था बढ़ेगी : गोपाल मोहन

- नारायण कॉलेज व आईटीआई में हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

किसी भी जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक महत्वपूर्ण एवं सशक्त प्रक्रिया है। इस मसले पर चुनाव आयोग, नीति आयोग, विधि आयोग और संविधान समीक्षा आयोग विचार कर चुके हैं अभी हाल में ही विधि आयोग के द्वारा एक साथ चुनाव कराए जाने के मुद्दे को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों क्षेत्रीय पार्टियों और




प्रशासनिक अधिकारियों की राय जानने के लिए तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई कुछ राजनीतिक दलों ने इस विषय पर सहमति जताई जबकि ज्यादातर राजनीतिक दलों ने इसका विरोध किया। इस प्रस्ताव विचार पर आमराय नहीं बनती है तब तक इस धरातल पर उतारना संभव नहीं होगा। उक्त विचार एक राष्ट्र एक चुनाव के जिलासमन्वयक गोपाल मोहन शर्मा ने आयोजित युवा परिचर्चा, छात्र व छात्राओं के मध्य नारायण कॉलेज तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित संगोष्ठी के अवसर पर व्यक्त करते हुए कहा एक चुनाव एक देश लोकसभा और राज्यों की विधान सभाओं का चुनाव एक साथ करवाने का एक वैचारिक उपक्रम है। एक राष्ट्र एक चुनाव से देश के संसाधनों व अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी होगी वही एक साथ एक चुनाव से विधायक और संसद का चुनाव लड़ने का अवसर नए लोगों को प्राप्त होगा। सड़क सुरक्षा, बिजली पानी और शिक्षा के वास्ते हमें एक राष्ट्र और एक चुनाव के रास्ते पर चलना होगा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि गोपाल मोहन शर्मा, प्रधानाचार्य डॉ धर्मेंद्र शर्मा, योगेश दुबे, अभिषेक तिवारी, अनुरोध कुमार गुप्ता, जिला संयोजक एक राष्ट्र चुनाव, अभिषेक ज्ञानार्थी, अभिषेक राठौर ने सरस्वती मां की चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य डॉ धर्मेंद्र शर्मा ने मंचस्थ सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संगोष्ठी का संचालन अभिषेक राठौर ने किया। इस अवसर पर लेफ्टीनेंट प्रशांत कमल, बलबीर सिंह,योगीराज पुरवार, विधि तिवारी, नंदिता, ईशा यादव, राहुल पाल, योगेश वर्मा, संस्कार गुप्ता सहित तमाम छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

# छूने, साथ खाने-पीने से नहीं फैलता एचआईवी संक्रमण

▸ छात्र-छात्राओं को एड्स के रोकथाम के प्रति किया गया जागरूक



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी एवं हिंदुस्तान लेटेक्स फैमिली प्लानिंग प्रमोशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में गुगरापुर ब्लॉक क्षेत्र के चांदापुर स्थित अविका डिग्री कॉलेज में एड्स जागरूकता एवं रोकथाम पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ. हरिओम प्रजापति ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोजेक्ट मैनेजर फैजल खान ने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए एचआईवी/ एड्स के कारणों, लक्षणों एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह संक्रमण मुख्यतः असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त के चढ़ाव, नशे की स्थिति में साझा सुई के उपयोग तथा संक्रमित मां से गर्भस्थ शिशु को हो सकता है। कहा कि छूने, साथ खाने-पीने या गले लगाने से एचआईवी का संक्रमण नहीं फैलता, अतः एड्स पीड़ित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव न करें। कहा कि आज भी देश में जागरूकता की कमी के कारण कई लोग इस संक्रमण के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने सभी को रक्तदान से पूर्व एचआईवी जांच अनिवार्य रूप से कराने का संदेश दिया, ताकि संक्रमण की श्रृंखला को रोका जा सके। जिला समन्वयक अंकित कुमार यादव ने प्रतिभागियों को सरकारी योजनाओं, परामर्श एवं जांच केंद्रों (आईसीटीसी) तथा निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं की जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय स्टाफ एन.एस.एस. इकाई के स्वयंसेवक एवं छात्र- छात्राएं रही।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेला आज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बेहरिन आज रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश की प्रतिष्ठित कम्पनी टाटा मोटर्स लिमिटेड लखनऊ प्रतिभाग कर रही है। कम्पनी द्वारा आई.टी.आई. उत्तीर्ण महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध रिक्त पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों को अप्रेन्टिस/ नौकरी के रूप में अवसर प्रदान किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य अनुज कुमार मौर्या ने बताया कि इस रोजगार मेले का उद्देश्य प्रशिक्षित युवाओं को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराना है तथा उन्हें देश की प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयों से जोड़ना है। उन्होंने योग्य अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने रिज़्यूमे/ बायोडाटा के साथ समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। बताया कि उम्मीदवार की आयु सीमा 18 से 32 वर्ष होनी चहिए और मानदेय 13,409 प्रतिमाह मिलेगा।

# इंदिरा दूबे को जागरूकता अभियान के लिए राज्यपाल ने किया सम्मानित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में आयोजित 40वें दीक्षांत समारोह में नेहरू पीजी कॉलेज प्रबंधक समिति की सचिव और जेडी जनता इंटर कॉलेज की प्रबंधक, समाजसेवी इंदिरा दूबे को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

यह सम्मान उन्हें सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरियों के निशुल्क टीकाकरण महाअभियान में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में जिला प्रशासन और विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इंदिरा दुबे की सामाजिक सेवा को सराहा गया। इस अभियान के तहत किशोरियों में जागरूकता बढ़ाने और टीकाकरण को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही। इस उपलब्धि पर विधायक व पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय, नगरपालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, नेहरू पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह, सीसीए के प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने उन्हें बधाई दी। शशिकांत शुक्ला ने कहा इंदिरा दुबे का यह सम्मान समाज सेवा के क्षेत्र में उनके समर्पण को दर्शाता है।

# छिबरामऊ में पधारेगें पद्म श्री पंडित रोनू मजूमदार



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जे.एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जी.टी. रोड परिसर, छिबरामऊ में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और स्पिक मैके के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक और पद्म श्री से सम्मानित पंडित रोनू मजूमदार का कार्यक्रम 14 से 15 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होगा। इस अवसर पर वे बच्चों को बांसुरी वादन की बारीकियां सिखाएंगे और कार्यशाला प्रदर्शन के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय संगीत की समझ विकसित करेंगे। स्पिक मैके के क्षेत्रीय समन्वयक और स्कूल के प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने बताया कि इस बार छिबरामऊ के दो अन्य विद्यालयों में भी यह कार्यक्रम आयोजित होगा, ताकि अधिक से अधिक बच्चे भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर को समझ सकें। पंडित रोनू मजूमदार को उनके एल्बम तबला रस के लिए बेला फ्लेक के साथ ग्रैमी पुरस्कार हेतु नामांकित किया गया था। इसके अलावा, भारत की पहली आईमैक्स फिल्म मिस्टिक इंडिया में उनके योगदान के लिए भी उन्हें ख्याति प्राप्त है। यह आयोजन बच्चों में भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रति रुचि जागृत करने का एक अनूठा प्रयास है।

# चैत्र नवरात्रि के लिए गठित समिति के अध्यक्ष बने रमाकांत



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

▸ रामनवमी पर निकाली जाएगी शोभा यात्रा

मां कालका देवी मंदिर में आयोजित सर्व समाज की बैठक में आगामी चैत्र नवरात्रि के दौरान रामनवमी पर मां दुर्गा की भव्य शोभा यात्रा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में महामंत्री संदीप दुबे ने पिछले वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। सर्वसम्मति से सभासद रमाकांत त्रिपाठी (पप्पी) को शोभा यात्रा समिति का अध्यक्ष चुना गया। चैत्र नवरात्रि से हिंदू नव वर्ष का शुभारंभ होता है, जो सनातन धर्म का एक प्रमुख पर्व है। हालांकि, इस अवसर पर अब तक कोई बड़ा आयोजन नहीं होता था। अगले वर्ष अप्रैल माह में रामनवमी के दिन भव्य शोभा यात्रा निकालकर इस पर्व को और भव्यता प्रदान करने का संकल्प लिया गया है। यह शोभा यात्रा सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार और सामाजिक एकता को बढ़ावा देगी। समिति ने सभी समाजसेवियों और भक्तों से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की है।

## खाद की कालाबाजारी पर भाकियू अवधेश ने अपनाया सख्त रुख

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) को क्षेत्र के किसानों से खाद की कालाबाजारी और उपलब्धता की समस्या की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन पर सख्त रुख अपनाया गया है। इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश त्रिपाठी ने कृषि अधिकारियों से वार्ता की। इसके परिणामस्वरूप, जिला कृषि अधिकारियों ने खाद और बीज की दुकानों की सघन निगरानी शुरू की। जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर जनपद और नगर की कई दुकानों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए, साथ ही दोषी दुकानदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। भारतीय किसान यूनियन ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी किसान के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करेगा और किसानों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। इससे पहले, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कन्नौज जिला अस्पताल में भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत दर्ज कर अल्टीमेटम जारी किया था। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी किसानों का शोषण करेगा, तो उनकी लड़ाई जनपद से लेकर लखनऊ तक लड़ी जाएगी।

## नगरपालिका कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत नगर पालिका कार्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर पालिका के कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंची टीम में डॉ. स्मित प्रताप सिंह एमओ, डॉ अनग द्विवेदी एमओ, स्टाफ नर्स नीलम शर्मा, काउंसलर कामिनी पाल, एचआईवी काउंसलर स्मिता देवी और विकास चतुर्वेदी शामिल थे। टीम ने सभी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें कई कर्मचारियों में उच्च रक्तचाप (बीपी), मधुमेह (डायबिटीज), बदन दर्द, सिरदर्द और पैरों में दर्द जैसी समस्याएं पाई गईं। सभी कर्मचारियों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। इस शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर उपचार उपलब्ध कराना था। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन कर्मचारियों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने भी भविष्य में ऐसे शिविरों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई।

# राहवीर योजना: 25 हजार का ईनाम, प्रशस्ति पत्र देगी सरकार



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

▸ शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं को नियमों के प्रति किया जागरूक

यातायात नियमों पालन कराने के उद्देश्य से यातायात प्रभारी रवि शंकर त्रिपाठी व यातायात उप निरीक्षक आफाक खां ने मानीमऊ स्थित बिट्टी देवी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या के सहयोग से यातायात जागरूकता का शिविर लगाया गया। जिसमें यातायात प्रभारी द्वारा छात्र एवं छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी के साथ- साथ साइबर क्राइम और महिला हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। छात्र एवं छात्राओं को गोल्डन आवर और गुड सिमेरिटन(राहवीर), नेक व्यक्ति के कार्य के बारे में समझाते हुए बताया गया कि अब राज्य सरकार द्वारा राहवीर को? 25,000 का पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। टीएसआई आफाक खां द्वारा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट और भारत सीरीज के रजिस्ट्रेशन के संबंध में, हेलमेट और सीट बेल्ट को लेकर यातायात प्रभारी एवं यातायात उप निरीक्षक द्वारा बच्चों से विशेष रूप से अपील करते हुए सभी को अपने परिवार के लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट लगवाएं। ताकि दुर्घटना के समय गंभीर चोट से बचें और जीवन भी सुरक्षित रहे।

शिविर में यातायात उप निरीक्षक द्वारा छात्र एवं छात्राओं से यातायात संबंधी सवाल भी पूछे गए। जिनका सही जवाब देने वाले छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया।



## सात किलो अवैध गांजे के साथ पुलिस ने एक को दबोचा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत छिबरामऊ थाना प्रभारी विष्णुकान्त, उपनिरीक्षक गजेन्द्रपाल सिंह, हेड कांस्टेबल संदीप सिंह, महेन्द्र सिंह तिवारी पुलिस टीम ने अकबरपुर से मदारपुर जाने वाले मार्ग पर दबिश दी। इस दौरान मौके से अभियुक्त राजीव कुमार (48) पुत्र बाँकेलाल गुप्ता, निवासी ग्राम अकबरपुर सरायघाघ थाना कोतवाली सदर को गिरफ्तार कर कब्जे से 07 किलोग्राम नाजायज अवैध गांजा बरामद किया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना छिबरामऊ पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

# सेवा पखवाड़ा के तहत 15 दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

▸ राज्यमंत्री ने फीता काटकर किया उद्घाटन, जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण विभाग असीम अरुण ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 15 दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार- प्रसार करना है। इससे वे लोग भी लाभान्वित होंगे जो अभी तक इन योजनाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तिकरण, स्टार्टअप, स्वरोजगार, सहित शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं को रोचक पोस्टरों एवं सफलता की कहानियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि जनपदवासी प्रदर्शनी में आकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और प्रदर्शनी में दर्शाए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' अभियान हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव भी साझा करें। प्रदर्शनी 02 अक्टूबर 2025 तक जनसामान्य के लिए खुली रहेगी। इस मौके पर पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, विधायक कैलाश राजपूत, पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देवेंद्र सिंह सहित अधिकारीगण जनप्रतिनिधि रहे।

# भुगतान न होने पर श्रमिकों ने एसडीएम से की शिकायत

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

▸ अधिकारियों पर डेटा अभिलेख में गड़बड़ी करने के लगाए गंभीर आरोप

कोंच में दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों के भुगतान में हो रही अनियमितता व न्यूनतम वेतन सामान्य कर्मचारियों के लिए डाटा अभिलेख छाटने में गड़बड़ी के संबंध में एक शिकायती पत्र दर्जन लोगों ने एसडीएम कोच को एक ज्ञापन सौंपा भी एसडीएम ने मामले में कार्यवाही का भरोसा दिलाया आपको बता दे कि वन विभाग के अंतर्गत दैनिक श्रमिक एवं सुरक्षा कार्य में मजदूरी पर कार्य कर रहे लोगों ने बताया कि हम लोग कुछ सालों से की गई मेहनत मजदूरी के बाद भी पूरा भुगतान नहीं किया गया है वहीं वन विभाग ने वन क्षेत्राधिकारी व वन रक्षक द्वारा वेतन भुगतान नहीं किया जाता था। आपको बता दें कि दशरथ जाटव, प्रमोद, सरदार, वहोरन, जसकरण, रामनिवाज आदि लोगों ने एसडीएम कोंच ज्योति सिंह को एक ज्ञापन सोपा जिसमें वन विभाग के अधिकारियों पर भुगतान न करने व न्यूनतम वेतन समान में डाटा अभिलेख में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए बताया कि कई में से वेतन न मिलने से लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# डीएम ने लापरवाही पर कनिष्ठ सहायक को किया निलंबित

## बाल संरक्षण अधिकारी समेत चतुर्थ श्रेणी की सेवा समाप्त करने के दिए निर्देश

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश पांडेय जिला प्रोवेशन अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण करने जा पहुंचे जहां पर उन्होंने कार्यालय में व्याप्त लापरवाही व शिथिलता पर तत्काल प्रभाव से कनिष्ठ सहायक को निलंबित करने का फरमान सुना दिया जबकि बाल संरक्षण अधिकारी सहित चतुर्थ श्रेणी की सेवा समाप्ति के निर्देश दिये। उक्त कार्यवाही की भनक जैसे ही अन्य विभागीय कर्मचारियों को पता चली तो उनमें हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला प्रोबेशन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, जिसमें पत्रावलियों के रखरखाव में गंभीर अनियमितताएँ और लापरवाही सामने आई। पत्रावलियों को दबाकर रखने के कारण जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट कर निरीक्षण के दौरान स्पष्ट चेतावनी दी कि कार्यालयों में ढिलाई, प्रार्थना पत्रों को दबाकर रखने तथा जनसुनवाई से जुड़े मामलों का समय पर निस्तारण न करने जैसी लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं और निर्देशों का पालन हर हाल में समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी निशान्त पाण्डेय आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल दस हजार हुआ तो बिजली होगी गुल

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

▸ नगरीय क्षेत्र में अब तक लगाये जा चुके 6 हजार स्मार्ट मीटर

स्मार्ट मीटर लगा हो तो कृपया सावधान रहे। बिल दस हजार हुआ तो बिजली गुल हो जाएगी। नगर में इसका एक्शन भी शुरू हो गया है जिसकी लगाम भी स्थानीय अधिकारियों के पास नहीं है। बिल भुगतान की रसीद भेजने के बाद ही संयोजन जुड़ेगा। वैसे तो विद्युत विभाग बकाया भुगतान पर विगत कई वर्षो से सख्त है इसके लिए उपभोक्ताओं के बकाए की सीमा भी निर्धारित कर दी गई थी हालांकि इसके लिए विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को बकाएदार उपभोक्ता के दरवाजे पर जाकर संयोजन विच्छेदित करना पड़ता था जिसमें उन्हें राजनैतिक दबाब के साथ स्थानीय दंबगई से भी दो चार होना पड़ता था जिसके चलते वह अपेक्षित कार्यवाही नहीं कर पा रहे थे जिससे विभाग का बकाया कम नहीं हो रहा था। हालांकि समय समय पर विभाग द्वारा सरचार्ज माफी की भी योजनाओं को भी लागू किया जाता था जिससे बकाया कुछ कम हुआ था लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं आ रहे थे लेकिन इस वर्ष विभाग ने नगरीय क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाना शुरू किया।

## उद्योग बंधु मीटिंग में पांच लंबित प्रकरणों का किया गया निस्तारण

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में व्यापार एवं उद्योग बंधु समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पांच लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास ही जिले की प्रगति की कुंजी है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित अन्य ऋण योजनाओं की समीक्षा की।

# कान्हा ज्वेलर्स के यहां जीएसटी का छापा, 10 लाख रुपए का जुर्माना

**अजय मिश्रा**




**उरई (जालौन)।** शहर में झांसी से आई जीएसटी की टीम ने कान्हा ज्वेलर्स के प्रतिष्ठान व घर पर छापेमारी की। अचानक हुई छापेमारी से बाजार में हड़कंप मच गया। छोटे ज्वेलर्स अपनी-अपनी दुकान बंद कर इधर-उधर घूमने लगे तो वहीं बड़े ज्वेलर्स प्रतिष्ठानों ने दुकान से अपना कुछ सामान हटा दिया। और सभी ज्वेलर्स व्यापारी जीएसटी टीम की निगरानी में लग गए। बताया जा रहा है कि विभागीय अधिकारियों को काफी समय से जीएसटी टैक्स चोरी की शिकायतें मिल रही थी उसके बाद झांसी से आई जीएसटी की टीम ने कान्हा ज्वेलर्स पर अचानक छापेमारी की और छापेमारी की कार्यवाही करीब 5 से 6 घंटे तक चली। प्रतिष्ठान व घर पर दोपहर से लेकर शाम तक जीएसटी के अधिकारी व्यापार से जुड़े दस्तावेज, स्टॉक आदि की जांच पड़ताल करते रहे। देर शाम तक चली कार्यवाही के बाद डिप्टी कमिश्नर पुनीत अग्निहोत्री ने बताया कि कार्यवाही अभी जारी है यहां स्टॉक में गड़बड़ी मिली है उस पर 10 लाख रुपए के चालान की कार्यवाही की गई है। बाकी कार्यवाही अभी जारी रहेगी।

सूत्रों की माने तो जीएसटी के अधिकारियों को शहर के कई बड़े ज्वेलर्स प्रतिष्ठानों पर नकली बिल बनाकर टैक्स चोरी की शिकायतें मिली है। विभाग इस पर बड़ी कार्यवाही करने के मूड में है। अभी यह कार्यवाही यही नहीं रुकेगी बल्कि अगले कुछ दिनों में खोया मंडी स्थित एक बड़े ज्वेलर्स प्रतिष्ठान के साथ ही शहर के कई ज्वेलर्स प्रतिष्ठानों पर छापा पड़ सकता है।

## ट्रैक्टर से भिड़ी लोडर मैजिक, गाय की मौत

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।** कोंच नगर के जालौन रोड पर सोमवार की रात में एक बड़ा हादसा हो गया। सूरज ज्ञान के सामने नगर पालिका के ट्रैक्टर में पीछे से आ रही एक लोडर मैजिक गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी में लदी एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। मैजिक में



सवार दो लोग घायल हो गए घटना के बाद मैजिक गाड़ी का चालक मौके से फरार हो गया। आपको बता दे कि मैजिक गाड़ी गेंदोली से गाय लेकर भेड़ लेकर आ रही थी। तभी नगर पालिका का ट्रैक्टर, जो कूड़ा फेंकने के लिए जालौन रोड पर खड़ा था, उसमें समय लोडर मैजिक पीछे से टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही गाड़ी में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। जिसमें चालक सहित तीन लोग सवार थे जिसमें मौका पाते ही चालक फरार हो गया और दो अन्य लोग मैजिक में ही फासे रह गया जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया और पुलिस को सूचना दी जिसमें मौके पर मंडी चौकी प्रभारी नीतीश कुमार,भीष्म पाल सिंह दलबल के साथ मौके पहुंचे। वहीं नगर पालिका के कर्मचारी भी हैरान रह गए क्योंकि हादसा अचानक हुआ। हादसे के बाद मैजिक गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दौलतपुर गांव के समीप यमुना में उतराता मिला अधेड़ का शव

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

### मैनूपुर के पास यमुना में मिले दो अज्ञात शव



कालपी। गुरुवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया था कि गांव के पास यमुना घाट पर दो शव मौजूद है। सूचना को संज्ञान में लेकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया पर क्षतविक्षत अवस्था में होने के कारण उनकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने उन्हें कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सिम्हारा कासिमपुर निवासी अधेड़ के यमुना में कूंदने का कयास सच साबित हुआ। गुरुवार सुबह उसका शव परिजनों को भोगनीपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के पास यमुना में उतराता मिला है।

मालूम हो कि मंगलवार शाम सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम सिम्हारा कासिमपुर गांव निवासी 55 वर्षीय देव प्रसाद राठौर पुत्र राजाराम राठौर का मोबाइल तथा चप्पल थाना क्षेत्र स्थित यमुना के पाल घाट पर बने पुल पर मिले थे जिसकी जानकारी वहां से गुजर रहे राहगीरों ने फोन की घण्टी बजते देख उठा लिया था और उसकी पुल पर मौजूदगी की जानकारी अहमदाबाद में रहने वाली बहिन कान्ति को दी थी जिसने इस मामले की जानकारी अपने भाई अरविंद तथा परिजनों को दी थी। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसके उसके यमुना में कूंदने आशंका पुलिस से व्यक्त की थी। हालांकि पुलिस प्रशासन को घटना पर विश्वास नहीं था जिसके चलते उन्होंने खोजी अभियान भी शुरू नही कराया था लेकिन बुधवार सुबह से परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी थी पर दिनभर चली कवायद के बाद भी पता नहीं चला था। लेकिन गुरुवार सुबह उसका शव जनपद कानपुर देहात के थाना भोगनीपुर क्षेत्र के दौलतपुर गांव के पास यमुना में उतराता मिला है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# सर्पदंश से युवक की मौत, परिवार में कोहराम


रोते बिलखते मृतक के परिजन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा अमृतपुर निवासी 18 वर्षीय युवक क्रिश पुत्र धर्मवीर पटवा की बुधवार रात सर्पदंश से मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के घर पर हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। जानकारी के अनुसार क्रिश रात में अपने कमरे के फर्श पर लेटा था, तभी अचानक एक जहरीला काला नाग कमरे में घुस आया और उसने उसे डस लिया। परिजनों ने तत्काल उसे सीएचसी राजेपुर पहुँचाया। जहाँ हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुँचने पर चिकित्सकों ने क्रिश को मृत घोषित कर दिया।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

क्रिश के पिता धर्मवीर पटवा रेहड़ी पटरी पर दुकान लगाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। घटना के समय वह किसी कार्य से दिल्ली गए हुए थे। परिवार में मां नीलम, दो भाई सिविल और गौरव तथा बहन दुर्गा है। पुत्र की असामयिक मृत्यु से मां नीलम का रो–रोकर बुरा हाल है। पूरे गाँव में गमगीन माहौल है।

### सांप को किया गया सुरक्षित रेस्क्यू

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय युवकों ने सांप को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी ने तत्काल तहसील प्रशासन को अवगत कराया। मौके पर कानूनगो परविंदर यादव और लेखपाल धर्मेंद्र त्रिपाठी ने पहुँचकर घटना की जानकारी ली। पिता की तहरीर पर एएसआई कल्लू सिंह ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ग्रामीणों में दहशत

बारिश और जलभराव के कारण क्षेत्र में सांप निकलने की घटनाएँ बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को तत्काल चिकित्सा सुविधाओं और जागरूकता अभियान की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव हो सके। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है और गाँव में हर किसी की आँखें नम हैं।

# बीते 48 घंटे में 10 सेंटीमीटर बढ़ा गंगा का जलस्तर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते 48 घंटे में 10 सेंटीमीटर गंगा का जलस्तर बढ़ जाने से खाटू श्याम मंदिर समेत कई स्थानों पर पानी भर गया है। जिससे भक्तों को नाव से आवागमन करना पड़ रहा है।

अमृतपुर तहसील क्षेत्र में एक माह से अधिक समय तक गंगा और रामगंगा बाढ़ का प्रकोप जारी है। पिछले सप्ताह से पानी कम होना शुरू हुआ और जलस्तर खतरे के निशान से काफी नीचे पहुंच गया, तो तहसील क्षेत्र के विभिन्न बाढ़ प्रभावित गांवों के बाशिंदों ने राहत की सांस ली। पिछले 48 घंटे में गंगा का जलस्तर 10 सेंटीमीटर बढ़ा है। पानी छोड़ने जाने की मात्रा में भी वृद्धि दर्ज हुई है। गुरुवार सुबह नरौरा बांध से गंगा नदी में 143514 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गंगा का जलस्तर 136.70 मीटर रिकॉर्ड हुआ जो कि जिले में चेतावनी बिंदु से 10 सेंटीमीटर ऊपर है। रामगंगा में भी खो, हरेली, रामनगर बैराज से 37086 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। अमृतपुर तहसील क्षेत्र के आधा सैकड़ा से अधिक गंगा की बाढ़ से प्रभावित हुए थे। अभी तक राजेपुर डिप जो कि फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग पर है। उस पर आधा फीट बाढ़ का पानी चल रहा है।

ग्राम खानपुर मड़ैया में खाटू श्याम मन्दिर चारों तरफ से बाढ़ के पानी से घिरा हुआ है। नाव से ही भक्त आवाजाही कर रहे है।


खाटू श्याम मंदिर के चारों तरफ भरा बाढ़ का पानी

## सांझी महोत्सव में हंस गिरी सांझी कमेटी ने निकालीं झांकियां

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सांझी महोत्सव में हंस गिरी सांझी कमेटी की ओर से खाटू श्याम समेत करीब एक दर्जन मनमोहक झांकियां निकाली गयीं। जिन्हें देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। कायमगंज में पितृपक्ष के दौरान आयोजित सांझी महोत्सव के दसवें दिन हंस गिरी सांझी कमेटी गंगा दरवाजा ने एक दर्जन से अधिक झांकियां निकालीं। इस दौरान खाटू श्याम की झांकी और सड़क पर राक्षसों से लड़ती मां काली के अखाड़े ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं अन्य झांकियों में कृष्ण-सुदामा, मां सरस्वती, पुत्र के सिर पर आरा चलाते राजा हरिश्चंद्र और तारामती, नारद जी, कुबेर जी तथा अंधे माता-पिता को कंधे पर रखकर तीर्थ यात्रा कराते श्रवण कुमार शामिल थे। बुधवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की भी आकर्षक झांकी निकाली गई। इन झांकियों को देखने के लिए कायमगंज के साथ-साथ मुड़ौल, रूटौल, प्रेमनगर, घसिया चिलौली, टिलियां जैसे आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में दर्शक उमड़े। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष रवि कौशल, चंदन गुप्ता, शिवम कौशल, गोविंद रावत, प्रशांत तिवारी और सौरभ कुमार सहित कई सदस्य मौजूद रहे। सांझी महोत्सव के अब केवल पांच दिन शेष हैं। दोनों कमेटियों के कार्यकर्ता महोत्सव को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए प्रयासरत हैं। शनिवार को शीतल सांझी मंडल बजरिया की ओर से परंपरा के अनुसार भव्य शंकर बारात निकाली जाएगी।

# विद्युत विभाग के अधिकारियों व विजिलेंस टीम ने की छापेमारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बिजिलेंस की टीम ने छापेमारी की। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज में सुबह-सुबह पहुंचे विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बिजिलेंस टीम ने छापेमारी की। टीम ने घर-घर जाकर गहनता से चेकिंग की। कस्बा नवाबगंज चौराहा तथा बरतल, कस्बा मंझना तथा कई ग्रामों में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें कई लोगों के यहां अनियमिततायें मिलीं। जूनियर इंजीनियर अब्दुल मजीद ने बताया की विद्युत व्यवस्था सब जगह सही मिली है। इसलिए कहीं भी कोई बड़ी कार्यवाही नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग का अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर एसडीओ नवाबगंज धर्मेंद्र राजपूत, जूनियर इंजीनियर अब्दुल मजीद तथा फतेहगढ़ से बिजिलेंस टीम के साथ आए जूनियर इंजीनियर तथा विजिलेंस टीम मौजूद रही।


चेकिंग अभियान चलाती बिजिलेंस टीम व विद्युत अधिकारी

## गैंगेस्टर के मामले में चार आरोपियों पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने शिवनन्दन उर्फ शिवननी, अजय पाल, रामपाल पुत्रगण विशुनदयाल निवासीगण नौली थाना मेरापुर, रामऔतार पुत्र धारा सिंह निवासी ब्राहीमपुर मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर 23 सितंबर की तिथि नियत है। बीते 30 वर्षों पूर्व थाना मेरापुर थानाध्यक्ष ने कुंवरपाल, शिवनंदन, अजयपाल, रामपाल, रामऔतार के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए आपराधिक क्रिया कलाप से जनता में भय व्याप्त कर समाजविरोधी कार्य करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना पुलिस ने की थी। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने शिवनंदन, अजयपाल, रामपाल, रामऔतार को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दोषी करार दिया सजा के बिंदु पर 23 सितंबर की तिथि निहित है मुकदमा विचारण के दौरान कुंवर सिंह की मृत्यु हो गई थी।

# एडीएम की अध्यक्षता में कायमगंज चीनी मिल की वार्षिक बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज स्थित दि किसान सहकारी चीनी मिल की वार्षिक सामान्य निकाय बैठक अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में पिछली वार्षिक सामान्य निकाय बैठक की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार किया गया।

इसके अतिरिक्त निजी क्षेत्र की चीनी मिल डीसीएम श्रीराम लिमिटेड शुगर यूनिट रूपापुर (जनपद हरदोई) से फैजबाग द्वितीय, हजियांपुर द्वितीय और नवाबगंज के गन्ना क्रय क्षेत्रों को कायमगंज चीनी मिल के लिए सुरक्षित किए जाने पर भी चर्चा हुई। भवन और कैंटीन के संचालन के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। सत्र 2024-25 और 2025-26 के लिए बनाए गए नए सदस्यों, नाबालिगों और 12 सदस्यों को गन्ना आपूर्ति की सुविधा देने पर भी विचार किया गया। समिति द्वारा कीटनाशक, उर्वरक, जैव उर्वरक और सूक्ष्म तत्वों के विक्रय मूल्य निर्धारण पर भी चर्चा हुई। जिसमें समिति का मार्जिन शामिल था। वर्ष 2024-25 के आय-व्यय और लाभ हानि के अनुमोदन के साथ-साथ, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संघ द्वारा भौतिक लक्ष्यों के अनुरूप स्वीकृत बजट की पुष्टि पर भी बैठक में विचार किया गया। बैठक के दौरान उपसभापति सावन कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने कई गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने चीनी मिल के महाप्रबंधक (जीएम) को मिली सरकारी गाड़ी के उपयोग पर आपत्ति जताई। पदाधिकारियों ने कहा कि यह गाड़ी हर शुक्रवार को नोएडा छोड़ने जाती है और हर सोमवार को वापस लेने आती है। उन्होंने इस गाड़ी के खर्च को किस मद में डाला जा रहा है, जांच हो। पदाधिकारियों ने पिछले वर्षों की पेराई सत्र की समाप्ति पर चारों इंजीनियरों को पेड ऑफ करने की प्रथा का भी उल्लेख किया। जिससे चीनी मिल को आर्थिक लाभ होता था। हालांकि पिछले सत्र में सभी इंजीनियरों को पूरे समय का वेतन दिया गया। जिससे मिल को आर्थिक नुकसान हुआ। गन्ने की रिकवरी को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्षों में पेराई सत्र के दौरान अर्ली के साथ-साथ कई रिजेक्टेड किस्मों के गन्ने की भी पेराई की जाती थी। फिर भी रिकवरी लगभग 8 प्रतिशत के करीब आती थी, लेकिन पिछले सत्र में केवल साफ और अर्ली किस्म के गन्ने की आपूर्ति हुई, जिसके बावजूद रिकवरी को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। बैठक में मिल प्रबंधक शादाब असलम, चीनी मिल के पदाधिकारी अमरदीप दीक्षित सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


बैठक लेते एडीएम व मौजूद मिल प्रबंधक व अन्य

## खबरें एक नजर में

### प्रशिक्षु आरक्षियों को साइबर सुरक्षा के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद आरक्षीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में फतेहगढ़ रिजर्व पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षु आरक्षियों को साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गईं। यह प्रशिक्षण साइबर विशेषज्ञ रक्षित टंडन द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान रक्षित टंडन ने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे, डिजिटल सुरक्षा उपायों, सोशल मीडिया की सावधानियों, ऑनलाइन धोखाधड़ी की पहचान, डेटा प्रोटेक्शन कानूनों और साइबर जांच की मूलभूत विधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षु आरक्षियों को बताया कि कैसे साइबर अपराध आधुनिक पुलिसिंग के लिए एक चुनौती बनते जा रहे हैं और इससे निपटने के लिए तकनीकी दक्षता आवश्यक है। कार्यशाला के अंत में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित टंडन को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### पेड़ पर चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा युवक हंसिया लगने से घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव झब्बूपुर निवासी दयाचन्द्र शाक्य उम्र 35 वर्षीय पुत्र रामसेवक शाक्य पेड़ पर चढ़कर हंसिया से सूखी लकड़ी तोड़ रहा था। जैसे ही उसने सूखी लकड़ी तोड़ने के लिए हंसिया लकड़ी पर मारा। वैसे ही हंसिया उसकी कलई पर लगा और उसका हाथ कट गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में परिजनों ने उसे कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार जारी है।

### अनियंत्रित बाइक फिसलने से सवार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के थाना अलीगज क्षेत्र के गाँव हरसिंगपुर निवासी दीपक राजपूत उम्र 25 वर्षीय पुत्र दीप सिंह राजपूत बाइक द्वारा अपनी ससुराल कायमगंज क्षेत्र के टिलियां में ससुर हन्सराज के यहाँ जा रहा था। जैसे ही वह पुराना नखासा टिलियाँ के पास पहुँचा, तभी उसकी बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार जारी है।

# दुष्कर्म का मुकदमा वापस लेने पर कोटेदार ने परिजनों को दिया 30 लाख का ऑफर

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर कोचिंग संचालक, उसके भाई व एक अन्य साथी ने छात्रा के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाया था। पीड़िता की तहरीर पर तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पीड़िता के स्वजनों ने पड़ोसी गांव के एक कोटेदार पर रुपए लेकर मुकदमा वापस करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया। हालांकि स्वजनों ने कोटेदार को वहां से भगा दिया। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस कोटेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। राजस्व टीम ने एक बार फिर कंप्यूटर सेंटर की जमीन सहित अन्य जगहों की नापजोख की।

**पीड़िता के भाई ने पुलिस को किया फोन, कोटेदार हिरासत में**

क्षेत्र के एक गांव निवासी इंटरमीडिएट की छात्रा कंपिल स्थित राजीव इंस्टीट्यूट कंप्यूटर सेंटर पर कोचिंग करती थी। इसी दौरान लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व कोचिंग संचालक दिव्यांग शीबू, उसका भाई सलमान व साथी अनस ने छात्रा को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ डालकर पिला दिया था। छात्रा के बेहोश होने पर आरोपितों ने दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। आरोपित छात्रा को मंतातरण कर निकाह करने का दबाव बनाने लगे। पीड़िता ने स्वजनों के साथ थाने पहुंचकर मामले की तहरीर सीओ को दी। सीओ के आदेश पर दिव्यांग आरोपित शीबू, उसका भाई सलमान व साथी अनस के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शनिवार को उन्हें जेल भेज दिया।

गुरुवार को एसडीएम अतुल कुमार सिंह के निर्देश एक बार फिर राजस्व टीम लेखपाल राहुल मिश्रा, योगेन्द्र सिंह कानूनगो, रामगोपाल यादव कंपिल कायमगंज रोड स्थित कब्रिस्तान व कंपिल खास स्थित कंप्यूटर सेंटर की चारो तरफ से नापजोख की। राजस्व टीम ने बताया कि वह उक्त रिपोर्ट को एसडीएम को देंगे। पीड़िता छात्रा के स्वजनों के अनुसार पड़ोसी गांव का एक कोटेदार मंगलवार शाम पीड़िता के घर आया और मुकदमा वापस लेने के एवज में दस से लेकर तीस लाख रुपये तक का ऑफर देने लगा। इसी दौरान पीड़िता के स्वजन बिफर गए और कोटेदार को फटकार कर वहां से भगा दिया। पीड़िता के भाई ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पीड़िता के भाई का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

हालांकि समृद्धि न्यूज़ प्रसारित वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। गुरुवार दोपहर पुलिस ने कोटेदार को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में कोटेदार ने बताया कि आरोपित अनस के स्वजनों ने उसे पीड़िता के घर भेजा था। हालांकि पुलिस कोटेदार से पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया मामला संज्ञान में नहीं है। फिर भी मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


नापजोख करते राजस्व कर्मचारी

## डीएम ने ली जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन समिति ग्रामीण की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य वित्त आयोग में उपलब्ध धनराशि में से 97.67 प्रतिशत व 15वें वित्त आयोग में 90.28 प्रतिशत भुगतान हो गया है। जिलाधिकारी द्वारा 22 सितंबर तक पूरा भुगतान कराने के निर्देश दिये। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के मात्र 292 आवेदन लंबित है जिलाधिकारी द्वारा सभी आवेदनों का तत्काल सत्यापन कराने के निर्देश दिए। डीपीआरओ ने बताया कि ओडीएफ प्लस घोषित गाँवों में से 97.46 प्रतिशत का सत्यापन हो गया है। कुल चयनित 580 आरआरसी में से 568 का निर्माण कार्य पूरा हो गया है बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, पीडी, डीआरडीए व संबंधित मौजूद रहे।

# चोरी के इरादे से घर में घुसे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

चोरी के इरादे से घर मे घुसे युवक ने कमरे, बक्शे के ताले तोड़ दिये। मौके पर पहुंची गृह स्वामिनी को धक्का देकर युवक फरार हो गया। ग्रामीणों नें घेराबंदी कर युवक को दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस नें युवक को मानसिक मंदित बताकर छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव दिवरैया निवासी विपिन के घर मे गुरुवार दोपहर घुसे एक संदिग्ध युवक ने मकान मे घुसकर बक्शे के ताले तोड़ दिये। पत्नी आरती के आने पर आरोपी गृह स्वामिनी को धक्का देकर मौके से फरार हो गया। शोर शराबा की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों नें घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को खेतों में दबोच लिया। मारपीट कर पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित विनोद ने बताया की गुरुवार सुबह ही 76 हजार की भैस बेचीं थी। जिसके रूपये घर में बक्शे में रखे थे। घेर में भैंस की आवाज सुनकर भागी। पत्नी जल्दी में मेन गेट का दरवाजा बंद करना भूल गयी। इसी समय युवक घर में घुस आया। अगर पत्नी आरती नहीं पहुँचती तो युवक चोरी कर फरार हो जाता। ग्रामीणों ने बताया की विगत दिनों में चोरी की घटना से परेशान होकर लोग छत पर रात में रखवाली कर रहे हैं। युवक पहले भी कई बार चोरी के आरोप में पकड़ा गया है। मगर पुलिस ने हर बार छोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया की युवक मानसिक मंदित नहीं है। वह अवैध तमंचा रखने में भी जेल जा चुका है। पीड़ित विनोद ने थाने आकर तहरीर दी। पुलिस नें तहरीर लेने से इंकार कर दिया। मगर पुलिस ने युवक को मानसिक मंदित बताकर थाने से छोड़ दिया। एसओ कपिल चौधरी ने बताया युवक मानसिक मंदित है। उसका इलाज चलने की जानकारी मिली है। ग्रामीणों की मारपीट से युवक घायल भी हुआ है। चोर समझकर ग्रामीणों ने मारपीट की है।

### करंट की चपेट में आने से बालक अचेत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव नगला खुमानी निवासी एमपी पाल उम्र 5 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार पाल घर के दरवाजे पर खेल रहा था। वहाँ पर खड़े बिजली के पोल के करन्ट की चपेट में आकर अचेत हो गया। माँ रीता ने आसपास के लोगों की मदद से बच्चे को अचेत अवस्था में कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उसका उपचार जारी है।

# आवागमन में लगी मोटर वोट को प्रशासन ने लौटायी, ग्रामीण चिंतित

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

गंगा का जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र में फिर से बाढ़ का संकट मंडराने लगा है। वहीं प्रशासन ने कम्पिल-बदायू मार्ग पर आवागमन के लगी मोटर वोट वापस भेज दी है। जिससे ग्रामीण चिंतित हैं।

कम्पिल-बदायूं मार्ग तीन स्थानों पर कटा हुआ है। जिससे जुड़े गांव कमलपुर दूंदेमई, राईपुर चिनहटपुर, इकलहरा, कारव, पुंथर देहामाफी, शाहपुर गंगपुर, बिहारीपुर, हमीरपुर, सींगनपुर सहित कई गांवों का संपर्क टूट गया है। वहीं बदायूं जाने वाले ग्रामीणों को फर्रुखाबाद से होकर अतरिक्त 100 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। करीब एक महीने से ग्रामीण नाव से आवागमन कर रहे थे। ग्रामीणों ने बताया की गुरुवार को प्रशासन ने आवागमन के लिए लगी वोट वापस बुला ली। जिससे कस्बे तक दवाई आदि के लिए पहुंचने का रास्ता भी बंद हो गया। जलस्तर बढ़ने से भी ग्रामीण चिंतित हैं। ग्रामीणों ने फिर से क्षेत्र में बाढ़ आने का अंदेशा जताया है। ग्रामीणों का आरोप है कि हल्का लेखपाल मौके पर नहीं आते हैं। वह फोटो खींचकर कागजों में ही नाव चलवा रहे हैं।

जबकि समस्याएं उसके विपरीत हैं। लोग दिनचर्या के राशन हेतु भी किमी लंबा सफर तय कर कंपिल पहुंचते हैं। जिसके बाद वापस घर जाने के लिए भी घंटों वोट का इंतजार करना पड़ता है। कई बार वोट वापस न आने पर लोग निराश होकर कंपिल स्थित मंदिर के छायाग्रह में रात बिताते हैं। एसडीएम अतुल कुमार ने बताया मामले की जानकारी कर ग्रामीणों की समस्या समाधान किया जायेगा।

### 40 दिनों से बंद पड़ा है कंपिल-बंदायू मार्ग

कंपिल। कंपिल–बदायू मार्ग पिछले करीब 40 दिनों से बंद है। बाढ़ के तेज बहाव से तीन स्थानों पर सड़क कट गयी थी। जिलाधिकारी के आदेश पर भी जिम्मेदारों ने इस मार्ग पर आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। जिससे ग्रामीण परेशान हैं।

# पॉक्सो एक्ट के मामले में महिला सहित दो को सजा




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश डॉ. अनिल कुमार सिंह ने नन्हीं पत्नी सुभाष निवासी सोरा कोठी मन्नीगंज कादरीगेट, सुधीर वर्मा पुत्र दिनेश निवासी मन्नीगंज कादरीगेट को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत लेकर सुधीर वर्मा को आजीवन कारावास व 46 हजार रुपए के अर्थदंड दंडित किया व नन्हीं देवी को दस वर्ष का कारावास व 36 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। बीते वर्ष पूर्व एक रिक्शा चालक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरे चार बच्चे हैं। जिसमें एक पुत्री व तीन पुत्र हैं। पुत्र दुकानों पर नौकरी करते है। मेरी 14 वर्षीय पुत्री घर पर रहती है। दिनांक 11 या 12 अप्रैल 2024 तारीख याद नहीं है, समय लगभग 12 बजे मेरी मौजूदगी में मेरे पड़ोस में रहनी वाली महिला नन्हीं पत्नी सुभाष बाथम व सुधीर वर्मा मेरी पुत्री को घर में बहला/फुसलाकर लालच देकर अपने साथ ग्राम अमेठी फर्रुखाबाद में अपने बहनोई के मकान में ले गई। वहां पर सुधीर ने मेरी पुत्री को धमकाकर गलत काम किया और नन्हीं ने वीडियो बनाया तथा मेरी पुत्री को घर पर छोड़ दिया। उक्त लोगों ने दोबारा उसी जगह पर चलने का दबाव बनाया और वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

घटना की जानकारी मेरी पुत्री ने मुझे दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने सुधीर वर्मा को आजीवन कारावास व 46 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं नन्हीं देवी को दस वर्ष का कारावास व 36 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो बाइक चोरों को दबोचा



पुलिस हिरासत में बाइक चोर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कायमगंज के कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल विजय गुर्जर, कांस्टेबिल सचिन कुमार रात्रि को विरियन तिराहा के पास चेकिंग के दौरान एक मोटर साइकिल यू.पी.76डब्लू 7763 पर सवार दो व्यक्तियों को चेकिंग हेतु रोका गया, तो मोटर साइकिल चला रहे व्यक्ति से उसका नाम, पता पूछा गया, तो मोटर साइकिल चालक ने अपना नाम सुरजीत उम्र 19 वर्षीय पुत्र सौदान सिंह निवासी ज्योनी थाना कायमगंज बताया तथा मोटर साइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम ब्रजेश उम्र 29 वर्षीय पुत्र छंगेलाल निवासी ज्योती बताया। उक्त व्यक्तियों से मोटर साइकिल पर नम्बर प्लेट न होने पर उनसे मोटर साइकिल के कागजात व आरसी तथा अन्य प्रपत्र मांगे गये, तो दिखाने में कासिर रहे। जब कांस्टेबिल सचिन कुमार द्वारा मोटर साइकिल चेचिस नम्बर चेक किया तो चेचिस न0 MD625MF50G3Eg8791 अंकित है। पुलिस ने दोनों मोटर साइकिल चोरों के विरुद्ध धारा 303(2), 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की।

# कब एवं बुलबुल से सीपी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र राहुल ने द्वितीय व छात्रा आराध्या ने पाया प्रथम स्थान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल विद्यालय की स्काउट गाइड की लघु शाखा कब एवं बुलबुल से छात्र राहुल कुमार ने जनपद में द्वितीय स्थान तथा छात्रा आराध्या मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया। इस अवसर पर आज दिनांक 18 सितंबर 2025 को महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में दोनों बच्चों को स्काउट गाइड के प्रादेशिक उपाध्यक्ष, जिला मुख्य आयुक्त, जिला सचिव, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा क्रमशः 1000 एवं 500 का नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय की निदेशक डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने बच्चों की उपलब्धि को विद्यालय की अनुशासन और शिक्षा पद्धति का परिणाम बताया। उपनिदेशक अंजू राजे ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। एमडी ज्योत्सना अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों ने अपनी मेहनत और लगन से विद्यालय की गरिमा बढ़ाई है। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने इसे विद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताया। यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे जनपद के लिए सम्मान का विषय है। महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय इंटर कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान सीपी इंटरनेशनल स्कूल के मीडिया प्रभारी एवम स्काउट मास्टर श्रवण कुमार मिश्र मौजूद रहे।


छात्र को सम्मानित करते सिटी मजिस्ट्रेट व अन्य

# सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत प्रबुद्ध वर्ग का हुआ सम्मेलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत बढ़पुर स्थित शहनाई गेस्ट हाउस में भाजपा द्वारा प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि शिवओम अंबर ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने संबोधन दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक पार्टी एवं संगठन द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जाएगा।

**सरकार ने सभी वर्गों के लिए जीएसटी में किया सरलीकरण : कमिश्नर**

इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने कर सुधार में एक ऐतिहासिक क्रांति लाने का कार्य किया है। जिसके अंतर्गत जीएसटी की दरों में ऐतिहासिक कटौती करके देश के आम जनमानस को राहत देने का कार्य किया है।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा देश में पहली बार जब जीएसटी लागू हुई थी, तब भी केंद्र में भाजपा सरकार ने कर सुधार में क्रांति लाने का कार्य किया था। सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में फिर से एक बार बदलाव करने का कार्य किया। यह बदलाव गरीब एवं आम जनमानस की भावनाओं को समर्पित है। सरकार द्वारा खाद्य पदार्थ एवं रोजमर्रा के उत्पादों पर शुल्क कम करके लोक कल्याण का कार्य किया है। व्यापारियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जीएसटी की दरों में सरलीकरण का कार्य किया है।

जीएसटी कमिश्नर हिम्मत सिंह ने बताया केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में किए गए सुधार की पूरी जानकारी जल्द ही कार्यालय पर उपलब्ध हो जाएगी। जिन-जिन वस्तुओं पर जीएसटी की दरों को काम किया गया है। उसकी पूर्णता जानकारी जनता तक पहुंचाई जाएगी। जागरूकता अभियान चलाकर व्यापारियों तक सरकार द्वारा किए गए सुधारो की भी जानकारी दी जाएगी। सरकार ने सभी वर्गों के जीवन को सरलीकरण बनाने के लिए जीएसटी की दरों में ऐतिहासिक कटौती की है। व्यापारी नेता सदानंद शुक्ला ने कहा केंद्र सरकार के द्वारा जीएसटी की दरों में किए गए सुधारों से व्यापारियों का हित होगा। अध्यक्षता कर रहे कवि शिवओम अंबर ने अपनी कविता उसने भारतीय संस्कृति की गौरव गरिमा को गया है के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में भारतीय संस्कृति की गौरव गाथा को विख्यात करने का कार्य किया है। आज का भारत दुश्मन को उसी भाषा में जवाब देता है, जिस भाषा को दुश्मन समझना चाहता है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक तोषित प्रीत सिंह, दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वर दास ब्रह्मचारी व्यापारी नेता मनोज मिश्रा पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता आदि ने विचार व्यक्त किया। संचालन सोशल मीडिया संयोजक अभिषेक वाजपेई ने किया। इस अवसर पर पूर्व सभासद सुधांशु दत्त द्विवेदी, विमलेश मिश्रा, संजीव गुप्ता, दिनेश कटियार, अश्नील दिवाकर, विकास पाण्डेय, अनिल तिवारी, डॉ. केएम द्विवेदी, जितेंद्र सिंह, हिमांशु गुप्ता, अरविन्द गुप्ता राजू, सुनील गुप्ता, गोपाल राठौर, धर्मेंद्र राजपूत, शिवम मिश्रा, अनूप मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधि

# सपाइयों ने सांसद शिव दयाल चौरसिया को पुण्यतिथि पर किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी विचारक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल चौरसिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। सभी ने शिवदयाल चौरसिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा किये गये समाजवादी आंदोलन को याद किया। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा शिवदयाल चौरसिया स्मृतियां संघर्ष का प्रतीक हैं, उनके संघर्ष और समाजवादी विचारों को राष्ट्रीय पटल पर पहुंचाने के लिए ही नेताजी मुलायम सिंह यादव ने चौरसिया को राज्यसभा सांसद बनाकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजा था। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि हमेशा से सर्व समाज को सम्मान देने की पक्षधर समाजवादी पार्टी रही है और आज भी पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर सर्व समाज के लोग समाहित हैं। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह, सुनीता शाक्य, चंद्रेश राजपूत, मुजाहिद अंसारी, शिव शंकर शर्मा, लक्ष्मी राजपूत, रूबी यादव, गीता यादव, अजय यादव, सीटू, पूजा कठेरिया, वसुधा देवी, गिरधर शर्मा, रजनी देवी, संतोषा यादव आदि मौजूद रहे।

**आज भी पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर सर्व समाज के हैं लोग समाहित**

# दिव्यांग शिविर का डीएम ने किया शुभारम्भ

**212 दिव्यांगों ने कराया रजिस्ट्रेशन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एस.एन. साध ट्रस्ट द्वारा डॉ. रजनी सरीन के संयोजन में आयोजित दिव्यांग शिविर का उदघाटन जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया। निकट एन.ए.के.पी. डिग्री कॉलेज के सामने सेवा केन्द्र पर शिविर में जयपुर फुट नामक संस्था भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति के विशेषज्ञ सुमित, वेद, गनेश, अवधेश, हरीश, ईएनटी के स्पेशलिस्ट डॉ. शिखर सक्सेना तथा उनकी टीम ने परीक्षण कर मरीजों को ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क दवायें तथा कान की मशीन वितरित की। दिव्यांग सेवा शिविर में एस0एन0 साध ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी राकेश साध, चमकेश साध लोगों की सेवा कर रहे है। मधु साध, प्रिया साध, रीतेश साध, राहुल साध, अमर साध, उदयपाल, विजय कुमार, आकाश सिंह कश्यप, शीष मेहरोत्रा, रोहित गर्ग, राहुल कश्यप, नितिन कश्यप, रजत कश्यप, सुजीत श्रीवास्तव, अंकुर पाठक, अमन, नरेश, जगदीश, रोविन, शेखर साध, बाशु ने सहयोग किया। शिविर में टोटल 212 रजिस्ट्रेशन हुये। जिसमें व्हीलचेयर 12, बैशाखी 28, कैलीपर 29, वॉकर 14, वाकिंग स्टिक 26, कृत्रिम पैर 10, कृत्रिम हाथ 6, कॉन की मशीन 65, जूते 28 जोड़ी वितरित किये गये। दिव्यांग उपकरण पाकर खुश हुये।



कार्यक्रम में मौजूद डीएम व डॉ. रजनी सरीन

## टेट परीक्षा अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सर्वेश कुमार त्रिवेदी व जिला महामंत्री देवेश यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने टेट के विरोध में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया गया कि वर्ष 2011 के पूर्व मौलिक पदों पर निर्धारित योग्यता रखने वाले नियुक्त करने का निर्णय दिया है उस पर पुर्नविचार याचिका दाखिल करके वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट योग्यता से मुक्ति दी जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय में जो भी कार्यरत शिक्षक हैं तथा उनके सेवानिवृत्ति में 05 वर्ष से अधिक समय है, उनको टेट परीक्षा 02 वर्ष में उत्तीर्ण करनी होगी, अन्यथा की स्थिति में उनकी सेवायें सुरक्षित नहीं होंगी, का निर्णय दिया गया है। इस सम्बन्ध में उ0प्र0 के शिक्षकों की नियुक्ति में टेट योग्यता 27 जुलाई 2011 से अनिवार्य की गयी है। ऐसे में उन शिक्षकों के ऊपर कोई अन्य योग्यता लागू करना न्यायोचित नहीं है। ऐसे में प्रदेश व देश के लाखों शिक्षक मानसिक रुप से अपने को असहज महसूस कर रहे है। सभी सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के शिक्षकों ने मांग की है कि लाखों शिक्षकों के हितों को देखते हुए टेट योग्यता लागू करने से पहले पुनः विचार किया जाना चाहिए। ऐसे में सभी ने मांग की कि टेट अनिवार्यता को समाप्त किया जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सर्वेश कुमार द्विवेदी, देवेश कुमार यादव, संतोष कुमार, पुरुषोत्तम सिंह वर्मा, मोहित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में विकास मंच ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कटरी विलावलपुर में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में बीमार व्यक्तियों एवं घायल व्यक्तियों एवं अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा द्वारा किया गया। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने विभिन्न बीमारियों की दवाइयां ली।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ. विनय चौहान, डॉ. विमलेश कुमार, डॉ. पंकज राठौर और फार्मासिस्ट ब्रह्मानंद आदि ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और संबंधित बीमारियों की दवाइयां का वितरित की। कई लोगों की ड्रेसिंग इत्यादि भी की गई। स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने पहुंचकर परीक्षण कराया और दवा लेकर फर्रुखाबाद विकास मंच को धन्यवाद दिया। जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि मुसीबत के समय में लोगों की मदद करना मानवता की सच्ची सेवा होती है, क्योंकि मुसीबत के समय जो भी बन सके वह मदद हर उस व्यक्ति को करनी चाहिए, अपने जनपद में भी बाढ़ की स्थिति बहुत भयानक रही है और अब सारे क्षेत्र में लोगों को बीमारियों में जकड़ लिया है अब लगातार स्वास्थ्य शिविर बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में लगाए जाते रहेंगे। सभी लोगों को राहत मिल सके। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष कोमल पांडे ने कहा कि जनपद में आई हुई बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए बजरंग दल का प्रत्येक कार्यकर्ता स्तर पर तैयार है और जो निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। इस मौके पर कृष्ण कुमार शर्मा, नन्हे पंडित, महेश अग्निहोत्री, बाबू सभासद, उमेश जाटव, मोहित खन्ना, सुमित गुप्ता, विष्णु मिश्रा, महाराम सिंह प्रधान, हिमांशु गुप्ता, राजीव वर्मा, डॉ. राधेश्याम राजपूत, राकेश राजपूत आदि मौजूद रहे।



शिविर में मौजूद चिकित्सक एवं मरीज



पुस्तक वितरित करते प्रधानाध्यापक

## सेवा सुरक्षा पखवाड़ा में छात्राओं को वितरित की गई पुस्तकें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा सुरक्षा और स्वच्छता अभियान आगामी गांधी जयंती तक चलाया जाएगा। विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्वच्छता प्रभारी अशोक राजपूत के नेतृत्व में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम पांच स्थान प्राप्त जानवी, अंशी, आशिकी, चांदनी, तान्या को आल इन वन पुस्तक देकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि दो अक्टूबर तक लगातार कार्यक्रम होते रहेंगे। सभी बच्चे इसमें भाग लेकर अधिक से अधिक पुरस्कार पा सकते हैं। इस अवसर पर आशा, उमा, मेमवती, कमलेश राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# समाज के लोग अध्यात्मिक कार्यों व राष्ट्र निर्माण में लें भाग: डॉ. राम बाबू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांडेश्वर नाथ मंदिर में मानस विचार समित द्वारा मानस सम्मेलन में गोस्वामी तुलसीदास के श्री रामचरितमानस ग्रंथ के आधार पर मानव जीवन को सुख मय बनाने के लिए विभिन्न जिलों से आए विद्वानों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मानस सम्मेलन के संयोजक डॉ0 रामबाबू पाठक ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। झांसी से युवा मानस विदुषी कुमारी आस्था शर्मा ने तुलसीदास के मानस की एक चौपाई गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र की चिंता की। व्याख्या करते हुए देव मानव दोनों का कल्याण कैसे हो धर्म की रक्षा के लिए चक्रवर्ती राजा दशरथ के यहां उनके पुत्र राम, लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए मांगने जाते हैं। राजगुरु वशिष्ठ एवं विश्वामित्र राजा दशरथ से उपाय करते हैं, राक्षसों का आतंक समाप्त करके सभी का कल्याण करते हैं, प्रसंग की व्याख्या की।

छत्तीसगढ़ से पीला राम शर्मा ने राजा जनक का धर्म ज्ञान योग की व्याख्या करते हुए कहां प्रभु राम के दर्शन मात्र से वह सब भूल गए, उनके ज्ञान की पराकाष्ठा उनकी भक्ति और आस्था में ब्रह्म उपासना से आनंद की अनुभूति की मनोवैज्ञानिक ढंग से व्याख्या की। सम्मेलन संयोजक डॉ. रामबाबू पाठक ने मानस सम्मेलन में मानस समिति के उद्देश्य सर्वे भवंतु सुखना भारतीय के संस्कृति सामाजिक समरसता नारी शक्ति मातृ शक्ति का सम्मान सम्मेलन के माध्यम से मानस के द्वारा युवाओं में संस्कार का निर्माण करना रामचरितमानस की पठन-पाठन के द्वारा परिवार समाज और राष्ट्र के निर्माण में पाठ को आध्यात्मिक एवं स्वर्णिम भारत बनाने में प्रयोग करना मुख्य उद्देश्य लेकर संकल्प दिया। आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ श्री राम कथा का विश्राम किया गया। इस मौके पर सर्वेश अवस्थी, ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री, सदानंद शुक्ला, संजय गर्ग, अशोक रस्तोगी, सुदेश दुबे, श्वेता दुबे आदि लोग मौजूद रहे। प्रसाद की व्यवस्था अद्भुत पाठक, अभी शुक्ला, आदित्य सक्सेना, सुरजीत पाठक, उत्कर्ष दीक्षित, अलम्या पाठक आदि मौजूद रहे। संचालन पंडित रमेंद्र नाथ एवं पंडित विशेष पाठक ने किया।



आरती में भाग लेती महिलायें

# भाविप सहयोग शाखा ने शिक्षकों का किया सम्मान



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत विकास परिषद सहयोग शाखा के तत्वाधान में गढ़िया बघार स्थित अहिल्याबाई नेत्रहीन विद्यालय में शाखा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन के तहत विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया गया व बच्चों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. वीएन अग्रवाल ने की व संचालन डॉ. आरके गुप्ता ने किया। इस मौके पर वीरेंद्र मिश्रा, डॉ. संतोष पाठक, डॉ. विनोद तिवारी, केके पाठक, राम कुमार वर्मा, अजय शंकर तिवारी, संजय दुबे, आशीष शुक्ला, संजीव वर्मा, राजेश शुक्ला, अनीता पाठक, रीता दुबे, आशा देवी वर्मा, रचना वर्मा, सुनीता पुरवार, डॉ. श्यामा वर्मा, बीना तिवारी, कुमुदिनी तिवारी मौजूद रही।

# सीएमओ की अभद्रता का स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया विरोध

**मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने बैठक कर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा की गई अभद्रता का विरोध किया है। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अधिनस्त अधिकारी, कर्मचारियों से बार-बार गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार किये जाने के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में मांग की गई मुख्य चिकित्साधिकारी ने बीते दिन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पर प्रधानमंत्री के जन्मदिन कार्यक्रम के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा का आयोजन चल रहा था। प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह आये हुए थे। सामुदायिक सेवा केंद्र पर तैनात डॉ. सनी मिश्रा द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को पानी के लिए पूछने पर सीएमओ ने अप्रत्याशित रुप से गाली-गलौज करने लगे। डॉ. सनी द्वारा विरोध जताने पर सीएमओ ने नौकरी खा जाने की धमकी तक दे डाली। डॉ. सनी मिश्रा के आंखों में आंसू आ गये। क्षेत्रीय जनता आदि ने सीएमओ का विरोध किया। विभाग के कई अधिकारी, कर्मचारी महिला पुरुष उनकी अमर्यादित अभद्रता एवं गाली-गलौज पर नाराजगी जताते दिखे। ऐसे में समस्त अधिकारी, कर्मचारी अपमानित अथवा मानसिक उत्पीड़न महसूस कर रहे है। सभी ने एक स्वर में सीएमओ के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। जिससे जनपद में स्वास्थ्य सेवायें निर्बाध रुप से संचालित होती रही और अधिकारी कर्मचारी भयमुक्त होकर कार्य कर सकें।

इस संबंध में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित जिलाधिकारी आदि को ज्ञापन प्रेषित किया गया है। कई एसोसिएशन व संघ के लोगों ने सीएमओ की कार्यशैली पर विरोध जाहिर किया है। इस मौके पर राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री प्रमोद दीक्षित, अम्रता श्रीवास्तव, साबिर, अभिषेक बाजपेयी, विजय शंकर तिवारी, संजय कुमार, वंदना, प्रतिमा आदि बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद कर्मचारी

# मेडिकल कालेज में पोस्टर व वाद विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दसवीं राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेद महाविद्यालय के सभागार में पोस्टर एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें 2023 बैच के ऋतिक व उसकी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान 2022 बैच की प्रियांशी तथा तृतीय स्थान पर 2021 बैच की सृष्टि रही। पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. अरुण कुमार पांडे, डॉ. समर्पिता एवं डॉ. उदय की निगरानी में हुआ। जज की भूमिका डॉ. नीतू श्री, डॉ. शीलू गुप्ता एवं डॉ. निरंजन एस ने निभाई। वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. ज्ञानेंद्र एवं डॉ. कविता शर्मा की निगरानी में किया गया। कुल 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निधि एवं सुमेरा ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पर रिया, श्रेया एवं आदर्श रहे। अनुपम व श्रद्धा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में जज की भूमिका डॉ0 जितेंद्र, डॉ. राजगोपाल एवं डॉ. रतीश ने निभाई। पोस्टर प्रतियोगिता आहार, दिनचर्या एवं ऋतुचर्या विषय पर थी, जबकि वाद-विवाद प्रतियोगिता जीवन शैली से जुड़ी बीमारियां एवं आयुर्वेद विषय पर थी। संचालन राहुल एवं अनिकेत ने किया।



पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी

## आपदा प्रबंधन द्वारा छात्राओं को किया गया जागरुक



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेलवे रोड स्थित स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज में आपदा प्रबंधन टीम द्वारा आपदा से संबंधित जानकारियां दी गई। जिसमें सीपीआर, स्नेक बाइट, चोट लगे व्यक्ति को किस प्रकार ले जाना और पानी में डूबते हुए व्यक्ति को किस प्रकार बचाना सभी आपदाओं से बचने की आदि प्रकार की जानकारी देकर बच्चों को जागरुक किया गया। आनंद कुमार की टीम के द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर सुनील कुमार, राजीव गौड़, सतीश कुमार, सीटी मीनाक्षी व सीमा, प्रधानाचार्य रीता दुबे, अध्यापिका दीपावली कुमार, बबली पाल, नीना कठेरिया, साधना राठौर, सुनीता दुबे, पूनम दुबे, कीर्ति मिश्र आदि मौजूद रहे।

# जमापुर में स्वास्थ्य शिविर लगाकर महिलाओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सैनिक अस्पताल फतेहगढ़ के कमान अधिकारी हृदय रोग विशेषज्ञ कर्नल डॉ. मनीष पाण्डेय के मार्गदर्शन में देशव्यापी सशक्त नारी स्वास्थ्य परिवार अभियान एवं पोषण माह के तहत ग्राम जमापुर में स्वास्थ्य शिविर लगाकर महिलाओं को जागरुक किया गया। जागरुकता कार्यक्रम में कमान अधिकारी ने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा में विभिन्न कार्यक्रम एवं शिविर की योजना है। ग्राम जमापुर में लगभग 250 महिलाओं का परीक्षण कर उन्हें उक्त रक्तचाप, अनिमिया एवं मधुमेह के साथ-साथ वेस्ट कैंसर एवं ग्रीवा कैंसर के बारे में जानकारियां दी गई। सेना के चिकित्सक मेजर सैफाली एवं मेजर पार्थ ने सभी का परीक्षण किया। एवं जानकारी साझा की। जो ग्रामीण शिविर में आने में असमर्थ थे उनके घर जाकर स्वास्थ्य सुविधायें एवं जानकारी प्रदान की गई। ग्रामीणों ने सेल्फी प्वाइंट जाकर अपनी-अपनी सेल्फी ली। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पैम्पलेट्स की जानकारी देते हुए अभियान को घर-घर पहुंचाया गया। इस अवसर पर प्रधान अनूप, सूबेदार के प्रसाद, सूबेदार सुखदेव, प्रियांशु, पायल मिश्रा आदि का सहयोग रहा।



महिलाओं को जानकारी देती चिकित्सक

# स्काउट गाइड की बैठक में कब-बुलबुल शाखा को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत स्काउट गाइड फर्रुखाबाद जिला परिषद की बैठक मुख्य विकास अधिकारी उपाध्यक्ष विनोद कुमार गौड़ की अध्यक्षता में लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरु हुई। मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा एवं समस्त प्रधानाचार्यों ने स्कार्प एवं प्रतीक चिन्हित देकर सीडीओ विनोद कुमार गौड़ व नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल व बीएसए प्रतिनिधि खण्ड शिक्षाधिकारी राजीव श्रीवास्तव एवं जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह और सहायक प्रादेशीय संगठन आयुक्त मयंक शर्मा का स्वागत किया। जिला सचिव डॉ. महेश चन्द्र राजपूत ने सत्र 2024-25 की वार्षिक आख्या, आय व्यय एवं विवरण और 2025-26 की कार्य योजना, प्रस्तावित बजट प्रस्तुत किया। बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में 2024 में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्काउट विग से शिव मोहन शुक्ला, विजय सिंह, पुष्पेन्द्र, गाइड विग से राजुल यादव, शिखा राजपूत, अंशिका वर्मा, कब विग से प्रतीक, राहुल कुमार, बुलबुल विग से गौरी, नीलम, आराध्या मिश्रा को 1500, 1000, 500 रुपये की चेक व प्रमाण पत्र सीडीओ एवं डीआईओएस द्वारा प्रदान किये गये। सहायक प्रादेशीय आयुक्त मयंक शर्मा ने संगठनात्मक परीक्षात्मक कार्य, विग्नर्स कोर्स, 19वीं नेशनल जम्बूरी पर प्रकाश डाला।

**जिला सचिव ने प्रस्तुत की आख्या**

कार्यक्रम संयोजिका प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कनौडिया की बालिकाओं द्वारा कलर पारी से स्वागत किया। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। बैठक में प्रधानाचार्य संतोष त्रिपाठी, डॉ. बृजभूषण सिंह, डॉ. विनीत चौहान, धर्मेन्द्र रघुवंशी, अनिल मिश्रा, राघवेन्द्र मिश्रा, योगेश तिवारी, वेदराम शर्मा, रजिन्द्र कुशवाहा, विनोद यादव, रावेन्द्र यादव, राजेश शास्त्री, प्रमोद गंगवार, रामदास, संतोष कटियार, अजय वीर सिंह, राकेश चन्द्र, रतिराम शंखवार, आशीष सिंह, नवाब सिंह, गेंदालाल, सुनील कुमार, शिव कुमार, शिवम त्रिपाठी, इंदू मिश्रा, डॉ. विश्व मोहिनी पाण्डेय, रचना उमराव, ऐस्तर रोज दयाल, गीता भदौरिया, अमित कुमार, धनंजय सिंह के अलावा पदाधिकारी हिमलेश शाक्य, वीना गौतम, योगेश, राजकुमार, रामविलास, पुष्पेन्द्र शर्मा, इंद्रा राठौर, सीमा, तनवीर सिंह ब्लाक कैप्टन एवं स्काउट मास्टर मौजूद रहे।




बैठक को सम्बोधित करते मुख्यायुक्त

# सपा की पीडीए जनपंचायत में उमड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम

**बाबा साहब ने कहा था मैं रहूं या न रहूं पर संविधान रहेगा : देवी प्रसाद चौधरी**



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

सपा की पी0डी0ए0 जनपंचायत का आयोजन हरिहरपुर बेदौली एवं खजुरी ग्राम पंचायत में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मझवां विधानसभा अध्यक्ष झल्लू यादव ने किया। इस मौके पर सपा कार्यकर्ता व महिलाओं के अलावा आमजनता का हुजूम मौजूद रहा। पी0डी0ए0 जनपंचायत के बतौर मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने जन पंचायत को सम्बोधित करते हुये कहा आज लोकतंत्र की रक्षा और बाबा साहब के बनाए संविधान को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। श्री चौधरी ने कहा बाबा साहेब ने कहा था कि मै रहूं या ना रहूं पर संविधान रहेगा और यह आपलोगो के अधिकारों की हमेशा रक्षा करेगा। भाजपा के लोगों ने अविश्वास पैदा किया है। अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। यह संविधान ही है जो हमारा रक्षक है।

इस अवसर पर राजेश भारती, दामोदर मौर्या, रोहित शुक्ला 'लल्लू', आदर्श यादव, झल्लू यादव, सत्यप्रकाश यादव, प्रिन्स राव, राहुल यादव, पिन्टू भारतीय, जगदीश कश्यप, माला देवी, नीता प्रजापति, कलावती देवी आदि सैकड़ो लोग जन पंचायत में मौजूद रहें।

## सपा ने पुण्यतिथि पर स्वर्गीय बाबू शिवदयाल चौरसिया को दी श्रद्धांजली

**शोषित समाज को न्याय व उनके उत्थान के लिए किये संघर्ष : देवी प्रसाद चौधरी**



समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में समाजवादी विचारों के धनी पूर्व राज्यसभा सांसद स्व0 बाबू शिव दयाल चौरसिया की पुण्यतिथि मनाई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि वे सामाजिक न्याय के बड़े पक्षधर थे। कहा कि पूर्व सांसद आजीवन शोषित समाज को न्याय दिलाने व उनके उत्थान के लिए संघर्ष करते रहे। वह कहते थे कि मैं चौरसिया हूं और जब तक सामाजिक असमानता खत्म करके चौरस नहीं बना दूंगा तब तक चैन से नहीं बैठूंगा। उन्होंने पूरा जीवन दलितों, पिछड़ों को उनका हक दिलाने के लिए समर्पित कर दिया था। वह सुप्रीम कोर्ट के बड़े अधिवक्तओं में से एक थे। समाज के दबे कुचले लोगों को न्याय दिलाने के लिए उन्होंने लोक अदालत का गठन कराया था।

इस मौके पर दामोदर प्रसाद मौर्या, राजेश भारती, आदर्श यादव, झल्लू यादव, मेवालाल प्रजापति, जुम्मन खान, जमाल अहमद, प्रिन्स राव, राहुल यादव, भोलानाथ यादव, रामप्यारे गौड़, शीतला गौड़ सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहें।

## धर्म सभा रामलीला समिति के अध्यक्ष रजनीश मिश्रा मनोनीत

- **अति प्राचीन पारंपरिक रामलीला का गोला सहुवाईन में किया जाएगा मंचन**
- **लीला प्रेमियों की सुविधा का रखा जाएगा पूरा ख्याल**

**अहरौरा (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** अति प्राचीन धर्म सभा की बैठक सोमवार की शाम स्व. जयशंकर प्रसाद के आढ़त पर हुई जिसमें नगर के अति प्राचीन रामलीला के आयोजन पर विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से सार्वजनिक घोषणा में रजनीश मिश्रा को रामलीला समिति का अध्यक्ष निर्विरोध मनोनीत किया गया बैठक के दौरान राजेश जायसवाल को महामंत्री तथा गोपाल सोनकर को उपाध्यक्ष विकास केसरी को मंत्री मनोनीत किया गया कार्य समिति के सदस्यों में सुभाष सोनकर को भी शामिल कर लिया गया पूर्व की भांति संरक्षक शुभेंद्र जायसवाल तथा अशोक जायसवाल यथावत बनें रहेंगे सुजीत कुमार केसरी को व्यवस्थापक बनाया गया है। धर्म सभा रामलीला समिति की कार्य योजना के अनुसार रामलीला का मंचन किया जाएगा जिसकी घोषणा से शीघ्र ही कर दी जाएगी। रामलीला समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजनीश मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति परंपरागत भगवान राम की लीला का मंचन कराने के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी कर ली गई है आस्था वालों की भीड़ तथा रामलीला के कुशल संचालन के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा बैठक में बना ली गई है सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। लीला का मंचन करने के लिए बाहरी कलाकारों की मोहक छवि लीला प्रेमियों में अमिट छाप छोड़ेगी।

## खबरें एक नजर में

### ड्रमंडगंज बाजार में बुधवार को 17 दिवसीय श्रीरामलीला के उद्घाटन के बाद हुआ नारदमोह का मंचन



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमंडगंज बाजार के ऐतिहासिक श्रीरामलीला का बुधवार की रात्रि में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उद्घाटन किया गया। इसी के साथ ही सत्रह दिवसीय श्रीरामलीला का मंचन प्रारंभ हो गया। अध्यक्ष अंजनी सोनी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मुकुट पूजा किया। उसके बाद लक्ष्मीनारायण की सामूहिक आरती की गयी। उद्घाटन समारोह को राज्यसभा सांसद अरुण सिंह के प्रतिनिधि धनंजय पाण्डेय ने संबोधित किया। उद्घाटन समारोह के बाद कलाकारों द्वारा नारदमोह का मंचन किया गया। उक्त अवसर पर श्रीरामलीला समिति ड्रमंडगंज के पदाधिकारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति रही। रात्रि लगभग दो बजे तक नारदमोह का मंचन हुआ। 18 सितंबर गुरुवार को मनु सतरुपा, भानुप्रताप और रावण जन्म का मंचन किया जायेगा। 19 सितंबर शुक्रवार को रामजन्म तथा 20 सितंबर शनिवार को मुनि आगमन, ताड़का बध, मारीच सुबाहु बध का मंचन होगा। 21 सितंबर को अहिल्या उद्धार, फुलवारी, नगर दर्शन, पण्डों की नकल। 22 सितंबर को धनुष यज्ञ, रावण-बाणासुर संवाद, लक्ष्मण क्रोध। 23 सितंबर को परशुराम - लक्ष्मण संवाद तथा श्रीराम सीता का विवाह होगा। 24सितंबर को श्रीराम वनगमन। 25 सितंबर को दशरथ मरण तथा भरत का चित्रकूट में सभा होगा। 26 सितंबर को सूर्पनखा का नाक कान कटेगा एवं सीता हरण का मंचन होगा। 27 सितंबर को शबरी-श्रीराम मिलन, श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता तथा बालि बध का मंचन किया जायेगा। 28 सितंबर को लंकादहन, शंकर पूजा, विभीषण शरणागत। 29 सितंबर को अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति। 30 सितंबर को कुम्भकरण बध, मेघनाद बध। 1 अक्टूबर को सुलोचना सती तथा अहिरावण -नारंतक बध का मंचन किया जायेगा। क्रमानुसार रामलीला का मंचन होगा। 2 अक्टूबर गुरुवार को दशहरा मैदान में रावणवध होगा और विजयदशमी का मेला लगेगा। 3 अक्टूबर शुक्रवार को भरत मिलाप होगा और श्रीराम का राज्याभिषेक किया जाएगा। अध्यक्ष अंजनी सोनी उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार गुप्त, अनिल केशरी, कृष्ण कुमार केशरी, विजय पाल, सुभाष सोनी, पूर्व अध्यक्ष ओंकार केशरी, लवकुश केशरी, देवहट, महोगढ़ी,व गलरा के प्रधान उपस्थित रहे। अध्यक्ष अंजनी सोनी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सत्रह दिवसीय श्रीरामलीला मंचन का लाभ उठाने की अपील की है।

### आठ अपात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के मामले में डीएम ने प्रधान को कारण बताओ नोटिस की जारी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत सोनवल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने का मामला प्रकाश में आया है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने ग्राम प्रधान शिखा भारती को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। बृजेश गुप्ता की शिकायत पर जांच में आठ लाभार्थियों को अपात्र पाए जाने के बाद यह कार्यवाही की गई है। जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से जारी पत्र के अनुसार, सहायक अभियंता (लघु सिंचाई) और सहायक आयुक्त (सहकारिता) की ओर से 14 मई को की गई जांच में पाया गया कि सोनवल में आठ लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 9.60 लाख रुपये (प्रति लाभार्थी 1.20 लाख रुपये) की तीन किश्तें दी गईं। जांच में यह सभी अपात्र पाए गए हैं। जांच आख्या के अनुसार, लाभार्थियों के चयन में मानकों की अनदेखी की गई है। अपात्र लाभार्थियों में प्रेमसागर, गायत्री, नगीना, श्रीराम, रणविजय पाल, सुनीता, मुकुंदमणि और तारा शामिल हैं।

## सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव ने किया कबड्डी प्रतियोगिता शुभारंभ



**जमालपुर (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा मठना राम जानकी मंदिर के प्रांगण में विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र कुमार गुप्ता जी ने फित्ता काटकर उद्घाटन किया। जिसमें उद्घाटन मैच बी.डी. अहरौरा बनाम आई. सी. एम. के बीच हुई।

अध्यक्ष रामनारायण पटेल, उपाध्यक्ष संजय पटेल, कमलेश आशिष गुप्ता, अनुराग चौबे, फिरोज अली, कुलदीप पटेल, शाकाभाई, महेंद्र, सुरेश, जयसिंह, सहित कमेटी के लोग व्यवस्था में लगे रहे।

## राजा शंकर शाह व कुंवर रघुनाथ शाह को किया नमन

**सपा के जिला कार्यालय पर गोड़ समाज ने बैठक कर मनाया बलिदास दिवस**

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

सपा के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट सभागार में गोड़ समाज ने राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदास दिवस मनाया।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इन वीरों में गोंडवाना (गढ़ा कटंगा) साम्राज्य के राजा शंकर शाह और उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह का नाम अमर है। राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफसंघर्ष करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके बलिदान की पुण्य स्मृति में हर वर्ष 18 सितंबर को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

राजा शंकर शाह जबलपुर, मध्यप्रदेश के गोंड राजवंश के शासक थे। उनका जन्म गोंडवाना के वीर योद्धा परिवार में हुआ था। राजा शंकर शाह का शासन क्षेत्र वर्तमान मध्यप्रदेश के जबलपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों तक फैला हुआ था। वह न केवल एक बहादुर राजा थे बल्कि अपने राज्य और प्रजा की स्वतंत्रता के प्रति बेहद संवेदनशील भी थे। उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह भी अपने पिता की तरह वीर और स्वराज प्रेमी थे।

राजा शंकर शाह ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की योजना बनाई थी। उनका मानना था कि अंग्रेज भारतीयों के स्वाभिमान और समृद्ध संस्कृति को नष्ट करने पर तुले हैं। उन्होंने अपने पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह के साथ मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंका। सन् 1857 के विद्रोह के दौरान जब पूरे देश में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की लहर चल रही थी, उसी समय राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ने भी अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष की योजना बनाई।

राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह को अंग्रेजी सरकार ने 14 सितंबर 1858 को गिरफ्तार कर लिया। उन पर अंग्रेजों के खिलाफ षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया गया। चार दिनों तक उन्हें कई प्रकार की यातनाएं दी गई और आखिरकार 18 सितंबर 1858 को जबलपुर की कोतवाली के सामने सार्वजनिक रूप से दोनों वीरों को तोप के मुँह से बांधकर उड़ा दिया गया। इस प्रकार दोनों ही वीर देश के नाम शहीद हो गये। राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान न केवल गोंडवाना के इतिहास में बल्कि पूरे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अद्वितीय स्थान रखता है। उनका संघर्ष और बलिदान हमें यह सिखाता है कि मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए प्रोणोत्सर्ग भी कुछ नहीं है। उनका यह त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत बना रहेगा।

दोनों वीर रणबांकुरों राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर हर साल 18 सितंबर को मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। उनके योगदान को याद कर हम यह संकल्प लेते हैं कि देश की स्वतंत्रता, अखंडता और समरसता बनाए रखने के लिए हमें भी उनके दिखाये मार्ग पर चलना होगा। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, रामप्यारे गोंड़, धीरज गोंड़, मेवालाल प्रजापति, विरेन्द्र गोंड़, नीरज गोंड़, विकास गोंड़, शीला गोंड़ सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहें।

## 12 साल से नहीं बनी सड़क, बरसात में सड़कें गड्ढों में तब्दील

**जनप्रतिनिधियों के वादे खोखले साबित**



**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड राजगढ़ क्षेत्र के बिसुनपुरा गांव की सड़क पूरी तरह से गढ्ढा में तब्दील हो गई है आने जाने के लिए कोई रास्ता नहीं बचा है। ग्रामीणों के अलावा स्कूली बच्चे भी इन्हीं गंदे पानी से होकर जाना पड़ रहा है। गड्ढा युक्त सड़क इस गांव के लिए अभिशाप बनती जा रही है 12 साल बीत गए लेकिन किसी भी जन प्रतिनिधि ने इस गांव की सुध नहीं ली।

कई बार ग्रामीणों ने जन प्रतिनिधियों के यहां शिकायत की लेकिन आश्वासन खोखला साबित होता जा रहा है। बिसुनपुरा के ग्रामीण राजबहादुर सिंह, गोविंद सिंह, गोलू सिंह, वंश नारायण सिंह, प्रवीण सिंह सुनील सिंह ने बताया कि 12 साल से सड़क न बनने से बरसात के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीणों के अलावा स्कूली बच्चों को हो रही है। स्कूली बच्चे पढ़े या गड्ढा में गिरकर घायल हो। सड़के पूरी तरह से गढ्ढा में तब्दील हो गई है। इस गांव से होकर लोग सोनभद्र के लिए रवाना होते हैं।करकोली, सरगा, कर्मा, संपर्क मार्ग जहां पर स्कूली बस दूध की गाड़िया और निजी व्यापारियों की गाड़ियां ग्रामीण इलाकों में जाकर अन्य कार्य को कर रही है।

पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की इस सड़क पर कोई नजर नहीं पड़ रही है। यह गांव मिर्जापुर सोनभद्र स्टेट हाईवे से सटा हुआ है। यह मिर्जापुर जिले का अंतिम गांव है। और यह सोनभद्र बॉर्डर के पास पड़ता है। जिला मुख्यालय से इसकी दूरी लगभग 60 किलोमीटर के आसपास है। इस गांव की सड़क क्षतिग्रस्त होती जा रही है। लेकिन बनने का नाम नहीं ले रहा है।मीरजापुर जिले के मंत्री विधायक सांसद जनप्रतिनिधि के ध्यान न देने से यह गांव मुख्यालय से कटता जा रहा है। यहां पर लोग जाना पसंद नहीं कर रहे हैं। क्योंकि सड़के क्षतिग्रस्त होने से जगह-जगह पानी जमा होने से आवागमन बाधित होता जा रहा है। ग्रामीण अखिलेश्वर, विजय बहादुर, गोपाल सिंह, विजय सिंह, अरुण सिंह, राम निरंजन ने बताया कि जब भी चुनाव आता है। जनप्रतिनिधि गांव में आकर गड्ढा मुक्त सड़क की बात करते हैं।चुनाव जीतने पर यह दिखाई नहीं देते हैं। 12 साल बीत गए लेकिन अभी तक यह सड़क नहीं बन पाई। जिससे सड़क का अस्तित्व ही खत्म हो गया है। सड़क गढ्ढा में पूरी तरह से तब्दील हो चुकी है। सड़क में गड्ढा या गड्ढे में सड़क अब आने वाली पीढ़ियों को सरकार की मंशा मालूम चले गड्ढा मुक्त सके केवल दिखावा साबित हो रही है। आए दिन यह स्लोगन पढ़ने को मिलता है सरकार का संकल्प सड़कों का हो कायाकल्प। बिसुनपुरा गांव के लिए खोखला साबित हो रहा है। इस संबंध में जब पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह से बात हुई तो उन्होंने कहा कि बरसात खत्म होने के बाद सड़क का निर्माण कराया जाएगा।



### टूलकिट व चेक पाकर खिले लाभार्थियों के चेहरे

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** भगवान विश्वकर्मा के जयंती के अवसर पर कलक्ट्रेट सभागार में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को टूलकिट व चेक का वितरण किया गया। डीएम महराजगंज संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा भगवान का समाज का देश की तरक्की में अहम योगदान रहा है। इस मौके पर लखनऊ के मुख्यमंत्री के सीधा प्रसारण को भी दिखाया गया। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से कलक्ट्रेट सभागार में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर टूलकिट व चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी ने बताया कि स्वरोजगार योनजा के अन्तर्गत ओडीओपी स्वरोजगार प्रशिक्षण के 440 लाभार्थियों का चयन किया है। कार्यक्रम में 180 लाभार्थियों को टूलकिट दिया गया। इसमें पांच महिला लाभार्थियों को टूल किट व चार लाभार्थियों को लाइब्रेरी के लिए मेमो चेक दिया गया। आयोजित कार्यक्रम में विधायक सदर जयमंगल कन्नौजिया, विधायक पनियरा ज्ञानेंद्र सिंह ने विभिन्न लोगों में चेक वितरित किया।लाइब्रेरी के लिए सविता श्रीवास्तव को दस लाख रूपये का, मेन्स सैलून के लिए सोनू शर्मा को एक लाख का, सुभाष को लकड़ी फर्नीचर के लिए पांच लाख का, सिलाई कढ़ाई के लिए सरस्वती को दो लाख का डेमो चेक दिया गया। इस दौरान सीडीओ अनुराज जैन, ब्लाक प्रमुख परतावल आनंद सिंह वर्मा, पीडी रामदरश चौधरी, व जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी ने सीएम से की मुलाकात

**विकास से जुड़े सात अहम सवाल रखा**



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

नौतनवा विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर विधायक ऋषि त्रिपाठी ने बीते मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। मुलाकात के दौरान उन्होंने क्षेत्र की बड़ी परियोजनाओं और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए तत्काल कार्यवाही की मांग की।

0-पर्यटन को मिले नई पहचान--

विधायक ने सबसे पहले लक्ष्मीपुर डिपो स्थित ट्रामवे परियोजना का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इसे पुनः टॉय ट्रेन के रूप में शुरू किया जाए और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा और क्षेत्र को पर्यटन की नई पहचान हासिल होगी।

**पुल और सड़क की आवश्यकता बताई:-** उन्होंने मुख्यमंत्री से लक्ष्मीपुर ब्लॉक के भगवानपुर व रजापुर के बीच झलुआ घाट पुल का निर्माण कराने की मांग रखी। विधायक का कहना था कि इस पुल के अभाव में हजारों ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है।

इसी क्रम में उन्होंने कोल्हुआ ढाले से मोहनापुर और सूरपर कोठी तक वन विभाग के क्षतिग्रस्त मार्ग को सीसी रोड में बदलने का भी प्रस्ताव रखा।

**बाढ़ समस्या पर गंभीर चर्चा:-** विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि हर साल नेपाल से छोड़े गए पानी के कारण महाव नाला और बघेला नाला के किनारे बसे गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराता है। उन्होंने इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की।

मुलाकात में उन्होंने नौतनवा नगर स्थित माँ बनैलिया रोहिन बैराज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, डांडा नहर के जीर्णोद्धार और लक्ष्मीपुर से मिश्रौलिया तक नहर पटरी के नवीनीकरण की मांग भी की।

## अट्ठारह दिन बाद कुवैत से आया युवक का शव, घर में मचा कोहराम

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड मिठौरा स्थित ग्राम पंचायत गौनारिया राजा टोला पोखरहवा में एक प्रवासी मजदूर रामभजन यादव का शव 18 दिन बाद कुवैत से उनके पैतृक गांव पहुंचा। शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम छा गया। शकुन्तला नहीं जानती थी कि आखिरी बात आखिरी बन के रह जायेगा।रामभजन यादव लगभग पांच माह पहले तीसरी बार रोजी-रोटी की तलाश में कुवैत गया था, जहां पर वह खेती-बारी का काम करते थे।

उनकी पत्नी शकुंतला यादव ने बताया कि आखिरी बार 28 अगस्त की सुबह मोबाइल पर उनसे बात हुई थी। उसी शाम उन्होंने सिर दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद उनका संपर्क टूट गया। 30 अगस्त को उनके एक साथी ने फोन पर अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत की सूचना दी। लंबी कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बाद, आखिरकार 17 सितंबर को रामभजन का शव गांव पहुंचा। शव देखते ही परिजन उससे लिपटकर फूट-फूटकर रोने लगे, जिससे वहां मौजूद ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। मृतक रामभजन की तीन बेटियां रागिनी (10), महिमा (7) और अंशिका (2) जो पिता की मौत से बेसुध हैं। रागिनी ने रोते हुए बताया कि उनके पिता ने जल्दी लौटने और ढेर सारे खिलौने लाने का वादा किया था। गांव के लोगों के अनुसार, परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। रामभजन के निधन के बाद अब परिजनों के सामने आगे के जीवन की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

## हथियार के बल पर चोरों ने महिला को बंधक बना लूटा लाखों रुपए के जेवरात व नकदी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



बृजमनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर टोला मोहनजोद में बीती रात एक सनसनीखेज का मामला प्रकाश में आया है। जब चोरों ने हथियार के बल पर एक महिला को बंधक बना लिया और लाखों रुपये मूल्य के जेवरात और 45,000 रुपये नगद लूटकर फरार हो गए।

यह घटना रात के करीब 1 बजे की है, जब महिला रीता चौरसिया और उनके परिवार के लोग घर में सो रहे थे। पीड़िता रीता चौरसिया ने बताया कि चोरों ने पहले घर का ताला तोड़ा और अंदर घुसने की कोशिश की। आवाज सुनकर जैसे ही वह जागी, चार नकाबपोश चोरों ने उनके ऊपर चाकू तान दिया और धमकी दी कि अगर उन्होंने शोर मचाया तो उन्हें जान से मार देंगे। डर के मारे रीता चुप रहीं और चोरों ने घर की तलाशी ली। उन्होंने घर से लाखों रुपये के जेवरात और 45,000 रुपये नगद चुराए और फरार हो गए। घटना के बाद रीता ने तुरंत 112 नंबर पर फोन करके पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन जांच के नाम पर सिर्फ औपचारिकता ही पूरी की। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ बुनियादी जानकारी एकत्र की, लेकिन ठोस कार्रवाई के बिना लौट गई। इस पर गांव के लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी और अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, लेकिन पुलिस हमेशा खानापूर्ति करके लौट जाती है। यही नहीं, कई बार शिकायतों के बावजूद अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे उनके हौसले बढ़ रहे हैं। अब ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो अपराधियों के हौसले और बढ़ेंगे और इस प्रकार की घटनाएं आम हो सकती हैं।

**पुलिस की कार्यप्रणाली से ग्रामीणों में आक्रोश**

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को सिर्फ रिपोर्ट दर्ज करने और औपचारिक जांच तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें असली अपराधियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि इस तरह के अपराधों पर काबू पाया जा सके। गांववासियों ने प्रशासन से यह भी मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ा जाए और पीड़िता को न्याय दिलाया जाए।

## सहकारी प्रतीकात्मक क्रय विक्रय समिति पर सचिव ने वितरित कराया यूरिया खाद

क्षेत्र के हलिया बाजार स्थित सहकारी प्रतीकात्मक क्रय विक्रय समिति पंजरा में गुरुवार को यूरिया खाद के लिए किसानों का हुजूम उमड़ पड़ा। किसान खाद के लिए कतार में लग गए किसानों के भीड़ को देखते हुए ग्राम पंचायत हलिया के सचिव कौशलेन्द्र राय ने समिति पर पहुंचकर किसानों को जमा टोकन के हिसाब से यूरिया खाद का वितरण कराया है। किसानों की भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस के कर्मी हेड कांस्टेबल संतोष यादव व जगदीश यादव समिति पर पहुंचकर किसानों को कतार में लगवाया है जिससे किसानों को नियमानुसार यूरिया खाद का वितरण हो सके। वर्तमान समय में समिति पर 950 मैट्रिक टन यूरिया खाद का स्टॉक उपलब्ध है। खाद के लिए कुल 495 किसानों ने कागजात जमाकर टोकन प्राप्त किया है। पूर्व में जो टोकन जारी किये गए थे उन किसानों को समिति से खाद का वितरण किया जा चुका है। टोकन के क्रम से यूरिया खाद का वितरण किया जा रहा है। इसी प्रकार साधन सहकारी समिति भटवारी दिघिया पर भी किसान यूरिया खाद के लिए कतार में लगे हुए है। समिति के सचिव रमाकांत मौर्य द्वारा किसानों को टोकन से नियमानुसार यूरिया खाद का वितरण पुलिस के देखरेख में किया जा रहा है। साधन सहकारी समिति सिकटा महुगढ़ पर भी यूरिया खाद के लिए किसानों कि अत्यधिक भीड पहुंच जाने कि सूचना पर एसआई श्याम लाल व हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा समिति पर पहुंचकर किसानों को यूरिया खाद का वितरण कराया जा रहा है। इस संबंध में ग्राम पंचायत हलिया के सचिव कौशलेन्द्र राय ने बताया की सहकारी प्रतीकात्मक क्रय विक्रय समिति पंजरा हलिया पर किसानों को यूरिया खाद का वितरण टोकन से कराया गया है। समिति पर कुल 950 मैट्रिक टन यूरिया खाद का स्टॉक उपलब्ध है। खाद के लिए कुल 495 किसानों ने कागजात जमाकर टोकन प्राप्त कर लिया है। टोकन के क्रम से नियमानुसार यूरिया खाद का वितरण कराया जा रहा है।



## क्रिकेट प्रतियोगिता में एमजीआईसी की टीम विजयी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित जनपद स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में 19 वर्ष बालक वर्ग में सिसवा, 17 वर्ष बालक वर्ग में महराजगंज व बालिका 19 वर्ष वर्ग में चौक बाजार की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। 19 वर्ष बालक वर्ग में महात्मा गांधी इंटर कॉलेज की टीम ने हाजी अजहर अली खान इंटर कॉलेज उस्का, पनियरा को पराजित किया। जबकि 17 वर्ष बालक वर्ग में महराजगंज ने विजयी हासिल की। 19 वर्ष बालिका वर्ग में दिग्विजय नाथ इंटर कॉलेज की टीम ने जीत दर्ज की। प्रधानाचार्य मृगेंद्र प्रताप सिंह व विभिन्न विद्यालयों से आए शारीरिक शिक्षकों ने विजेता टीमों को प्रमाणपत्र व पदक देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान शिव कुमार सिंह कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य कुसुम सिंह, शारीरिक शिक्षक अरविंद राय, प्रमोद सिंह, बीरन प्रसाद, जलालुद्दीन, सविता सिंह, मोनू रावत, नियाज खान सहित अन्य उपस्थित रहे।